শৰ্মা হাৰ্ডওৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 09 | अंक : 156 | गुवाहाटी | मंगलवार, 27 दिसंबर, 2022 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

चार सौ बीघा सरकारी भूमि पर चला बुलडोजर — पेज 3
भारत ने फिलीपींस नेवी को शुरू की सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल की आपूर्ति — पेज 4
'वीर बाल दिवस' हमें सिख गुरुओं के बलिदान को याद दिलाता है : योगी... — पेज 5
आरएलपी का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, पुतला दहन — पेज 8

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

सुप्रभात


*योग्य सहायकों के बिना निर्णय करना बड़ा कठिन होता है।*
– आचार्य चाणक्य

## सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में नौकरशाही अहम : सीडीएस




**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय सैन्य बलों के प्रमुख (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने आज सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए संपूर्ण राष्ट्र के दृष्टिकोण को अपनाने में सेना और नौकरशाही की भूमिका को अहम बताया है। सीडीएस ने राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति *संपूर्ण सरकार* दृष्टिकोण के हिस्से के रूप में सशस्त्र बलों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने उच्च रक्षा तैयारियों के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ लिए जाने पर भी जोर दिया। स्वतंत्र थिंक टैंक सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज, नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में *सिविल-मिलिट्री इंटीग्रेशन : द वे फॉरवर्ड* विषय पर दो दिवसीय सेमिनार आयोजित कर रहा है। इसका उद्देश्य नागरिक-सैन्य संबंधों की वर्तमान स्थिति का विश्लेषण करना और दो स्तंभों के बीच कामकाज और परिणामों में अधिक तालमेल हासिल करने के उपायों की सिफारिश करना है। संगोष्ठी की शुरुआत आज सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए संपूर्ण राष्ट्र के दृष्टिकोण को अपनाने में सेना और नौकरशाही की भूमिका पर चर्चा के साथ हुई। संगोष्ठी की शुरुआत करते हुए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति *संपूर्ण सरकार* -शेष पृष्ठ दो पर

## गिरजाघरों के गिनती मामले की जांच हो : सीएम



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने राज्य पुलिस के उस निर्देश से दूरी बना ली है, जिसमें जिलों को गिरजाघरों का सर्वेक्षण करने के लिए कहा गया था। उन्होंने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को इस तरह का पत्र जारी करने के कारणों की जांच करने और तुरंत सुधारात्मक उपाय करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, गिरजाघर जैसे धार्मिक संस्थानों का सर्वेक्षण करने की असम सरकार की कोई मंशा नहीं है। मुख्यमंत्री असम पुलिस की विशेष शाखा द्वारा जिला प्रशासन को लिखे गए उस पत्र पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें गिरजाघरों की संख्या, धर्मांतरण और जबरन धर्मांतरण में शामिल लोगों (यदि कोई हो तो) उनके बारे में जानकारी मांगी गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे लगता है कि हमें इस तरह की जानकारी नहीं मांगनी चाहिए कि असम में कितने गिरजाघर हैं। इससे किसी विशेष धार्मिक समुदाय की भावना आहत हो सकती है। हमें इस तरह की चीजों से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं इस पत्र से पूरी तरह से किनारा करता हूं क्योंकि किसी भी सरकारी मंच पर इस बारे में कभी चर्चा नहीं हुई। पत्र पूरी तरह से अनुचित है और असम के नागरिक के रूप में, हम सभी समुदायों के साथ शांति और सद्भाव से रहना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने डीजीपी को जांच करने और सुधारात्मक उपाय करने को कहा है क्योंकि सरकार किसी भी समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाना चाहती है।

## सीतारमण एम्स में भर्ती

**नई दिल्ली (हि.स)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां प्राइवेट वार्ड में उनका इलाज चल रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि वित्त मंत्री को नियमित जांच के लिए एम्स में भर्ती कराया गया है। 63 वर्षीय निर्मला सीतारमण को दोपहर करीब 12 बजे एम्स अस्पताल में ले जाया गया। हालांकि, उन्हें क्या परेशानी है, इस बारे में अभी स्पष्ट जानकारी नहीं है। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री सीतारमण ने कल ही पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी जयंती पर राजधानी दिल्ली में *सदैव अटल* में पुष्पांजलि अर्पित किया। इससे एक दिन पहले तमिलनाडु के एक विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। इस अवसर पर वित्त मंत्री ने कहा कि भारत को दुनिया की फार्मेसी के रूप में मान्यता प्राप्त है, क्योंकि देश सस्ती कीमत पर वैश्विक स्तर की दवा का उत्पादन करता है।

## तीन सौ करोड़ की ड्रग्स से लदी पाकिस्तानी नाव से गोला-बारूद बरामद




**अहमदाबाद।** भारतीय तटरक्षक दल ने गुजरात एटीएस के खुफिया इनपुट के आधार पर अरब सागर में बड़ी कार्रवाई की है। भारतीय तट रक्षक (आईसीजी) ने इस कार्रवाई के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एटीएस गुजरात द्वारा दी गई खुफिया जानकारी के आधार पर अरब सागर में भारतीय सामुद्रिक क्षेत्र में एक पाकिस्तानी नाव को पकड़ा गया है। इस नाव में 10 चालक दल के सदस्यों के साथ ही बड़ी मात्रा में हथियार- गोला-बारूद के साथ ही 40 किलोग्राम ड्रग्स -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### जेलेंस्की की पीएम मोदी से कई मुद्दों पर चर्चा

**नई दिल्ली।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्दोमीर जेलेंस्की ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की। इस दौरान जेलेंस्की ने भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलने पर पीएम मोदी को बधाई दी। इसके साथ ही यूक्रेन को सहायता देने पर पीएम का धन्यवाद किया। जेलेंस्की ने यूएन में यूक्रेन का समर्थन करन पर धन्यवाद कहा है। जेलेंस्की ने ट्वीट कर कहा कि मैंने पीएम मोदी के साथ एक फोन किया था और एक सफल जी-20 अध्यक्षता की शुभकामनाएं दी। इसी मंच पर मैंने शांति सूत्र की घोषणा की थी और अब मैं इसके कार्यान्वयन में भारत की भागीदारी पर भरोसा करता हूं। -शेष पृष्ठ दो पर


### पीएम वंदे भारत ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी

**हावड़ा (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का सफर 30 दिसंबर से शुरू होगा, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। सोमवार को सुबह हावड़ा से न्यू जलपाईगुड़ी के लिए ट्रेन का ट्रायल रन पूरा कर लिया गया। यह ट्रेन हावड़ा से चलकर 8 घंटे में न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन पहुंचेगी। रेलवे सूत्रों के मुताबिक रविवार को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चेन्नई से हावड़ा पहुंची। ट्रेन को लिलुआ सॉर्टिंग यार्ड में रखा गया था। ट्रेन का ट्रायल -शेष पृष्ठ दो पर

### त्रिपुरा, नगालैंड मेघालय चुनाव के पर्यवेक्षक होंगे वासनिक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मुकुल वासनिक को त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए सोमवार को वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने वासनिक के नाम को मंजूरी दी। इसके साथ ही मेघालय विधानसभा चुनाव के लिए सांसद बेनी बेहनन और पूर्व सांसद जेडी सीलम को पर्यवेक्षक बनाया गया है। नगालैंड विधानसभा चुनाव के लिए सांसद फ्रांसिस्को -शेष पृष्ठ दो पर

## त्रिपुरा चुनाव : शाह और नड्डा जनवरी के प्रथम सप्ताह में पहुंचेंगे



**अगरतला (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने त्रिपुरा में 23वें विधानसभा चुनाव के लिए बिगुल बजा दिया है। इस बार रथ यात्रा के प्रारंभ और समापन में शामिल होने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पहुंच रहे हैं। दोनों राष्ट्रीय नेताओं का 5 और 12 जनवरी को त्रिपुरा आने की संभावना है। हालांकि, प्रदेश भाजपा कमेटी की ओर से इस बारे में कुछ भी पुष्टि नहीं की गई है। लेकिन, राष्ट्रीय नेताओं के दौरे को लेकर अभी से -शेष पृष्ठ दो पर

## गुजरात : कॉमर्स डिपार्टमेंट में छात्रों ने पढ़ी नमाज तो विहिप ने हनुमान चालीसा

**वडोदरा।** वडोदरा की एमएस यूनिवर्सिटी में नमाज पढ़ने के वीडियो ने विवाद खड़ा कर दिया है। कॉमर्स डिपार्टमेंट में परीक्षा देने आए दो छात्रों ने सोमवार को कैंपस में नमाज अदा की, जिस पर हंगामा हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के कार्यकर्ताओं ने कैंपस में रामधुन और हनुमान चालीसा का पाठ किया। मामला तूल पकड़ने के बाद यूनिवर्सिटी के विजिलेंस अमले के साथ पुलिस की टीम भी



मौके पर पहुंची। जांच में पता चला है कि नमाज पढ़ने का यह वीडियो फैकल्टी ऑफ कॉमर्स की जनरल एजुकेशन बिल्डिंग के पिछले हिस्से का है। यहां एग्जाम से पहले दो स्टूडेंट्स ने नमाज पढ़ी थी। एमएस यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता लकुलिश त्रिवेदी ने बताया कि अभी कॉमर्स फैकल्टी में बीकॉम के मिड सेमेस्टर एग्जाम चल रहे हैं। यूनिवर्सिटी छात्रों की काउंसलिंग करेगी और उन्हें समझाएगी कि -शेष पृष्ठ दो पर

## 1947 से अब तक मिले सरकारी तोहफों की जानकारी दे : हाईकोर्ट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को एक आदेश जारी किया है। इस आदेश में सरकार को कहा है कि वो उन सभी तोहफों की जानकारी दे जो पाकिस्तान के बनने से लेकर अब तक के सभी प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को मिले हैं। कोर्ट ने एक महीने के भीतर रिपोर्ट पेश करने को कहा है। खबरों के मुताबिक अबूजार सलमान निआजी नाम के एक व्यक्ति ने कोर्ट में याचिका दायर की थी। जिसमें याचिकाकर्ता के वकील ने कहा था कि सरकार के कैबिनेट डिविजन ने ये जानकारी देने से मना कर दिया है। अबूजार सलमान निआजी ने कोर्ट में बताया कि सरकार के कहा है कि तोहफों की जानकारी गोपनीय है इसलिए इसे सार्वजनिक नहीं किया जा सकता है। याचिकाकर्ता के मुताबिक पाकिस्तान इंफॉर्मेशन कमिशन ने 29 जून को प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को मिले तोहफों की जानकारी देने को कह दिया था। उसके 5 महीने गुजर जाने के बाद भी उन आदेशों का पालन नहीं किया गया। कोर्ट ने पाकिस्तान के डिप्टी एटॉर्नी जनरल सैयद अहसान रजा को आदेश दिए कि अगर यह जानकारी सरकार के पास मौजूद है तो उसे सार्वजनिक किया जाए। इस पर रजा ने कहा कि सरकार के पास 1990 तक के ही रिकॉर्ड्स हैं। -शेष पृष्ठ दो पर

## कर्नाटक में मास्क अनिवार्य, न पहनने पर होटलों में भी एंट्री नहीं



**बेंगलुरु।** कुछ देशों में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर, कर्नाटक सरकार ने सोमवार को कहा कि नए साल के जश्न के दौरान मास्क पहनना अनिवार्य होगा। स्वास्थ्य मंत्री के. सुधाकर ने कहा कि नए साल का जश्न देर रात एक बजे तक ही चलना चाहिए। मंत्री ने कहा कि टीकाकरण के संबंध में सरकार इस बात पर जोर दे रही है कि लोगों को बूस्टर खुराक लेनी चाहिए। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों, अन्य बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों, गर्भवती महिलाओं और बच्चों से भीड़-भाड़ वाली जगहों से बचने की अपील की। सुधाकर ने कहा कि बंद जगहों, वातानुकूलित कमरों और जश्न वाली बाहरी जगह जहां भीड़-भाड़ हो, वहां पर मास्क अनिवार्य होगा। जिन स्थानों पर समारोह हो रहे हैं, वहां अनुमति से अधिक लोग नहीं होने चाहिए। सुधाकर राजस्व -शेष पृष्ठ दो पर

## सुशांत सिंह राजपूत की हुई थी हत्या!

**मुंबई।** सुशांत सिंह राजपूत मामले में सोमवार को नाटकीय मोड़ आ गया। सुशांत सिंह की बॉडी का पोस्टमार्टम करने वाले शख्स ने दावा किया है कि उन्होंने आत्महत्या नहीं की थी। सुशांत का पोस्टमॉर्टम करने वाले रूपकुमार शाह ने भी यही दावा किया था और कहा था कि अभिनेता के शरीर और गर्दन पर कई निशान थे। शाह ने दावा किया कि जब मैंने सुशांत का शव देखा, तो मैंने तुरंत अपने सीनियर्स से कहा कि यह सुसाइड नहीं है। बल्कि मर्डर है। हालांकि, मेरे सीनियर्स ने तुरंत फोटो लेने और शव देने को कहा। -शेष पृष्ठ दो पर

## अमेरिकी दूतावास ने अपने नागरिकों को पाक जाने से रोका




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान स्थित अमेरिकी दूतावास ने यहां देश की राजधानी में स्थित मैरिएट होटल में अमेरिकी नागरिकों पर आतंकवादी हमले की आशंका को लेकर सतर्क किया है और अमेरिकी कर्मचारियों के इस पांच सितारा होटल में जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस्लामाबाद में हाल में एक आत्मघाती हमले में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई थी। अमेरिकी दूतावास ने इस घटना के दो दिन बाद रविवार को यह चेतावनी जारी की है। बयान में कहा गया है कि अमेरिकी सरकार को सूचना से -शेष पृष्ठ दो पर

## पीएम प्रचंड पर भारत और चीन से रिश्तों को लेकर रहेगी नजर

**काठमांडू।** नेपाल के नए प्रधानमंत्री के रूप में पुष्प कमल दहल प्रचंड ने सोमवार को शपथ ग्रहण किया। उनके नेतृत्व में नई सरकार अपने निकटतम पड़ोसियों चीन और भारत के साथ संबंधों को संतुलित करने की कोशिश करेगी, क्योंकि वह दुनिया के सबसे गरीब देशों में शुमार नेपाल में आर्थिक विकास चाहती है। पुष्प कमल दहल अपने पिछले गठबंधन को छोड़ने और विपक्षी कम्युनिस्ट यूनिफाइड मार्किसस्ट-लेनिनिस्ट (यूएमएल) पार्टी और पांच अन्य छोटे दलों का समर्थन हासिल करने के बाद रविवार को अप्रत्याशित -शेष पृष्ठ दो पर



## जाम छलकाते तीन युवकों पर बाघ का हमला, एक की मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड के जिम कॉर्बेट पार्क में बाघ ने तीन युवकों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में एक की मौत हो गई। दो युवक बाघ के डर से भागने में कामयाब रहे। वन विभाग ने बाघ के हमले से बचे दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। बाघ के हमले में मारे गए युवक का भी शव बरामद कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि जिन तीन युवकों पर बाघ ने हमला किया, वे जंगल के अंदर शराब पी रहे थे। बाघों के लगातार बढ़ते हमलों को देखते हुए वन विभाग ने वहां (जंगल) पहले ही धारा 144 लगाई हुई है। बीती शाम (रविवार) रामनगर के पानोद नाले के पास बाघ ने तीन युवकों पर जानलेवा हमला कर दिया था। जानकारी के अनुसार दो युवक जान बचाकर भागने में सफल रहे, लेकिन उनका एक साथी फंस गया। बाघ उसे अपने जबड़ों से खींचकर जंगल के अंदर ले गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार घटना की जानकारी मिलते -शेष पृष्ठ दो पर



**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

### सलमान खुर्शीद ने राहुल की तुलना भगवान राम से की,कहा-

# जहां वे नहीं पहुंचते, हम खंड़ाऊ लेकर जाते हैं



**अमरोहा।** अमरोहा के गजरौला में कांग्रेस नेता पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद व प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि कांग्रेस पर देश के बंटवारे का आरोप वह पार्टी लगा रही है, जिसके किसी भी नेता ने देश की आजादी के लिए एक डंडा तक नहीं खाया। हमको हर हाल में आजादी चाहिए थी, इसलिए दुखी मन से विभाजन का निर्णय स्वीकार करना पड़ा। कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने भारत जोड़ो यात्रा कर रहे सांसद राहुल गांधी की तुलना भगवान राम से की। उन्होंने कहा कि भगवान राम की खड़ाऊ बहुत दूर तक जाती हैं। कभी-कभी जब कहीं नहीं पहुंच पाते हैं तो भरत उनकी खड़ाऊ लेकर उन स्थानों पर जाते हैं। इसी तरह उनके खड़ाऊ लेकर हम यूपी में आए हैं। अब वह खड़ाऊ यूपी में आ गए हैं तो राम जी (राहुल गांधी) भी आएंगे। उन्होंने आगे कहा कि राहुल गांधी महामानव हैं। जहां सर्दी में हम लोग जमे जा रहे हैं और जैकेट पहन रहे हैं, वहीं वह टी-शर्ट पहनकर (भारत जोड़ो यात्रा में) चल रहे हैं। वह एक योगी की तरह ध्यान लगाकर तपस्या कर रहे हैं। पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद और प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी सोमवार को गजरौला पहुंचे। उन्होंने हसनपुर मार्ग पर एक मैरिज हाल में प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि कांग्रेस पर देश के बंटवारा करने का आरोप वह पार्टी लगा रही है, जिसके किसी नेता ने अंग्रेजों से लड़ने और देश को आजाद कराने के लिए एक डंडा तक नहीं खाया। और तो और 25 साल तक देश के राष्ट्रीय ध्वज को फहराने से परहेज किया। हमको देश के विभाजन का दुख है, लेकिन किसी भी हालत में आजादी चाहिए थी। इसलिए मजबूरी में बंटवारे को मंजूर करना पड़ा। पूर्व विदेश मंत्री ने भाजपा पर देश के लोगों का मन बांटने का आरोप लगाया। कहा कि जब देश के लोगों को जाति, समाज और समूह में बांट दिया जाएगा तो देश एक कहां रह जाएगा, जबकि कांग्रेस सबको साथ लेकर चलती है। हमारे नेता राहुल गांधी इसी मकसद से भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं। जिसको पूरे देश में अपार समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जो भी देश भक्त है, वह कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ रहा है। पांच जनवरी को उनकी यात्रा प्रदेश में लोनी से होकर हरियाणा में प्रवेश करेगी।

## हिमाचल कर्मचारी चयन आयोग निलंबित, भर्तियों पर रोक, सचिव व उपसचिव शिमला तलब




**शिमला (हि.स.)।** जेओए-आईटी के पेपर लीक प्रकरण में सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार ने सख्त एक्शन लिया है। कर्मचारी चयन आयोग की एक महिला कर्मी की संलिप्तता के बाद तत्काल प्रभाव से कर्मचारी चयन आयोग के कामकाज को निलंबित कर दिया है। साथ ही आयोग में भर्ती प्रक्रिया पर भी रोक लगा दी गई है। सरकार ने एडीसी हमीरपुर को आयोग का विशेष कार्य अधिकारी नियुक्त किया गया है। सरकार ने आयोग के सचिव डॉ. जितेंद्र कुमार, सचिव संजीव कुमार को रिलीव कर शिमला भेज दिया है। इन अधिकारियों को कार्मिक विभाग में रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य सरकार की इस कार्रवाई को लेकर मुख्य सचिव आरडी धीमान ने सोमवार को अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी की हैं। सरकारी आदेशों के मुताबिक आयोग के चेयरमैन और सदस्य फिलहाल कोई कार्य नहीं कर पाएंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू रविवार को दिल्ली से शिमला लौटे हैं। मुख्यमंत्री के हिमाचल लौटते ही कुछ इस तरह का बड़ा एक्शन देखने की संभावना जताई जा रही थी। मुख्यमंत्री सुक्खू साफ कर चुके हैं कि उनकी सरकार भ्र्ष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत काम करेगी। हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग हमीरपुर के बहुचर्चित जेओए-आईटी पेपर लीक मामले में राज्य सरकार ने एसआईटी का गठन किया है। टीम की अगुवाई डीआईजी जी सिवाकुमार करेंगे। एसआईटी टीम में तीन एसपी राहुल नाथ, अंजुम आरा, बलवीर सिंह के अलावा चार एएसपी और तीन डीएसपी को शामिल किया गया है। पेपर लीक मामले में जांच की रोजाना रिपोर्ट सरकार को देनी होगी। इसके अलावा एक अलग से तकनीकी टीम भी गठित की गई है, जो तकनीकी पहलुओं से जांच को आगे बढ़ाएगी। हिमाचल प्रदेश कर्मचारी आयोग का जूनियर ऑफिस अस्सिटेंट इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी (जेओए-आईटी) पोस्ट कोड 965 का पेपर 23 दिसंबर को लीक हो गया था। यह परीक्षा 25 दिसंबर को जिला और मंडल स्तर पर होनी थी। दरअसल, विजिलेंस व एंटी करप्शन ब्यूरो को जेओए-आईटी पोस्ट कोड 965 का पेपर ढाई लाख रुपए में बेचे जाने की शिकायत मिली थी। इसके बाद विजिलेंस ने जाल बिछाकर दलाल और चयन आयोग की एक महिला कर्मी और उसके बेटे सहित छह आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पेपर लीक करने वाली महिला कर्मी चयन आयोग की सीक्रेसी ब्रांच में सीनियर सुपरिटेंडेंट के पद पर तैनात है। विजिलेंस ने गिरफ्तार किये गए सभी आरोपितों को छह दिन के रिमांड पर लिया है।

## रंगिया में हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

**रंगिया (निसं)।** रंगिया पुलिस ने सोमवार को शाम करीब सवा चार मोलाखाट, बनगांव मे एक वाहन पंजीकरण संख्या एएस 01 एफडी 4363 की तलाशी ली तथा इस अभियान में अमर ज्योति दास (उम्र 27 वर्ष) पुत्र-गणेश दास, ग्राम-कमारगांव तितकुरी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस द्वारा तलाशी के दौरान व्यक्ति के पास से संदिग्ध हेरोइन से भर्ती दो साबुन के बक्से बरामद किये गए जिसकी मात्रा 22 ग्राम बताई गई है। साथ ही पुलिस ने इस अभियान में उक्त व्यक्ति द्वारा व्यवहार किये गए वाहन और मोबाइल हैंडसेट भी जब्त कर लिया गया है। वहीं गुवाहाटी के जोराबाट पुलिस चौकी अंतर्गत इलाके में सोमवार को गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया। गांजा की आपूर्ति गुवाहाटी से बारह माइल जा रही एक बिना नंबर प्लेटलेस की स्कूटी के जरिए किया जा रहा था। गिरफ्तार तस्कर की पहचान धर्मेंद्र कुमार के रूप में हुई है। जोराबाट में पुलिस की नाका चेकिंग देखकर स्कूटी चालक भागने की कोशिश की, जिसे पुलिस ने दौड़ाकर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गांजा तस्कर युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 60 ग्राम गांजा बरामद किया।

## त्रिपुरा दौरे पर पहुंची भाजपा की उच्च स्तरीय टीम, चुनावी तैयारियों का लेगी जायजा

**अगरतला।** भाजपा ने राज्य में 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की तैयारियों का जायजा लेने के लिए एक उच्च स्तरीय टीम त्रिपुरा भेजी है। भाजपा टीम का नेतृत्व पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष कर रहे हैं। त्रिपुरा भाजपा प्रभारी महेश शर्मा, महेंद्र सिंह और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा टीम के अन्य सदस्य हैं। भाजपा की टीम रविवार को त्रिपुरा पहुंची और दो दिन तक राज्य में रहेगी। उच्च स्तरीय टीम के सदस्य त्रिपुरा में अपने प्रवास के दौरान पार्टी के राज्य नेताओं के साथ चर्चा करेंगे। वे उन संभावित उम्मीदवारों की सूची भी देखेंगे, जिन्हें भाजपा टिकट देगी त्रिपुरा में आगामी विधानसभा चुनाव में त्रिपुरा में विधानसभा चुनाव अगले साल फरवरी की शुरुआत में होने हैं। कांग्रेस ने मेघालय, नगालैंड और त्रिपुरा में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इन राज्यों के लिए सोमवार को वरिष्ठ पर्यवेक्षक और पर्यवेक्षक नियुक्त किया। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल के मुताबिक ने पार्टी ने मुकुल वासनिक को तीनों पूर्वोत्तर राज्यों का वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इसके साथ ही बेनी बेहनन और जेडी सीलम को मेघालय, फ्रांसिस्को सार्डिना और के जयकुमार को नगालैंड और अब्दुल खालिक और अरविंदर सिंह लवली को त्रिपुरा का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। मेघालय, नगालैंड और त्रिपुरा में अगले साल की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है।

## राइजर दल ने शुरू किया गण हस्ताक्षर अभियान

**दक्षिण सालमारा (हि.स.)।** दक्षिण सालमारा-मानकचार जिला के जलेश्वर से मानकचार तक बाढ़ और कटाव के स्थायी रोकथाम के लिए गण हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को धुबड़ी लोकसभा क्षेत्र के जलेश्वर निर्वाचन क्षेत्र से दक्षिण सालमारा होते हुए सुखचर तक राजनीतिक पार्टी राइजर दल ने गण हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया। इसका उद्देश्य बाढ़ पीड़ितों के साथ-साथ कटाव से प्रभावित बेघर लोगों को एकमुश्त राहत और भूमि पट्टा प्रदान किया जाए। राइजर दल ने गुवाहाटी से दक्षिण सालमारा होते हुए जलेश्वर-फकीरगंज तक चार लेन की सड़क के निर्माण की मांग को लेकर भी आज बड़े पैमाने पर गण हस्ताक्षर अभियान शुरू किया। राइजर दल की पहल पर और कृषक मुक्ति संग्राम समिति सहित पार्टी के कई संगठनों के सहयोग से आज खरुआबंधा जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मैदान से एक लाख गण हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई।

## क्रिसमस पर हिंसा से दहल उठा पेरिस प्रदर्शनकारियों ने जमकर की तोड़फोड़ व आगजनी



**पेरिस।** क्रिसमस के दिन जहां दुनिया के कोने-कोने में खुशियां मनाई गईं व विश्व शांति की कामना की गई वहीं फ्रांस के सबसे बड़े नगर और उसकी राजधानी पेरिस में आग की लपटें उठीं और गोलियां चली। मध्य पेरिस में रुए डी एंघियन में स्थित एक सांस्कृतिक केंद्र में शुक्रवार को एक बंदूकधारी द्वारा तीन लोगों की हत्या के बाद दंगे भड़क गए। बंदूकधारी द्वारा तीन अन्य को घायल कर दिया था। इसके बाद पेरिस में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हिंसा भड़क गई। इस दौरान कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी समर्थकों और पुलिस के साथ जमकर भिड़ंत हुई। कई सुरक्षाकर्मी भी घायल हो गए। दरअसल कुर्दिश सांस्कृतिक केंद्र में शुक्रवार को हुई घातक गोलीबारी के बाद दूसरे दिन पेरिस में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हिंसा व दंगे भड़के। वहीं क्रिसमस के दिन भी पेरिस हिंसा की आग में दहल उठा। यहां उग्र प्रदर्शनकारियों ने वाहनों को पलट दिया और आग लगा दी। जवाब में पुलिस ने आंसू गैस के गोले प्रदर्शनकारियों पर छोड़े। एक रिपोर्ट के अनुसार, तीन पीड़ितों के शोक में शहर के प्लेस डे ला रिपब्लिक में बड़े पैमाने पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन के बाद शनिवार को विरोध फिर से शुरू हो गया। पेरिस के सेंट्रल स्क्वायर में पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए सैकड़ों कुर्द प्रदर्शनकारी जिले के मेयर सहित फ्रांसीसी राजनेताओं के साथ शामिल हुए थे। फ्रांस में कुर्दिश डेमोक्रेटिक काउंसिल के एक राजनीतिक समूह, बेरिवान फिराट ने बीएफएम टीवी को बताया कि हमें बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं किया जा रहा है। 10 वर्षों में, छह कुर्द कार्यकर्ता पेरिस में दिन के उजाले में मारे गए हैं। समूह ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन के लिए लोगों को चौक पर इकट्ठा होने का आह्वान किया था। उधर, पेरिस के पुलिस प्रमुख लॉरेंट नुनेज ने कहा कि हिंसा के लिए कुछ दर्जन प्रदर्शनकारी जिम्मेदार थे, जिसमें 11 लोगों की गिरफ्तारियां हुईं और लगभग 30 लोगों को मामूली चोटें आईं। जैसे ही कुछ प्रदर्शनकारी चौक से बाहर निकले, उन्होंने पुलिस पर प्रोजेक्टाइल फेंके, जिसका पुलिस ने आंसू गैस से जवाब दिया। प्रदर्शनकारियों के तितर-बितर होने से पहले लगभग दो घंटे तक झड़पें होती रहीं।

# पृष्ठ एक का शेष

### सुरक्षा चुनौतियों से ...

दृष्टिकोण के हिस्से के रूप में सशस्त्र बलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने जोर देकर कहा कि उच्च रक्षा तैयारियों के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ लिया जाना चाहिए। मुख्य भाषण करते हुए सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने सुरक्षा के खतरों का सही आकलन करने, महत्वपूर्ण रणनीतिक दिशा-निर्देशों और दस्तावेजों को स्पष्ट करने, वांछित सैन्य क्षमताओं की पहचान करने, सक्षम नीतियां तैयार करने और समग्र राष्ट्र के अनुरूप उपयुक्त प्रतिक्रियाओं को प्रभावी करने के लिए तालमेल के महत्व पर बात की। इस कार्यक्रम में सशस्त्र बलों, सिविल सेवाओं के विशिष्ट प्रतिभागियों के साथ-साथ रक्षा उद्योग और शैक्षणिक समुदाय के प्रतिनिधि, कई थिंक टैंक और शैक्षणिक संस्थान भाग ले रहे हैं। आज विचार-विमर्श के दौरान कई प्रतिष्ठित वक्ताओं ने नौकरशाही-सैन्य एकीकरण की बारीकियों पर चर्चा की। आज की चर्चा में पूर्व रक्षा सचिव अजय कुमार, डीएमए के अतिरिक्त सचिव लेफ्टिनेंट जनरल अनिल पुरी, नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, सिंगापुर के डॉ. अनित मुखर्जी, विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन के निदेशक डॉ. अरविंद गुप्ता, यूपीएससी के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल राज शुक्ला (सेवानिवृत्त) और रक्षा मंत्रालय के प्रधान सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल विनोद खंडारे ने उपयोगी विचार साझा किए। संगोष्ठी के दूसरे दिन मंगलवार को सैन्य उद्योग एकीकरण से संबंधित चर्चा होनी है, जिसके लिए प्रमुख वक्ताओं में तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारी, सेंटर फॉर एयरपावर स्टडीज के महानिदेशक एयर मार्शल अनिल चोपड़ा (सेवानिवृत्त), पूर्व डीजी आर्टिलरी लेफ्टिनेंट जनरल पीआर शंकर, भारत फोर्ज डिफेंस एंड एयरोस्पेस के अध्यक्ष राजिंदर सिंह भाटिया, इंडियन डिफेन्स एकाउंट सर्विसेज के डॉ. भारतेंदु कुमार सिंह, भारतीय उद्योग परिसंघ के प्रधान सलाहकार रियर एडमिरल प्रीतम लाल (सेवानिवृत्त) हैं।

### तीन सौ करोड़ की...

बरामद किया गया है। बल के अधिकारियों ने बताया कि विशेष खुफिया इनपुट के आधार पर 25-26 दिसंबर की दरम्यानी रात के दौरान ऑपरेशन चलाया गया था। अपनी रणनीति के आधार पर भारतीय तट रक्षक बल ने पाकिस्तान के साथ लगने वाली अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) के पास अपने जहाज आईसीजीएस अरिंजय को तैनात किया था। इसी दौरान, दल ने एक पाकिस्तानी मछली पकड़ने वाली नाव अल सोहेली को रोक कर पूछताछ और जांच की। नाव की जांच के दौरान उसमें बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और लगभग 40 किलोग्राम नशीला पदार्थ बरामद किया। अधिकारियों ने बताया कि बरामद नशीले पदार्थ की कीमत करीबन 300 करोड़ रुपए आंकी गई है। बरामदगी के साथ ही चालक दल के साथ नाव को भी अधिकार में लिया गया। जिसके बाद आगे की जांच के लिए चालक दल और नाव को ओखा लाया जा रहा है।

### त्रिपुरा चुनाव : शाह ...

तैयारियां शुरू की गई हैं। त्रिपुरा में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश भाजपा द्वारा एक रथ यात्रा का आयोजन किया गया है। यह रथ यात्रा नए साल के पहले सप्ताह में शुरू होगी। प्रदेश भाजपा ने इस रथ यात्रा के सुचारू संचालन और सफलता को सुनिश्चित करने के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। मंत्री सुशांत चौधरी को इस समिति का प्रमुख नियुक्त किया गया है और भाजपा के प्रदेश महासचिव टिंकू रॉय और अमित रक्षित इसका सहयोग करेंगे। त्रिपुरा प्रदेश भाजपा के सूत्रों ने बताया है कि एक रथ यात्रा उत्तरी त्रिपुरा से और दूसरी रथ यात्रा दक्षिण त्रिपुरा से शुरू होगी। दक्षिण त्रिपुरा से रथ यात्रा के प्रभारी टिंकू रॉय, विधायक प्रमोद रियांग, विभीषण दास और तापस मजुमदार हैं। वहीं उत्तरी त्रिपुरा से रथ यात्रा के प्रभारी अमित रक्षित, तापस भट्टाचार्य, विधायक शंभूलाल चकमा और यदबलाल नाथ हैं। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय गृह मंत्री 5 जनवरी को उत्तर त्रिपुरा जिले की रैली में हिस्सा लेंगे। रैली का आयोजन रथ यात्रा की शुरुआत के आसपास किया जा रहा है। इस बीच भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 12 जनवरी को त्रिपुरा आ रहे हैं। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, वह रथ यात्रा के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे और चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे। सूत्रों का दावा है कि जनवरी के पहले सप्ताह में असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विस्व शर्मा के भी त्रिपुरा आने की संभावना है।

### गुजरात : कॉमर्स डिपार्टमेंट ...

यह एक शैक्षणिक केंद्र है और वे इसे धार्मिक अखाड़ा न बनाएं। यहां वे अपनी पढ़ाई पूरी करें और आगे बढ़ें। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय वडोदरा आए हुए हैं। इस घटना को लेकर उन्होंने कहा कि शिक्षा का क्षेत्र बहुत ही पवित्र क्षेत्र है। इसलिए यहां विवाद वाली बातों और कामों से बचना चाहिए। दो दिन पहले एमएस यूनिवर्सिटी कैंपस में संस्कृत कॉलेज के गेट के सामने खड़े होकर एक युवक और एक युवती के नमाज अदा करने का वीडियो वायरल हुआ था। हालांकि नमाज कॉलेज के बाहर अदा की गई थी। इसके चलते ज्यादा हंगामा नहीं हुआ था।

### कर्नाटक में मास्क ...

मंत्री आर अशोक की अध्यक्षता में एक बैठक में भाग लेने के बाद संवाददाताओं से बात कर रहे थे, जो राज्य आपदा प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष हैं। सुधाकर के अनुसार, बेंगलुरु और मंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों पर अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों में से दो प्रतिशत यात्रियों की बिना क्रम के जांच जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु में बॉरिंग अस्पताल और मंगलुरु में वेनलॉक अस्पताल को दो पृथकवास केंद्र बनाया गया है जहां जांच में कोविड-19 संक्रमित पाए गए अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों को रखा जाएगा। मंत्री ने कहा कि चीन से राज्य लौटे एक यात्री के नमूने जीनोम अनुक्रमण के लिए एक प्रयोगशाला में भेजे गए हैं। जद (एस) पार्टी के नेता एच डी कुमारस्वामी के नेतृत्व वाली *पंचरत्न यात्रा* के बारे में मंत्री ने कहा कि पैदल मार्च जारी रह सकता है, लेकिन उन्होंने दोहराया कि इसमें हिस्सा लेने वालों को खुद को सुरक्षित रखने के लिए कोविड से संबंधित उचित व्यवहार का पालन करना चाहिए। मंत्री ने कहा कि उपायुक्त, जिला पंचायतों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, जिला निगरानी अधिकारी और विशेषज्ञ समिति के सदस्य राज्य के सभी जिलों में कोविड प्रबंधन की देखरेख करेंगे। सुधाकर के अनुसार, दो साल से अधिक समय पहले कोविड-19 फैलने के बाद से आईसीयू बिस्तरों की संख्या, ऑक्सीजन आपूर्ति वाले बिस्तरों की संख्या, ऑक्सीजन क्षमता और मेडिकल एवं पैरामेडिकल कर्मियों सहित स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और कर्मचारियों की संख्या में काफी वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि यह किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त होगा।

### सुशांत सिंह राजपूत ...

यही वजह है कि रात में ही पोस्टमार्टम किया गया। बताते चलें कि सुशांत सिंह राजपूत 14 जून 2020 को उपनगरीय बांद्रा स्थित अपने अपार्टमेंट में मृत पाए गए थे। रिया चक्रवर्ती पर सुशांत को आत्महत्या के लिए उकसाने और उनकी संपत्ति का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया था। *मेरे डैड की मारुति* और *जलेबी* जैसी फिल्मों में काम कर चुकीं रिया (29) को सुशांत की मृत्यु से जुड़े मादक पदार्थ तस्करी मामले में 28 दिनों तक जेल में रहना पड़ा था। एक इंटरव्यू में शाह ने बताया कि जब सुशांत सिंह राजपूत का निधन हुआ, तो उस दौरान हमें पोस्टमॉर्टम के लिए कूपर अस्पताल में पांच शव मिले थे। उन पांच शवों में से एक वीआईपी शव था। जब हम पोस्टमॉर्टम करने गए तो पता चला कि वह वीआईपी शव सुशांत का था और उनके शरीर पर कई निशान थे। उनकी गर्दन पर भी दो से तीन निशान थे। पोस्टमॉर्टम को रिकॉर्ड करने की जरूरत थी, लेकिन उच्च अधिकारियों को केवल शरीर की तस्वीरें लेने के लिए कहा गया था। इसलिए, हमने सिर्फ उन्हीं आदेशों का पालन किया। इतना ही नहीं, पोस्टमॉर्टम करने वाले शख्स ने यह भी आरोप लगाया कि अधिकारियों को यह सूचित करने के बावजूद कि सुशांत सिंह राजपूत की हत्या हुई थी, उसे नियमों के अनुसार काम करने के लिए कहा गया। शाह ने कहा कि जब मैंने पहली बार सुशांत के शरीर को देखा, तो मैंने तुरंत अपने वरिष्ठों को सूचित किया कि मुझे लगता है कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि एक हत्या है। मैंने उनसे यहां तक कह दिया कि हमें नियम के मुताबिक काम करना चाहिए। हालांकि, मेरे वरिष्ठों ने मुझसे कहा कि जितनी जल्दी हो सके तस्वीरें खींचो और शव पुलिस को दे दो। इसलिए हमने पोस्टमॉर्टम रात में ही किया।

### अमेरिकी दूतावास ने ...

अवगत है कि अज्ञात लोग छुट्टियों में इस्लामाबाद स्थित मैरिएट होटल में अमेरिकियों पर हमला करने का षड्यंत्र रच रहे हैं। इसमें कहा गया है कि इस्लामाबाद में दूतावास सभी अमेरिकी कर्मचारियों के इस्लामाबाद स्थित मैरिएट होटल में जाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाता है। दूतावास ने कहा कि सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर इस्लामाबाद को *रेड अलर्ट* पर रखा गया है, ऐसे में सभी मिशन कर्मियों से छुट्टियों में राजधानी में गैर-जरूरी और अनौपचारिक यात्रा से परहेज करने का आग्रह किया जाता है। यह परामर्श ऐसे समय में जारी किया गया है, जब इस्लामाबाद में हाल में हमला हुआ था और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के हमलों में देशभर में तेजी आई है। इस्लामाबाद 23 दिसंबर को हुए एक आत्मघाती हमले के बाद हाई अलर्ट पर है। इस हमले में एक पुलिस अधिकारी और दो संदिग्ध आतंकवादियों की मौत हो गई थी। उल्लेखनीय है कि एक आत्मघाती हमलावर ने इस्लामाबाद स्थित मैरिएट होटल को सितंबर 2008 में निशाना बनाया था, जो राजधानी में हुए इस तरह के सर्वाधिक घातक हमलों में एक है। इस हमले में कम से कम 54 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य लोग घायल हो गए थे।

### 1947 से अब तक ...

जिस पर कोर्ट ने कहा कि तोशखाना के पास रिकॉर्डस में तो इसकी जानकारी जरूर होंगे। एक महीने के भीतर इनकी जानकारी याचिकाकर्ता को दी जाए। पहले भी दिसंबर की शुरूआत में लाहौर हाईकोर्ट ने 1947 से अब तक राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को मिले तोहफों की लिस्ट मांगी थी। जिसे सरकार ने देने से इंकार कर दिया था। मूनीर अहमद नाम के व्यक्ति की याचिका पर जस्टिस असीम हाफिज ने यह तोहफों के रिकॉर्ड सार्वजनिक करने को कहा था।

### पीएम प्रचंड पर ...

रूप से तीसरी बार प्रधानमंत्री बने। यूएमएल नेता और पूर्व प्रधानमंत्री खड्ग प्रसाद शर्मा ओली को चीन समर्थक माना जाता है। नेपाल दक्षिण एशियाई देशों में से एक है, जहां भारत और चीन दोनों प्रभाव चाहते हैं। भारत ने लंबे समय से हिंदू-बहुसंख्यक नेपाल, जहां की आबादी 30 मिलियन (यानी 30 करोड़) है, को अपने करीबी ऐतिहासिक संबंधों और लंबी खुली सीमा के आधार पर एक प्राकृतिक सहयोगी के रूप में माना है। प्रचंड की माओवादी सेंटर पार्टी के एक वरिष्ठ सदस्य नारायण काजी श्रेष्ठ ने बताया कि हम अपने दोनों पड़ोसियों के साथ समान निकटता के संबंध बनाए रखेंगे। श्रेष्ठ को बाद में उप प्रधानमंत्री के रूप में नामित किया गया। श्रेष्ठ ने कहा कि हमें तुरंत मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने, भंडार बनाए रखने, पूंजीगत व्यय बढ़ाने, व्यापार घाटे को कम करने और ब्याज दरों को कम करने पर ध्यान देना चाहिए। बीजिंग और नई दिल्ली ने नेपाल में अरबों डॉलर की सहायता और निवेश डाला है, जो पनबिजली पैदा करने की क्षमता से समृद्ध है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो नेपाल के सबसे बड़े व्यापार और आर्थिक भागीदार हैं, प्रचंड को उनकी नियुक्ति पर बधाई देने वाले पहले विदेशी नेताओं में से एक थे। उन्होंने ट्वीट किया कि भारत और नेपाल के बीच अद्वितीय संबंध गहरे सांस्कृतिक जुड़ाव और लोगों के बीच गर्मजोशी भरे संबंधों पर आधारित है। दूसरी तरफ, काठमांडू में चीनी दूतावास के प्रवक्ता ने भी ट्वीट कर प्रचंड को प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी। प्रवक्ता ने कहा कि मैं इस दोस्ती को और मजबूत करने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने की आशा करता हूं। विश्लेषकों ने कहा कि कोविड-19 महामारी से उभर रही नेपाल की 40 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था पर नई सरकार को तत्काल ध्यान देने की जरूरत है, जिसे निवेशकों और व्यवसायों का विश्वास हासिल करने के साथ-साथ उत्पादन को बढ़ावा देना चाहिए। मुद्रास्फीति 8त्न से अधिक है, जो छह वर्षों में सबसे अधिक है। बुनियादी वस्तुओं के आयात पर बढ़ती निर्भरता के साथ, नेपाल भी घटते विदेशी मुद्रा भंडार का सामना कर रहा है। पूर्व वित्त मंत्री युबा राज खातीवाड़ा, जिन्होंने ओली के अधीन काम किया, ने कहा कि प्रचंड को निर्यात के लिए सीमेंट जैसे विनिर्माण उत्पादों को बढ़ावा देने पर ध्यान देना चाहिए और आयात को प्रतिस्थापित करने के लिए कृषि को भी बढ़ावा देना चाहिए। 1996 से नेपाल की तत्कालीन राजशाही के खिलाफ एक दशक लंबे माओवादी विद्रोह का नेतृत्व करने वाले प्रचंड ने 2006 में एक शांति समझौते के तहत मुख्यधारा में शामिल होने के बाद साम्यवादी हठधर्मिता को त्याग दिया और उदारीकरण को गले लगा लिया। संघर्ष के कारण 17,000 मौतें हुईं। 2008 में 239 साल पुरानी राजशाही को खत्म किए जाने के बाद से नेपाल में 10 सरकारें बदली जा चुकी हैं।

### जाम छलकाते तीन ...

ही कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की टीम वन विभाग की पुलिस ने लापता युवक की तलाश शुरू कर दी। युवक की तलाश के लिए रातभर सर्च ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। इसके बाद रविवार सुबह लापता युवक की तलाश शुरू की गई। इसके बाद उसका शव बरामद किया गया। इससे पहले भी यहां बाघ के तीन हमले हो चुके हैं। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 309 पर गर्जिया से मोहन तक वन विभाग एवं कॉर्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा संयुक्त पेट्रोलिंग की जा रही है। इतना ही नहीं प्रशासन ने देर शाम से सुबह तक बाइक सवारों के वहां से गुजरने पर रोक लगा दी है। वहीं, वन विभाग के मुताबिक उस जगह पर चार से ज्यादा बाघों की आवाजाही पाई गई है। फिलहाल कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की टीम हमलावर बाघ का पता लगा रही है।

### जेलेंस्की की पीएम ...

मैंने संयुक्त राष्ट्र में मानवीय सहायता और समर्थन के लिए भी धन्यवाद दिया। बताते चलें कि रूस ने इस साल फरवरी में यूक्रेन पर हमला बोल दिया। जिसके बाद रूस लगातार यूक्रेन के अलग-अलग शहरों को निशाना बनाता रहा है। रूस के हमले लगातार जारी है।


### पीएम वंदे भारत ...

रन हावड़ा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 22 से सोमवार सुबह करीब छह बजे शुरू हुआ। वंदे भारत की अधिकतम स्पीड 180 किमी प्रति घंटा है। यह ट्रेन सप्ताह में छह दिन हावड़ा से सुबह 5:50 बजे रवाना होगी। दोपहर 1:50 बजे न्यू जलपाईगुड़ी पहुंचेगी। फिर ट्रेन न्यू जलपाईगुड़ी से दोपहर 2:50 बजे हावड़ा के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन मालदह टाउन स्टेशन पर रुकेगी।

### त्रिपुरा, नगालैंड ...

सारदिन्हा और सांसद के. जयकुमार को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। त्रिपुरा विधानसभा चुनाव के लिए दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री अरविंदर सिंह लवली और सांसद अब्दुल खलिक को पर्यवेक्षक बनाया गया है। पूर्वोत्तर के इन तीनों प्रदेशों में अगले साल फरवरी-मार्च में विधानसभा चुनाव होने हैं।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **षष्ठ अध्याय**

**(वैराग्य)**

**अन्तर अन्त:वासना, पिण्ड भया भवरूप।**
**अँकुर फुल फल आवई, रहत सदा भवकूप॥ 27॥**

**शब्दार्थ :** (अन्तर) भीतर (वासना) विषय-रोग, संस्कार (अंकुर) अँखुवा (पिण्ड) शरीर।

**भाष्य :** चित्त के अंदर सदैव विषय-भोग की वासना लगी ही है, इसलिए यह पिंड माया का स्वरूप हो जाता है। माया का बीज इस पिंड शरीर में सदैव रखा रहता है, जिसके कारण अंकुर, फूल-फल अर्थात संसारचक्र-प्रवाह सदैव चलता रहता है ौर यह जीव आवागमन चक्र के दु:ख को रहता है।

**जगत बीज है वासना, आशा फिर व्यापार।**
**जहाँ आश तहँ वास है, त्रिजग सृष्टि संसार॥ 28॥**

**शब्दार्थ :** (वासना) बीज, संस्कार (आशा) भरोसा, इच्छा।

**भाष्य :** जगत का बीज कर्मों की वासनाएं है, उन्हीं के द्वारा आशा, फिर कर्मों का व्यवहार चलता है। जहां आशा है, वहीं जीव का वास होता है। इस प्रकार त्रिजग सृष्टि का व्यवहार-संसार चलता है। जिस पदार्थ में मन का भाव लगा है, इच्छा बनी है, वहीं जीवात्मा कर्म करके उस भोग को प्राप्त करता है।

### अतिक्रमण के खिलाफ एक्शन नें हिमंत सरकार

# चार सौ बीघा सरकारी भूमि पर चला बुलडोजर



**बरपेटा/गुवाहाटी ( निसं )।** एक सप्ताह के भीतर दूसरे अतिक्रमण हटाओ अभियान में असम सरकार ने सोमवार को बरपेटा जिले में 400 बीघा भूमि को खाली करने के लिए एक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। स्थानीय कांग्रेस विधायक शेरमान अली अहमद को साइट पर विरोध करने के लिए हिरासत में लिया गया था। बाघबर सर्किल अधिकारी सोनबर चुटिया ने कहा कि बरपेटा जिला प्रशासन ने सुरक्षाकर्मियों की एक मजबूत टुकड़ी के समर्थन से बाघबार विधानसभा क्षेत्र के सतरकनारा में 45 परिवारों को सरकारी जमीन से बेदखल कर दिया। उन्होंने कहा कि ये शांतिपूर्वक संपन्न हुआ और किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। हमने करीब 400 बीघा जमीन को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया है। कांग्रेस विधायक ने मांग की कि बेदखल लोगों का पुनर्वास किया जाए। पहला बेदखली अभियान 19 दिसंबर को नगांव जिले के बटाद्रवा में चलाया गया था। दो दिवसीय अभ्यास में 5,000 से अधिक कथित अतिक्रमणकारियों को बेदखल किया गया था। सत्रकनारा में सोमवार को कथित अतिक्रमणकारियों के घरों को ध्वस्त करने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल किया गया। भारी मशीनरी को इलाके में कई पेड़ उखाड़ते भी देखा गया।जब अतिक्रमण हटाओ की कवायद चल रही थी, कांग्रेस विधायक शेरमान अली अहमद ने स्थानीय लोगों के एक समूह के साथ स्थल पर विरोध किया। हाथों में तख्तियां लिए वह बेदखली रोकने के लिए बुलडोजर के सामने जमीन पर बैठ गया। पुलिस और नागरिक प्रशासन ने उनसे वहां से हटने का अनुरोध किया, लेकिन उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि लोक सेवकों को उनके कर्तव्यों का निर्वहन करने से रोकने के लिए विधायक को हिरासत में लिया गया था। अधिकारी ने कहा कि उन्हें बाद में रिहा कर दिया गया और विधायक के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया गया। बेदखली की निंदा करते हुए, अहमद ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र में कवायद अवैध, अमानवीय और संवैधानिक प्रावधानों के खिलाफ है। उन्होंने दावा किया कि भूखंड को 1992 में एक निष्क्रिय संगठन बोडो कृषक समिति को आवंटित किया गया था, लेकिन इसने कभी भी भूमि पर कब्जा नहीं किया और न ही कभी इसका उपयोग उस उद्देश्य के लिए किया जिसके लिए इसे आवंटित किया गया था। अहमद ने कहा कि नतीजतन, भूमि राजस्व विभाग को वापस कर दी गई। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद बागबार के लगभग 65 राजस्व गांवों का क्षरण हुआ है और हजारों परिवार बेघर और भूमिहीन हो गए हैं। अहमद ने कहा कि इन कटाव प्रभावित परिवारों का पुनर्वास करना पिछली सरकारों का संवैधानिक कर्तव्य था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। नतीजतन, भूमिहीन और बेघर परिवार जहां कहीं भी शरण ले सकते हैं, शरण ले रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि बेदखल परिवार बाढ़ और कटाव में अपनी जमीन खोने के बाद इलाके में बस गए थे। विपक्षी विधायक ने कहा कि मेरी मांग एक महीने की अवधि के भीतर भूमिहीन और बेघर परिवारों के पुनर्वास के लिए प्रशासन से एक लिखित आश्वासन था, लेकिन अफसोस, प्रशासन ने मेरी मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया और शांतिपूर्ण विरोध के मेरे अधिकारों का उल्लंघन करते हुए मुझे हिरासत में ले लिया। हिटलरवाद बहुत हो गया। बेदखल परिवारों में ज्यादातर कृषि समुदायों के लोग हैं। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र में सरसों, आलू, मक्का और कई सब्जियों की खेती कर रहे थे। एक प्रभावित किसान ने बिना अपना नाम बताए कहा कि प्रशासन ने हमें अपनी फसल काटने के लिए 15 दिन का समय दिया था, लेकिन हमें इसके लिए दो महीने चाहिए। बेदखली अभियान के लिए विपक्ष की आलोचना को दरकिनार करते हुए, मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने 21 दिसंबर को विधानसभा को बताया था कि असम में सरकारी और वन भूमि को खाली करने की कवायद तब तक जारी रहेगी जब तक कि भाजपा राज्य चलाती है।

## डिब्रूगढ़ : चाय बागान इलाके से गोला-बारूद बरामद



**डिब्रूगढ़ ( हि.स. )।** डिब्रूगढ़ जिला के एक चाय बागान इलाके से भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया गया है। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया है कि बीती रात पुलिस की छापेमारी के दौरान एक चाय बागान से दो चीनी हैंड ग्रेनेड, दो एके सीरीज की राइफलें और मैगजीन, 12 जिंदा गोलियां, टीडीटी स्विच, पिस्तौल का साइलेंसर बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि इस मामले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। हथियार को किसने रखा था, इसका खुलासा पुलिस ने नहीं किया है। सूत्रों का कहना है कि जल्द ही इसके बारे में जानकारी साझा की जाएगी।

# सरकारी अस्पताल में कैंसर मरीज को चढ़ाई एक्सपायरी स्लाइन, नर्स बोली- कुछ नहीं होगा




**कोकराझाड़।** जिले के सरकारी सिविल अस्पताल से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. जहां एक कैंसर मरीज को एक्सपायरी स्लाइन चढ़ा दी गई। मरीज गीता रानी बसूमातरी उल्टी और सिरदर्द की वजह से 22 दिसंबर को सरकारी अस्पताल में भर्ती हुई थी। यह मामला उस समय खुला जब मरीज के परिजनों ने दवाई के रैपर पर एक्सपायरी डेट देख ली। हॉस्पिटल के सुपरिडेंट डॉक्टर ए सरमा ने कहा कि ऐसी लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं बीटीसी के हेल्थ विभाग से जुड़े एग्जीक्यूटिव मेंबर अरुप कुमार ने आरोपी नर्स को 6 माह के लिए सस्पेंड कर दिया है। मरीज के परिजनों का कहना है कि जब उन्होंने नर्स से कहा कि यह तो एक्सपाइरी क्यों दी जा रही है। इस पर वह बोली कि कुछ नहीं होगा। पीड़िता महिला की कैमो थेरेपी भी चल रही है। अस्पताल के सुपरिडेंट डॉक्टर ए सरमा ने बताया कि स्टॉक में दो दवा एक्सपायरी मिली। बाकी दवाइयां पूरी तरह से ठीक है। इंचार्ज ने एक्सपायरी दवा नहीं हटाई जिसकी वजह से यह घटना हुई। इस मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और आरोपी नर्स को सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं पर कोकराझाड़ के जिला उपायुक्त बर्नाली डेका ने जांच कमेटी का गठन किया है। जिसमें ,ष्टष्ट अधिकारी के साथ ड्रग्स इंस्पेक्टर भी शामिल हैं। जो 26 दिसंबर तक अपनी रिपोर्ट उपायुक्त को देगा।

## आग में एक घर जलकर राख

**होजाई ( हि.स. )।** होजाई जिला के लंका थानांतर्गत उदाली सिंगाओ में अचानक लगी आग से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग में सैदुल इस्लाम नामक एक व्यक्ति का घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। पुलिस ने सोमवार को बताया है कि आग उस समय लगी जब घर में कोई नहीं था। स्थानीय लोगों को संदेह है कि आग बिजली के शार्ट सर्किट के कारण लगी होगी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि फायर ब्रिगेड की गाड़ियां समय पर नहीं पहुंची, जिसके चलते घर पूरी तरह से जल गया। स्थानीय लोगों के प्रयास से आग को बुझाया गया। आग से लाखों रुपए की संपत्ति और घर में रखे महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर खाक हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर लिया है।

# पूसी रेल ने मनाया वीर बाल दिवस

**गुवाहाटी ( विभास )।** भारत के प्रधानमंत्री के आह्वान पर, श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्यारे बेटों की अतुलनीय बलिदान को याद करने के लिए 26 दिसंबर, 2022 को वीर बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम पूसी रेल मुख्यालय परिसर के डॉ. भूपेन हाजरिका सभा गृह में आयोजित किया गया था। पूसी रेल के महाप्रबंधक अंशुल गुप्ता और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने श्री गुरु गोबिंद सिंह के बेटों साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी के चित्र के समक्ष दीप जलाया और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूसी रेल मुख्यालय के अधिकारीगण, कर्मचारीगण और विभिन्न संघों एवं यूनियनों के प्रतिनिधिगण भी उपस्थित थे। वीर बाल दिवस सिख आध्यात्मिक गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों के साहस को श्रद्धांजलि के रूप में मनाया जा रहा है, जिन्होंने 17 वीं शताब्दी में शहादत प्राप्त की थी, विशेष रूप से उनके बेटे जोरावर सिंह और फतेह सिंह, जिन्हें कथित तौर पर मुगलों ने मार डाला था। इस अवसर पर पूसी रेल के महाप्रबंधक अंशुल गुप्ता ने दो युवा साहिबजादों के बारे में उल्लेख किया, जिन्होंने काफी कम उम्र में अपने जीवन का




बलिदान दिया, अपनी मान्यताओं के लिए खड़े हुए और सिख धर्म की गरिमा को ऊंचा रखा। महाप्रबंधक ने आगे कहा कि वीर बाल दिवस का स्मरणोत्सव इसलिए भी मनाया जा रहा है क्योंकि देश आजादी के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है।

# तेंदुए के हमले में तीन वनकर्मी सहित 13 घायल



**जोरहाट ( निसं )।** जिले में सोमवार को तेंदुए के हमले में तीन वनकर्मियों सहित 13 लोग घायल हो गए।वन अधिकारियों के मुताबिक, घटना चेनिजन स्थित रेन फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट (आईसीएफआरई) के आसपास हुई। उन्होंने कहा कि तेंदुआ संस्थान के भीतर स्थित एक जंगल से निकला और बिना उकसावे के लोगों पर हमला करने लगा।यह भी पढ़ेंचाकन चाल में मिला तेंदुआ, दो घंटे के ऑपरेशन के बाद रेस्क्यू किया गया। हमले में कुल 13 लोग, वन विभाग के तीन कर्मचारी और 10 नागरिक घायल हुए हैं। तेंदुए का व्यवहार अनिश्चित है क्योंकि वे आमतौर पर मनुष्यों पर हमला नहीं करते हैं, जोरहाट के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मोहन लाल मीणा ने कहा।मीणा ने बताया कि सभी घायलों की हालत गंभीर नहीं बताकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि वन विभाग के अधिकारी इलाके में मौजूद हैं और तेंदुए को शांत करने की कोशिश कर रहे हैं। अनुसंधान संस्थान के पास लगभग 200 बीघा का वन क्षेत्र है और माना जाता है कि तेंदुआ वहां से निकला था। जानवर इलाके में घूम रहा है और वन विभाग इसे ट्रैक करने की कोशिश कर रहा है, मीना ने कहा। इस घटना के वीडियो भी सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए थे, जिसमें एक तेंदुआ कंटीले तार पर कूदता हुआ और अंदर मौजूद लोगों को लेकर एक वैन पर हमला करता दिख रहा है।

# एलजीबीआई एयरपोर्ट पर अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के यात्रियों की कोविड जांच शुरू



**गुवाहाटी ( विभास )।** कोरोना वायरस की दहशत के बीच गुवाहाटी हवाईअड्डे पर आ रही अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के यात्रियों की कोविड रैंडम जांच शुरू हो गई। यह कदम संभावित संक्रमण को और अधिक प्रसार को रोकने की कोशिशों के तहत उठाया गया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, सार्स-सीओवी-2 के नए रूपों के प्रवेश के जोखिम को कम करने के लिए, एलजीबीआई हवाई अड्डे, गुवाहाटी ने अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों से आने वाले यात्रियों की रेंडम कोविड-19 टेस्टिंग की गई। महानगर के बोरझाड़ स्थित भारत रत्न लोकप्रिया गोपीनाथ बरदलै अंतर्राष्ट्रीय (एलजीबीआई) हवाई अड्डा प्राधिकरण ने कहा कि यात्रियों और वहां काम करने वाले लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आगमन लाउंज में इसकी जांच के लिए एक विशेष काउंटर स्थापित किया गया है। वर्तमान हवाई अड्डों पर शनिवार से प्रत्येक अंतर्राष्ट्रीय उड़ान में आ रहे 2 प्रतिशत यात्रियों को रैंडम रूप से चुनकर उनकी कोविड-19 जांच की जाएगी और जांच के लिए यात्रियों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। जांच के दौरान जिन लोगों में संक्रमण से मिलते-जुलते लक्षण पाए जाएंगे, उन्हें फौरन अलग किया जाएगा। हालांकि एलजीबीआई हवाईअड्डे पर सप्ताह में केवल शनिवार और रविवार को अंतर्राष्ट्रीय उड़ान निर्धारित की है। हवाई अड्डे पर आने एवं जाने वाले यात्रियों को थर्मल जांच से भी गुजरना होगा।

## जंगली हाथी के हमले में एक युवक की मौत

**ग्वालपाड़ा ( हि.स. )।** भोजन की तलाश में निकले हाथियों के झुंड ने ग्वालपाड़ा जिला के विभिन्न हिस्सों में उपद्रव मचा रहे हैं। बीती रात भी जंगली हाथी के हमले में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया है कि अगिया थानांतर्गत गेंदाबाड़ी में रात को जंगली हाथियों के आने की जानकारी मिलते ही रात में पहला दे रहे गांव के युवक उन्हें खदेड़ने में जुट गए। हाथियों के खदेड़ने के दौरान बिंदू राभा नामक एक युवक हाथी की चपेट में आ गया, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर सोमवार की सुबह वन विभाग और पुलिस की टीम पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेज दिया। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष देखा गया। पुलिस ने इस मामले में एक प्राथमिकी दर्ज कर ली है। ग्वालपाड़ा जिले में जंगली हाथियों के हमले में दो सप्ताह में छह व्यक्तियों की मौत हो गई है। ग्वालपाड़ा जिला जंगली हाथियों के लिए काफी संवेदनशील बन गया है।

# लियो क्लब ने बांटी कंबल



**नगांव ( निसं )।** लियो क्लब ऑफ नगांव सिटी ने क्रिसमस के पावन अवसर पर बढ़ती सर्दी को देखते हुए गरीबो की मदद करने के लिए कंबल वितरण कर मानव सेवा का परिचय दिया है। उल्लेखनीय है कि लियो क्लब के सदस्यों ने बीते रात को नगांव के विभिन्न इलाकों में जाकर घूमते व सोते बेघर और गरीब लोगों के बीच कबंल वितरण किया। लोगों ने इस कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि लियो क्लब नगांव सिटी ने ठंड के मौसम में गरीब तबकों के बीच कंबल बांटने की कार्य केवल मानव सेवा ही नहीं बल्कि इससे उन्हें इस सर्दी के मौसम से राहत मिलेगी। इस कार्य को सफल बनाने में लियो क्लब के अध्यक्ष मयंग नाहटा के साथ ही प्रणय पोद्दार पुलकित कोठारी, प्रतीक बंका, रिसव डाडलिका, मोहित बंका आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## महिला पर फेंका एसिड, आरोपी ने किया आत्मसमर्पण

**शोणितपुर ( हि.स. )।** शोणितपुर जिला के ढेकियाजुली थानांतर्गत राक्षसमारी में एक महिला पर एसिड अटैक की घटना सामने आई है। एसिड अटैक में गंभीर रूप से झुलसी महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि एक स्थानीय व्यापारी ने महिला पर एसिड फेंका है। इससे 35 वर्षीय महिला दिव्या सिंह गंभीर रूप से झुलस गई, उसे तुरंत आईसीयू में भर्ती कराया गया है। वहीं आरोपित ने महिला पर एसिड फेंकने के बाद ढेकियाजुली पुलिस थाने में पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर ली है। फिलहाल यह पता नहीं चल सका है कि आरोपित ने महिला पर एसिड क्यों फेंका। पुलिस पूछताछ कर रही है।

# वृद्धाश्रम में भारतीय अटल सेना राष्ट्रवादी महिला मोर्चा ने दिया सहयोग




**गुवाहाटी।** भारतीय अटल सेना राष्ट्रवादी महिला मोर्चा की ओर से जारी अटल सेवा सप्ताह के दूसरे दिन सोमवार को हेल्पिंग हैंड नामक वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों के लिए खाद्य वस्तुएं उपलब्ध कराई गई। प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती संतोष शर्मा के नेतृत्व में संस्था की सदस्याओं ने वहां रह रहे बुजुर्गों के बीच ठंड को देखते हुए शॉल का भी वितरण किया। इस मौके पर वृद्ध आश्रम के प्रमुख ने संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष संतोष शर्मा, संजू शर्मा, मीना पोद्दार, निर्मला पारीक, रेखा गोयल, अनीता गुप्ता, कविता बेड़िया, डिंपल शर्मा, ममता शर्मा मधु लूनिया, नीतू गोयनका, सरोज शर्मा, अनीता अग्रवाल, सपना सराफ आदि सदस्याओं का भरपूर सहयोग रहा।

## नगांव लायंस क्लब में डीजी मीट कार्यक्रम आयोजित




**नगांव ( निसं )।** नगांव लायंस क्लब ने आज कई उल्लेखनीय कार्य किए। असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और मणिपुर सहित कुल 2919 सदस्य और अठहत्तर (78) लायंस क्लब के जिला गवर्नर 322 डी मणिपुर के लायन डॉ. डब्ल्यू गोपीमोहन सिंह नगांव लायंस क्लब में डीजी मीट कार्यक्रम के तहत उपस्थित हुए। इस अवसर पर बेबेजिया स्थित लायंस क्लब द्वारा बनाए गए बगीचे में जिला गवर्नर के द्वारा वृक्ष रोपण कार्यक्रम भी किया गया। इसके बाद नगांव लायंस क्लब के सभागार में शाम को क्लब ने कई धार्मिक पूजारियों को उनके पेशे के प्रति निस्वार्थ सेवा के लिए जिला गवर्नर की उपस्थिति में सम्मानित किया गया, जिसमें फौजदारीपट्टी कलंगपरिया कीर्तन घर के हरेन बोरा, डिमरूगुरी मस्जिद के इमाम सामसूल हक, नगांव बैपटिस्ट चर्च के फादर ओलिड मोरियन, बंगाली पूजाबाड़ी के पूरोहित शिव शंकर भट्टाचार्य, ठाकुरबाड़ी मंदिर के पूरोहित कमल भट्ट राय तथा बरकुला के प्रधान ग्रंथी तथा श्री मंत शंकरदेव संघ के धर्म प्रचारक ज्ञानी जसबीर सिंह का नाम उल्लेखनीय हैं। इन सभी को प्रशस्ति पत्र व गोमोछा देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में नगांव लायंस क्लब के अध्यक्ष मालचंद अग्रवाल, सचिव सारंग बल्लव गोस्वामी, कोषाध्यक्ष हर्षदा सोलंकी, विश्वजीत महंत, जोनाली शर्मा हजारिका, गुरुचरण सिंह, मदन साहा, रूप रंजन दास, हरदर्शन सिंह, गंगा बल्लभ गोस्वामी, हिम्मत सिंह सोलंकी, जुगल अग्रवाला, प्रलय साहा, अजय मित्तल, गौरी सेनगुप्ता, महर्षि बरदलै सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# भारत ने फिलीपींस नेवी को शुरू की सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल की आपूर्ति

- दक्षिण चीन सागर में विवादित समुद्री क्षेत्रों के कुछ हिस्सों को कवर करेगी ब्रह्मोस
- भारत से ब्रह्मोस मिसाइल की तीन बैटरियां खरीदने वाला पहला देश है फिलीपींस


**नई दिल्ली, (हि.स.)।** ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड ने फिलीपींस नेवी के मरीन कॉर्प्स (पीएनएमसी) को ब्रह्मोस तटीय-आधारित एंटी-शिप मिसाइल सिस्टम की आपूर्ति शुरू कर दी है। 290 किमी. की सीमा के साथ यह दक्षिण चीन सागर में विवादित समुद्री क्षेत्रों के कुछ हिस्सों को कवर करने के लिए पर्याप्त है। फिलीपींस नेवी ने भारत से 374 मिलियन डॉलर में ब्रह्मोस की तीन बैटरियां खरीदी हैं। भारत से ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने वाला फिलीपींस पहला देश है। इसके बाद वियतनाम, मिस्र और ओमान सहित कई देशों ने ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद में बहुत रुचि दिखाई है। फिलीपींस को सुपरसोनिक ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल सिस्टम की आपूर्ति करने के लिए ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (बीएपीएल) ने पिछले साल 28 जनवरी को फिलीपींस गणराज्य के राष्ट्रीय रक्षा विभाग के साथ एक औपचारिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। फिलीपींस ने अपनी नौसेना के लिए शोर-आधारित एंटी-शिप मिसाइल सिस्टम के लिए यह सौदा किया। सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने के लिए 374 मिलियन डॉलर से अधिक का यह भारत के साथ सबसे बड़ा और पहला विदेशी सौदा था। दोनों देशों ने 03 मार्च, 2020 को प्रमुख रक्षा संधि पर हस्ताक्षर किए थे। उस समय फिलीपींस के पास ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने के लिए पर्याप्त बजट नहीं था, इसलिए यह सौदा




अंतिम रूप नहीं ले सका। सुपरसोनिक क्रूज ब्रह्मोस मिसाइलों का तीसरे देशों को निर्यात करने के लिए केंद्र सरकार ने अगस्त, 2020 में हरी झंडी दी थी। इसके बाद फिलीपींस के बजट प्रबंधन विभाग (डीबीएम) ने 29 दिसंबर, 2021 को दो विशेष आवंटन रिलीज ऑर्डर (एसएआरओ) जारी किए जिसमें एक 1.3 बिलियन (190 करोड़ रुपये) और दूसरा 1.535 बिलियन (224 करोड़ रुपये) का है। फिलीपींस नेवी को निर्यात किया जाने वाला ब्रह्मोस मिसाइल का समुद्री संस्करण 290 किलोमीटर की 'सामान्य रेंज' वाला होगा। फिलीपींस के अलावा वियतनाम, मिस्र और ओमान सहित कई देशों ने ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद में बहुत रुचि दिखाई है। ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल का सौदा होने के बाद अब भारत ने फिलीपींस की सेना के आर्टिलरी सिस्टम को अपग्रेड करने के साथ ही एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने के लिए पेशकश की है। फिलीपींस अपनी लड़ाकू क्षमता बढ़ाने के लिए भारत से एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टरों (एएलएच) का एक बैच भी खरीद रहा है। दक्षिण चीन सागर में चीन के साथ दशकों से चल रहे क्षेत्रीय विवादों के साथ-साथ सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए फिलीपींस अपनी सेना के आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों के भीतर खासकर समुद्री क्षेत्र में द्विपक्षीय रक्षा और सुरक्षा संबंधों में तेजी आई है। भारत और फिलीपींस ने हाल ही में अपने द्विपक्षीय रक्षा और सुरक्षा सहयोग में वृद्धि की है।

## हिमाचल प्रदेश में भूकम्प के झटके, कांगड़ा रहा केंद्र

**शिमला, (हि.स.)।** हिमाचल प्रदेश में सोमवार को एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक प्रदेश में सोमवार प्रातः 10 बजकर 58 मिनट पर भूकम्प के झटके लगे। भूकम्प का केंद्र कांगड़ा जिला में जमीन से 05 किलोमीटर नीचे रहा। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता ने बताया कि भूकम्प की तीव्रता कम होने के कारण कांगड़ा जिला में जानमाल के नुकसान की रिपोर्ट नहीं है। गौरतलब है कि पिछले कई वर्षों से प्रदेश में लगातार भूकम्प के झटके लग रहे हैं। इससे लोगों में




दहशत का माहौल है। पिछले 10 दिनों में तीन बार प्रदेश में भूकम्प आया है। बीते 21 दिसंबर को लाहौल-स्पीति जिले में 2.6 और 16 दिसंबर को किन्नौर जिला में 3.4 की तीव्रता का भूकम्प आया था। वर्ष 1905 में कांगड़ा और चम्बा जिलों में आये विनाशकारी भूकंप में 10 हजार से अधिक लोगों की जान चली गई थी। हिमाचल प्रदेश भूकंप की दृष्टि से अति संवेदनशील जोन चार व पांच में आता है।

## 'भारत जोड़ो यात्रा' के बारे में भाजपा ने फैलाए झूठ : कांग्रेस

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से डरी हुई है। इसलिए यात्रा को लेकर कई तरह के झूठ फैला रही है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि भाजपा नेता कहते थे कि राहुल गांधी क्रिसमस की छुट्टी मनाने विदेश जाएंगे। लेकिन आज कड़ाके की ठंड में जब भाजपा नेता कंबल ओढ़कर भारत तोड़ने में लगे थे, तब राहुल गांधी महापुरुषों की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे थे। सुप्रिया ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा जब से शुरू हुई तभी से भाजपा के लोग परेशान हैं। जब यात्रा शुरू



हुई तो इन लोगों ने कहा कि यात्रियों के कैंटेनर लग्जरी हैं। जबकि ऐसा कुछ नहीं है। सभी कैंटेनर सामान्य हैं। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने झूठ बोला कि यात्रा शुरू करने से पहले राहुल गांधी स्वामी विवेकानंद को नमन करने नहीं पहुंचे थे। जबकि राहुल गांधी ने कन्याकुमारी में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा की परिक्रमा कर यात्रा शुरू की थी। सुप्रिया ने कहा कि भाजपा के लोग यह झूठ फैलाते रहे कि राहुल गांधी प्रेसवार्ता नहीं करते। जबकि वह अभी तक आठ प्रेसवार्ता कर चुके हैं और आगे भी करेंगे।

## बापू पंडित नेहरू और इंदिरा गांधी को राहुल ने दी श्रद्धांजलि सदैव अटल भी जाएंगे कांग्रेस नेता

**अजय कुमार**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार सुबह महात्मा गांधी देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू दादी इंदिरा गांधी और पिता राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी। राहुल गांधी सुबह-सुबह बापू गांधी को श्रद्धांजलि देने राजघाट पहुंचे। इसके अलावा उन्होंने शांतिवन पहुंचकर देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू को भी श्रद्धांजलि दी। इससे पहले राहुल पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी व अपने पिता राजीव गांधी के समाधिस्थल पर भी पहुंचे और श्रद्धासुमन अर्पित किए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पूर्व प्रधानमंत्री व भाजपा नेता अटल बिहार वाजपेयी को



श्रद्धांजलि देने सदैव अटल भी जाएंगे। इसके अलावा वे विजय घाट पहुंचकर लाल बहादुर शास्त्री को भी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। कांग्रेस ने अपने ट्विट हैंडल पर राहुल गांधी के श्रद्धासुमन अर्पित को लेकर पूरा शेड्यूल जारी किया है। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी इन दिनों भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं और उनके साथ बड़ी संख्या में लोग जुड़ भी रहे हैं।

## संजय राउत ने पूछा क्या भाजपा फडणवीस की पत्नी अमृता के विचारों से सहमत है

**मुंबई(ईएमएस)।** शिवसेना नेता संजय राउत ने भाजपा से पूछा कि क्या वह देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस के विचारों से सहमत है जिन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को न्यू इंडिया का पिता बताया है। राउत ने अपनी पार्टी के मुखपत्र सामना में अपने साप्ताहिक स्तंभ रोखठोक में दावा किया कि यह मोदी का अपमान है क्योंकि नये भारत में भुखमरी गरीबी बेरोजगारी और आतंकवाद की समस्या मुंह बाये खड़ी है। उन्होंने दावा किया भाजपा में कोई भी वीर सावरकर के राष्ट्रपिता होने की बात नहीं करता। आरएसएस ने हमेशा सावरकर का विरोध किया जिन्होंने कठोर सजा काटी थी। इन लोगों ने भारत को पुराने और नये में बांट दिया है। बैंकर एवं गायिका अमृता ने एक साक्षात्कार में कहा था हमारे पास दो राष्ट्रपिता हैं। नरेन्द्र मोदी न्यू इंडिया के पिता हैं और महात्मा गांधी पहले के समय के राष्ट्रपिता हैं। राउत ने कहा कि क्या भाजपा



स्वतंत्रता सेनानियों की शहादत से मिली आजादी को स्वीकार नहीं करती है। राउत ने मराठी अखबार में लिखा आज नये भारत में भूख गरीबी बेरोजगारी आतंकवाद की समस्या सिर उठाये है तथा पीएम मोदी को नये भारत का पिता बनाना उनका अपमान है। उन्होंने कहा कि शिवसेना संस्थापक दिवंगत बालासाहेब ठाकरे समेत कई राजनीतिक विरोधियों को इस पर आपत्ति थी। उन्होंने कहा कि यहां मुद्दा यह नहीं है कि राष्ट्रपिता या सरदार कौन है बल्कि मुद्दा स्वतंत्रता संघर्ष में भाजपा के योगदान का है। राउत ने आरोप लगाया भाजपा और आरएसएस की स्वतंत्रता आंदोलन में कोई भूमिका नहीं थी।

## केजरीवाल सरकार की इस योजना से मिल सकते हैं 51000 रुपये

**अजय त्यागी**

**नई दिल्ली।** सरकारी कामकाज और योजनाओं का श्रमिकों और कामगारों को लाभ पहुंचाने के लिए दिल्ली सरकार की तरफ से दिल्ली श्रमिक मित्र योजना की शुरूआत की गई है। पूरे साल श्रमिकों द्वारा नियमित परिश्रम किया जाता है इसके लिए आवश्यक है कि उन्हें सरकारी योजना का भी लाभ मिले और उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की मौजूदगी में नवंबर 2021 में इस योजना की शुरूआत की गई थी। इसके अलावा दिल्ली सरकार की तरफ से इन श्रमिकों और कामगारों को प्रशिक्षित भी किया जाएगा। इस योजना का वही लाभ ले सकते हैं जो श्रमिक दिल्ली के स्थाई निवासी हो इसके अलावा दिल्ली



निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड में व्यक्ति का पंजीकरण होना चाहिए और उसकी उम्र 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। आवश्यक दस्तावेज के लिए निवास प्रमाण पत्र आय प्रमाण पत्र आधार कार्ड राशन कार्ड फोटो बैंक पासबुक मोबाइल नंबर का सही विवरण देना होगा। इसके लिए अभी तक ऑफलाइन व्यवस्था के माध्यम से दिल्ली निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड से श्रमिकों को फॉर्म लेना होगा जिस फॉर्म पर सही विवरण और जानकारी और आवश्यक दस्तावेजों के साथ उसे भरकर निर्धारित समय में श्रमिक कल्याण बोर्ड में ही जमा करना होगा। जिसके बाद विभाग द्वारा लाभार्थी श्रमिकों की सूची तैयार की जाएगी।

## दिल्ली एनसीआर में सर्दी का सितम ठिठुर रहा जनजीवन 3 डिग्री पहुंचा पारा

**राकेश शर्मा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर में कड़ाके की ठंड शुरू हो गई है। सोमवार को तो कोहरा और ठंड ने सारे रिकार्ड तोड़ दिए। पारा के कई डिग्री नीचे गिरने की वजह से पूरे उत्तर भारत में जनजीवन प्रभावित होने लगा है। ज्यादातर स्थानों पर अधिकतम तापमान 20 डिग्री और न्यूनतम पांच डिग्री से भी नीचे चला गया है। सोमवार को दोपहर तक दिल्ली एनसीआर के अलावा उत्तर प्रदेश पंजाब और हरियाणा के ज्यादातर हिस्सों में घना कोहरा छाया रहा। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रविवार सुबह न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था जबकि सोमवार को पारा चार डिग्री से भी नीचे चला गया। सफदरजंग स्थित मौसम कार्यालय ने मिली जानकारी के मुताबिक रिज क्षेत्र में न्यूनतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसकी वजह से राजधानी का यह सबसे ठंडा स्थान बन गया। मौसम विभाग के अनुसार पंजाब और हरियाणा के कई हिस्सों में घना कोहरा



छाया रहा। पंजाब में बठिंडा का न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अमृतसर में चार डिग्री सेल्सियस तापमान रहा।

वहीं पंजाब के औद्योगिक केंद्र लुधियाना में तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पठानकोट फरीदकोट और गुरदासपुर में न्यूनतम तापमान क्रमशः 6 4.6 और 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली के अलावा इससे सटे पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तर-पश्चिम राजस्थान के अधिकांश केंद्रों में 24 घंटों के तापमान में छह डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों तक शीत दिवस शीत लहर की स्थिति रहने और उसके बाद थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम कार्यालय के मुताबिक पंजाब हरियाणा चंडीगढ़ और दिल्ली के अलावा इससे सटे पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तर-पश्चिम राजस्थान के अधिकांश केंद्रों में 24 घंटों के तापमान में छह डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों तक शीत दिवस शीत लहर की स्थिति रहने और उसके बाद थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

## दिल्ली में कोरोना के खिलाफ एक्शन की तैयारी

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** कुछ देशों में कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए दिल्ली में अधिकारी खुद यहां के सभी सरकारी अस्पतालों का दौरा करेंगे और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए उनकी तैयारियों का जायजा लेंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। केंद्र सरकार के निर्देश के अनुपालन में आज दिल्ली के सभी सरकारी अस्पतालों में मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। दिल्ली के स्वास्थ्य सचिव अमित सिंगला ने रविवार सुबह सभी जिलाधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें सभी अस्पतालों का दौरा करने तथा वहां बिस्तरों की उपलब्धता एवं उपकरणों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया वहीं एक अन्य अधिकारी ने कहा सोमवार से हम सरकारी अस्पतालों में बिस्तर ऑक्सीजन सिलेंडर वेंटिलेटर आदि की उपलब्धता के संबंध में स्थिति का वहां जाकर आंकलन करने जा रहे हैं। यह विवरण मंगलवार से जनता के लिए



दिल्ली सरकार के पोर्टल पर उपलब्ध होगा। दिल्ली सरकार के कोरोना वायरस डैशबोर्ड को आखिरी बार 12 दिसंबर को अपडेट किया गया था। अधिकारी ने कहा मंगलवार से पोर्टल पर रियल टाइम डाटा उपलब्ध होगा। जांच जल्द ही शुरू होने की संभावना है। इस समय पूरी दिल्ली में करीब 2500 से 3000 के बीच नमूनों की जांच हो रही है। उन्होंने कहा रेजिडेंट वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन और गैर-सरकारी संगठनों के साथ बैठकें की जा रही हैं। उन्हें उभरती स्थिति के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए कहा जा रहा है। संभावना है कि हम संवेदनशील आबादी को बूस्टर खुराक प्रदान करने के लिए घर-घर जाकर अभियान शुरू करें।

## दिल्ली में बढ़ सकती है ओला-उबर की मुश्किलें

**आशीष वर्मा**

**नई दिल्ली।** केजरीवाल सरकार देश की राजधानी दिल्ली में जल्द ही एग्रीगेटर नीति लागू करने की तैयारी में जुटी है। अब किसी भी समय इसका ऐलान हो सकता है। इसका मकसद दिल्ली में पाल्यूशन के स्तर को नियंत्रित करने के साथ निजी कंपनियों के वाहन हायर करने के बाद यात्रियों की होने वाली परेशानियों निजात दिलाना है। इसके दायरे में ओला-उबर जैसी कंपनियां आएंगी। ओवर चर्जिंग या यात्रियों से गलत आचरण आदि की शिकायतों पर एग्रीगेटर पॉलिती के तहत तहत कार्रवाई होगी। साथ ही एग्रीगेटर सेवा प्रदाता कंपनियों को अपने दोपहिया और चार पहिया वाहनों को एक निश्चित संख्या तक इलेकिक्ट्रक व्हीकल में बदलना होगा। दिल्ली की




केजरीवाल सरकार देश की राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए बड़ी पहल करते हुए मोटर वाहन एग्रीगेटर्स स्कीम 2021 को लागू करने जा रही है। साल 2023 की शुरूआत में यह स्कीम जमीन पर आ जाएगी। इस नीति में जहां इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जाएगा वहीं ओला-उबर जैसी कंपनियों की मनमानी पर नकेल कसने की भी तैयारी है। यदि ऐसी कंपनियों से संबंधित चालक सवारियों से अधिक पैसा वसूलता है या ठीक से पेश नहीं आता है तो संबंधित चालक और कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकेगी।

## डॉ. अच्युत सामंत को उत्कल विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से किया गया सम्मानित

**भुवनेश्वरः** शिक्षाविद्, सामाजिक कार्यकर्ता, कीट-कीस के संस्थापक और कंधमाल से लोकसभा सांसद डॉ. अच्युत सामंत को शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके अपार योगदान के लिए उत्कल विश्वविद्यालय द्वारा मानद डी. लिट् डिग्री से सम्मानित किया गया है। यह डॉ सामंत का 50वीं सम्मानसूचक उपाधि है। उत्कल विश्वविद्यालय जहाँ से डॉ सामंत ने 1987 में रसायन विज्ञान में एम एससी किये हैं, 23 दिसंबर 2022 को अपने 52वें दीक्षांत समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति वी गोपाल गौड़ा, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सबिता आचार्य और ओडिशा सरकार के उच्च शिक्षा प्रधान सचिव बिष्णुपद सेठी की उपस्थिति में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति और ओडिशा के राज्यपाल प्रोफेसर गणेशी लाल से डिग्री प्राप्त की। इस अवसर पर राज्यपाल ने अपने संबोधन मैं डॉ.

**सामंत ने कहा कि, "दूसरों की सेवा के लिए समर्पित मेरे जीवन के बारे में सभी जानते हैं। मेरे जीवन, कार्य और उपलब्धियों की मान्यता के रूप में, मुझे कई प्रशंसाओं और पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।**

सामंत का विशेष उल्लेख करते हुए उन्हें "दीक्षांत समारोह के अग्रणी किंवदंती" के रूप में वर्णित किया। उन्होंने कहा कि डॉ सामंत सादगी, विनम्रता, कृतज्ञता, साहस, दृढ़ता, उदारता, समभाव, शांति और अच्छाई जैसे प्रमुख मानवीय गुणों का प्रतीक हैं। डॉ. सामंत ने सम्मान के लिए कुलाधिपति के अलावा कुलपति और विश्वविद्यालय सिंडिकेट के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सामंत ने कहा कि, "दूसरों की सेवा के लिए समर्पित मेरे जीवन के बारे में सभी जानते हैं। मेरे जीवन, कार्य और उपलब्धियों की मान्यता के रूप में, मुझे कई प्रशंसाओं और पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। हालाँकि, कुछ पुरस्कार विशेष होते हैं, जैसे यह एक है। मुझे खुशी है कि मेरी मातृ संस्था उत्कल विश्वविद्यालय मानद डी. लिट. प्रदान कर रहा है। यह मेरा 50 वां मानद डॉक्टरेट है, जो किसी भी भारतीय के लिए सर्वोच्च है। मैं यह पुरस्कार अपने नायक जैसी मेरी मां और उनके सभी संघर्षों और बलिदानों को समर्पित करता हूं। ईश्वर के आशीर्वाद और लोगों की शुभकामनाओं ने मुझे यहां तक पहुंचने में मदद की है। उनकी इच्छाएँ मुझे समाज की भलाई के लिए और अधिक सपने देखने की शक्ति देती हैं। ज्ञात हो कि डॉ. सामंत को हाल ही में बिरला ग्लोबल यूनिवर्सिटी से डॉक्टरेट की मानद उपाधि और ब्रह्मपुर विश्वविद्यालय से मानद उपाधि से सम्मानित किया गया था।

## महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमावर्ती इलाकों के लोगों पर अन्याय नहीं होने देंगे : देवेंद्र फडणवीस

**मुंबई, (हि.स.)।** उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमावर्ती इलाकों के लोगों पर किसी भी तरह का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री इस संबंध में विधानसभा में प्रस्ताव लाने वाले हैं। पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि सीमा विवाद पर मुख्यमंत्री की चुप्पी समझ से परे हैं। जब तक सीमा विवाद सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, तब तक महाराष्ट्र-कर्नाटक के सीमावर्ती इलाकों को तत्काल केंद्र शासित राज्य घोषित कर देना चाहिए।

सीमा विवाद के मुद्दे पर विपक्ष सुबह से आक्रामक दिखा और विधानभवन की सीढ़ियों पर प्रदर्शन किया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अजीत पवार ने कहा कि राज्य सरकार ने आश्वासन दिया था कि शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह में ही सीमा विवाद पर प्रस्ताव लाया जाएगा, लेकिन आज सत्र के दूसरे सप्ताह का पहला दिन है। अभी तक राज्य सरकार ने सीमा विवाद पर प्रस्ताव नहीं लाया है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री इस मुद्दे पर अनायास बयान जारी कर माहौल को चिंताजनक बना दिया है, जबकि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री का इस संदर्भ में कोई बयान नहीं आ रहा है, इससे सीमावर्ती इलाकों के ही नहीं, पूरे महाराष्ट्र के लोग चिंतित हैं। उन्होंने सीमा विवाद पर तत्काल प्रस्ताव लाने की मांग की। पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिर्फ राजनीतिक फायदे के लिए भड़काऊ बयानबाजी कर रहे हैं और हमारे मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री चुप बैठे हैं। इससे राज्य के नागरिकों के मन में भय का वातावरण है। इसके बाद उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सीमा विवाद को लेकर राज्य के सभी पार्टियों की भावना एक जैसी है। मुख्यमंत्री आज शाम तक अथवा कल तक इस मुद्दे पर प्रस्ताव लाएंगे। देवेंद्र फडणवीस के इस जवाब से विपक्ष संतुष्ट नहीं हुआ और सभागृह का बहिष्कार कर दिया।

## बीजेपी नहीं छोड़ेगी मैदान मेयर के चुनावी अखाड़े में उतारेगी पहलवान, AAP की बढ़ेगी मुश्किल

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** दिल्ली नगर निगम एमसीडी में 15 वर्ष तक सत्तारूढ़ रहीं भाजपा आसानी से दांव नहीं छोड़ने वाली है। एमसीडी चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) को कड़ी टक्कर देने के बाद अब पार्टी ने महापौर व उपमहापौर के साथ ही स्थायी समिति के चुनाव में भी चुनौती देने की तैयारी की है। इस चुनाव में भी वह अपना उम्मीदवार उतारेगी। प्रत्याशियों की घोषणा नामांकन के अंतिम दिन 27 दिसंबर की सुबह तक हो सकती है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक रविवार को प्रदेश भाजपा की शीर्ष बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि अकेले आप के लिए मैदान खाली न छोड़ा जाएं और पार्टी पूरे दमखम से चुनाव लड़े। ऐसे में छह जनवरी को होने वाला चुनाव दिलचस्प हो सकता है। इसके साथ ही इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी के साथ ही निर्दलीय पार्षदों की भूमिका दिलचस्प हो सकती है। लाजमी है भाजपा की इस तैयारी से अब आम आदमी पार्टी को अपने जीते पार्षदों को एकजुट रखने की चिंता सताएगी क्योंकि एमसीडी में दलबदल कानून लागू नहीं होता है। एमसीडी चुनाव में आम आदमी पार्टी ने भाजपा के 15 साल के किले को



ढहा दिया है उसने 250 सीटों वाली एमसीडी में 134 सीटों पर जीत दर्ज की है जबकि भाजपा के खाते में 104 ही सीटें आई है। वैसे जीत का अंतर महज 30 सीटों का है। हालांकि राजनीतिक पंडितों द्वारा चुनाव के ठीक पहले तक भाजपा के और खराब प्रदर्शन का अनुमान लगाया जा रहा था। वहीं कांग्रेस पार्टी के खाते में नौ तथा तीन निर्दलीय पार्षद हैं। जबकि विधानसभा अध्यक्ष द्वारा नामित 13 आम आदमी पार्टी व एक भाजपा के विधायक के साथ दिल्ली के सभी लोकसभा व राज्यसभा सदस्यों की भी भूमिका अहम होगी। वैसे चुनाव परिणाम बाद से भाजपा में महापौर चुनाव को लेकर उहापोह की स्थिति थी। पहले वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा चुनाव लड़ने की बात कहीं गई थी फिर असमंजस की स्थिति देखी गई। उतारने का फैसला किया है। आम आदमी पार्टी ने महापौर पद के लिए शैली ओबराय व उपमहापौर के लिए आले मोहम्मद इकबाल के नाम की घोषणा पहले ही कर दी है। वैसे जीते महापौर का कार्यकाल महज तीन माह का ही होगा क्योंकि एमसीडी एक्ट के अनुसार चुनाव की यह प्रक्रिया फिर अप्रैल माह में दोहराई जाएगी। एक्ट के अनुसार निगम की पहला महापौर महिला होंगी।

# 'वीर बाल दिवस' हमें सिख गुरुओं के बलिदान को याद दिलाता है : योगी आदित्यनाथ

**-मुख्यमंत्री आवास पर वीर बाल दिवस के अवसर पर हुआ संकीर्तन**



**लखनऊ, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वीर बाल दिवस हमें सिख गुरुओं के बलिदान को याद दिलाता है। गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्र धर्म और देश की रक्षा के लिए हंसते-हंसते प्राणों की आहुति दे दी। यह इतिहास युवा पीढ़ी तक पहुंचानी होगी, ताकि वे अपने बलिदानियों की गौरवगाथा के बारे में जानें। उन्होंने कहा कि जब भी भारत पर दुश्मनों की नजर पड़ी, पंजाब दीवार बन कर खड़ा रहा। मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह दिन सिख गुरुओं के बलिदान को याद करने नमन करने का अवसर है। उन्होंने गुरुगोविंद सिंह के चारों पुत्रों के नाम लेते हुए कहा कि चार-चार पुत्र भारत की और धर्म की रक्षा करते हुए बलिदान दिए। जब गुरुगोविंद से पूछा कि आपके चार पुत्र शहीद हुए। उस समय उनके मुख से यही निकला था कि चार हुए तो क्या हुआ, जीवित हुए हजार। ऐसे कार्यक्रम उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर है। उसी क्रम में मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में सिख गुरुओं को नमन करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि भारत के स्वर्णकालीन इतिहास को पुस्तक में सचित्र उपलब्ध कराने का कार्य शुरू हो गया है। नहीं होगा तो लोग भूल जाएंगे कि बाबा अजित सिंह, बाबा फतेह सिंह, जोरावर सिंह कौन थे। उनकी उम्र क्या था ? मां गुजरी के सानिध्य में जो संस्कार मिले उसी का परिणाम है कि वे अधर्म के सामने नहीं झुके। धर्म और देश के लिए लड़ते-लड़ते अपने प्राणों की आहूति दी। कौन नहीं जानता जब भी भारत पर कोई खतरा आया तब-तब पंजाब दीवार बनकर खड़ा रहा। तवांग की घटना के बारे में मैने जानकारी की तो पता चला कि भारत के जवान चीन के एक-एक जवान को पकड़ बताया कि हमारी क्या ताकत है। लखनऊ और गोरखपुर गुरुद्वारा कमेटी के लोगों को धन्यवाद दूंगा। वे लोग बार-बार वीर बाल दिवस मनाने की आवाज उठाते रहे। मुख्यमंत्री आवास पर इसकी शुरूआत हुई। उस्की गूंज पूरे देश और दुनिया में सुनाई पड़ी। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीर बाल दिवस के अवसर पर दिल्ली में बहुत बड़े आयोजन में शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उप्र सरकार सिख समाज के साथ खड़ी है। किसी भी प्रकार से कोई दिक्कत नहीं होगी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, योगी सरकार में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, बलदेव सिंह औलख, गिरीश चंद्र यादव, मेयर संयुक्ता भाटिया, एमएलसी मुकेश शर्मा, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सरदार परविंदर सिंह के अलावा सरदार राजेन्द्र सिंह बग्गा, निर्मल सिंह समेत कई विधायक व अन्य लोग मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 2017 में सरकार बनने के बाद से मुख्यमंत्री आवास पर पहली बार सिख समाज के इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन शुरू हुआ।

# कानपुर वासियों को वर्ष 2022 ने दिए बड़े जख्म, पत्थर खाकर भी भूले



**कानपुर, (हि.स.)।** साल 2022 ने कानपुर वासियों को कई बड़े जख्म दिए। जिसे भूल नहीं पायेंगे। पत्थर खाने के बाद भी यहां के लोग अपने काम में लगे हुए हैं और प्रदेश को आगे ले जाने के लिए प्रतिदिन प्रयास कर रहें है। बता दें कि उत्तर प्रदेश का उद्योग एवं अर्थ जगत की हृदय स्थली कानपुर वासी अपने कार्य में मशगूल थे। वहां अचानक 3 जून को पत्थरबाजी शुरू हो गई। पत्थरबाजी के दौरान शहर वासी जख्मी भी हुए और समाज में बेरुखी का माहौल बन गया। हालांकि पुलिस एवं प्रशासन तथा समाजसेवी लोगों के अथक प्रयास से फिर से कानपुर वासी पत्थरबाजी का दर्द भूलकर अपने काम में लग गए।

**दो अक्टूबर को वर्ष 2022 ने दिया बड़ा दर्द** – कानपुर के साढ़ थाना क्षेत्र के कोरथा गांव निवासी श्रद्धालु ट्रैक्टर-ट्राली से फतेहपुर में चंद्रिका देवी मंदिर गए थे। वाहन में करीब 50 लोग सवार थे। वापस लौटते समय साढ़ और गंभीरपुर गांव के बीच सड़क के किनारे तालाब में ट्राली पलटने से 26 की मौत हो गयी थी। कई लोग घायल हो गए थे।

इस हादसे में एक घर सूना हो गया। हालांकि केन्द्र एवं राज्य सरकार ने जख्म भरने का पूरा प्रयास किया। लेकिन यह जख्म कभी न भर पाएगा। दो अक्टूबर को ही कानपुर के चकेरी थाना के अहिरवां गांव के पास हुए सड़क हादसे में पांच लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक बच्चे समेत 10 लोग घायल हुए थे। 16 दिसम्बर को कानपुर के फजलगंज थाना क्षेत्र में एक फैक्ट्री में आग लगने से 3 लोगों की जान चली गई। हादसे में अग्निशमन दल के लोगों ने पांच लोगों को आग से बचाया था। वर्ष 2022 ने कई छोटे जख्म भी दिए है। जिसे कानपुर वासी नहीं भूल पाएगे। लोग जीवन यापन करने के लिए प्रति दिन प्रयास कर रहे है। वे भूल नहीं पायेंगे।

# पूर्वी सिंहभूम में फिर मिला एक कोरोना पॉजिटिव




**रांची, (हि.स.)।** झारखंड में कोरोना का कहर थम गया था लेकिन 25 दिसंबर को पूर्वी सिंहभूम में एक महीने बाद कोरोना का नया मरीज आने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की नींद उड़ गई है। हालांकि ओमीक्ोन के नए वैरिएंट के आने के बाद स्वास्थ्य विभाग पहले से अलर्ट है और लगातार टेस्टिंग जारी है। इसके अलावा सभी डीसी और सिविल सर्जन को पत्र लिखकर तैयार रहने का निर्देश दिया गया है, जिससे किसी भी स्थिति से निपटा जा सके। उल्लेखनीय है कि झारखंड में 31 मार्च 2020 को कोरोना का पहला केस हिंदपीढ़ी में मिला था। मलेशिया की रहने वाली युवती कोरोना पॉजिटिव पाई गई थी। इसके बाद से राज्य में टेस्टिंग तेज कर दी गई थी। वहीं आंशिक लॉकडाउन लगाया गया। इसके बाद कई महीने तक लॉकडाउन में लोग घरों में कैद हो गए। कुछ शर्तों के साथ लॉकडाउन में ढील दी गई। जब राज्य में केस घटे तो सरकार ने सभी पाबंदियों में छूट दे दी थी। अब फिर से मास्क लगाने के साथ सोशल डिस्टेंसिंग का भी पालन करने को कहा गया है। राज्य में अबतक कोरोना के 2,29,56,377 सैंपल कलेक्ट किए जा चुके है। इसमें से 2,29,54690 सैंपल टेस्ट किया गया है। 2,25,12,122 की रिपोर्ट निगेटिव आई है। जबकि 4,42,568 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। 4,37,236 लोग कोरोना को मात दे चुके हैं। अबतक 5,331 की मौत हो चुकी है।

# विद्या भारती के विभिन्न रचनात्मक कार्यों को समाज के बीच ले जाना, प्रचार विभाग का कार्य : मुकेश नंदन




**मुजफ्फरपुर, ( हि.स.) ।** विद्या भारती, अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान की उत्तर बिहार प्रांत इकाई लोक शिक्षा समिति बिहार के तत्वावधान में मुजफ्फरपुर के सदातपुर केशव नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के परिसर में संचालित किए जा रहे विद्या भारती , उत्तर बिहार प्रांत प्रचार विभाग की दो दिवसीय प्रांतीय कार्यशाला में दूसरे दिन मुख्य वक्ता लोक शिक्षा समिति बिहार के प्रदेश सचिव मुकेश नंदन ने कहा विद्या भारती शिक्षा के साथ समाज जागरण की कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारा विद्यालय सामाजिक चेतना का केंद्र बने इसके लिए प्रचार विभाग को विद्या भारती के विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को प्रचार प्रसार के माध्यम से समाज के बीच ले जानी चाहिए।हमे सोशल मीडिया पर अपने गतिविधियों का प्रचार प्रसार करते समय आवश्यक सावधानी बरतनी चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति की क्रियान्वयन में विद्या भारती महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुजफ्फरपुर के विभाग प्रचार प्रमुख ने कहा सामाजिक चेतना जागरण में मीडिया की अहम भूमिका है। प्रचार विभाग के माध्यम से जनमानस तक पहुंचकर देश में बहुत बड़ा बदलाव ला सकते हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में लोक शिक्षा समिति बिहार के प्रदेश मंत्री डॉ.सुबोध कुमार ने प्रचार प्रसार विभाग के कार्यकताओं को अपने अपने क्षेत्रों में लगकर कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर लोक शिक्षा समिति, बिहार के प्रचार विभाग के मार्गदर्शक ललित कुमार राय, प्रचार विभाग के उत्तर बिहार प्रांत प्रचार प्रमुख नवीन सिंह परमार सहित उत्तर बिहार प्रांत में संचालित किए जाने वाले विभिन्न विद्या भारती विद्यालयों सरस्वती शिशु/विद्या मंदिरों के प्रचार - प्रसार के कार्यों को देखने वाले दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# केजीएमयू मास्क जोन घोषित



**लखनऊ, (हि.स.)।** राजधानी लखनऊ स्थित किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) मास्क जोन घोषित कर दिया गया है। अब चिकित्सा विश्वविद्यालय के परिसर में बिना मास्क लगाये प्रवेश नहीं मिलेगा, चाहे मरीज हों या केजीएमयू के कर्मचारी। केजीएमयू प्रशासन ने कहा है कि सभी तीमारदारों एवं रोगियों के लिए मास्क लगाना अनिवार्य है। सभी कर्मचारी, छात्र एवं संकाय सदस्य भी मास्क लगाना सुनिश्चित करेंगे। यह जानकारी केजीएमयू के प्रवक्ता डा. सुधीर सिंह ने दी है। डा. सुधीर सिंह ने बताया कि केजीएमयू प्रशासन ने यह निर्णय कोविड गाइडलाइन के अनुपालन में लिया है।

## अपना दल (एस) के गोरखपुर इकाई के दो पदाधिकारी निष्कासित

**लखनऊ, (हि.स.)।** अपना दल (एस) ने गोरखपुर जिला इकाई के दो पदाधिकारियों को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते निष्कासित कर दिया है। यह कार्यवाही पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के अनुमोदन के बाद ली गई है। प्रदेश प्रवक्ता राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि गोरखपुर इकाई के पदाधिकारी विकास श्रीवास्तव व अशोक चौधरी द्वारा लगातार पार्टी विरोधी गतिविधियों की जा रही थी। इसकी शिकायतें मिलने पर अनुशासन समिति की संस्तुति पर पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दोनों पदाधिकारियों की प्राथमिक सदस्यता समाप्त करते हुए निष्कासित करने किया कर दिया है। बताया कि पार्टी संगठन को मजबूत करने वाले कार्यकताओं को आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा। नगर निकाय चुनाव को लेकर संगठन की बैठक के बाद रणनीति तय करते हुए कार्यकताओं को चुनाव मैदान में उतारा जाएगा।

# अवैध शराब की भट्ठियों को किया गया नष्ट



**रांची, (हि.स.)।** रांची की पिठौरिया थाना पुलिस ने अवैध शराब के कारोबारियों के खिलाफ सोमवार को कई स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान थाना प्रभारी अभय कुमार के नेतृत्व में अभियान चला कर क्षेत्र में चल रहे अवैध तरीके से देशी शराब भट्ठियों को नष्ट किया गया। लगभग तीन क्विंटल महुआ शराब को नष्ट किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ लगातार छापेमारी की जा रही है।

## वार्ड पार्षद पुत्र ने पूर्व वार्ड पार्षद पर किया जानलेवा हमला अस्पताल में दाखिल



**नवादा, (हि.स.)।** नवादा नगर थाना क्षेत्र के पोस्टमार्टम रोड में बीती देर रात उस समय दहशत फैल गया जब नव निर्वाचित वार्ड पार्षद के पुत्र अपने गुर्गों के साथ मिलकर पूर्व वार्ड पार्षद पर तेज धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान वार्ड 15 के पूर्व वार्ड पार्षद बबलू यादव बुरी तरह से घायल हो गए। वहीं परिजन ने पूर्व वार्ड पार्षद को चिंताजनक हालत में सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सदर अस्पताल में तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत देख पावापुरी विम्स रेफर कर दिया। घायल वार्ड 15 के पूर्व वार्ड पार्षद बबलू यादव ने नवनिर्वाचित वार्ड पार्षद 15 के लक्ष्मीनिया देवी के पुत्र बिल्लू चौधरी और टाइगर व अन्य लोगों पर तेज धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़ित पूर्व वार्ड पार्षद ने पुलिस प्रशासन से न्याय के साथ - साथ जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। फिलहाल घटना की सूचना पर पहुंची नगर थाना की पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। बिल्लू चौधरी आपराधिक प्रवृत्ति का है। उसके डर से इलाके में दहशत का माहौल कायम रहता है। यही वजह है कि बिल्ला के भय से प्रेरित होकर उनकी मां को वोट देकर वार्ड पार्षद बनाया है ।जो भी विरोध करने की जुर्रत करेगा ।निश्चित तौर पर उसका जान जोखिम में पड़ जाएगी।

# अभिनेता गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई



**वाराणसी, (हि.स.)।** बॉलीवुड फिल्मों के जाने-माने अभिनेता गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा ने सोमवार को बाबा विश्वनाथ और माता अन्नपूर्णा के दरबार में हाजिरी लगाई। बाबा विश्वनाथ के दरबार में विधि-विधान से दर्शन पूजन के बाद गोविन्दा और उनकी पत्नी ने काशी विश्वनाथ धाम की भव्यता को भी देखा। इस दौरान गोविंदा ने कहा कि विश्वनाथ धाम की भव्यता अब पहले से और भी बढ़ गई, बाबा की कृपा सब पर बनी रहे। मंदिर प्रशासन की ओर से अभिनेता और उनकी पत्नी को अंग वस्त्र और प्रसाद भेंट किया गया। इसके बाद दोनों माता अन्नपूर्णा के मंदिर में पहुंचे। मंदिर के गर्भगृह में गोविंदा ने माता के समक्ष मत्था टेका और आरती उतारी। मंदिर के महंत ने अभिनेता को चुनरी और माता का चित्र भेंट मे मिला। मंदिर में गोविंदा ने अपने प्रशंसकों के साथ सेल्फी भी ली। उल्लेखनीय है कि वाराणसी में अभिनेता गोविंदा का ननिहाल है। प्रख्यात तबलावादक और कबीरचौरा के पंडित लच्छु महाराज गोविंदा के मामा लगते थे।

# केंद्रों पर यूरिया व डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित करें अधिकारी : सूर्यप्रताप शाही

**-कृषि मंत्री ने देर रात की समीक्षा बैठक**



**कुशीनगर, (हि. स.)।** प्रदेश के कृषि , कृषि शिक्षा व कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने रविवार की देर रात सर्किट हाउस में बैठक कर जिले में यूरिया, डीएपी की उपलब्धता व वितरण, धान क्रय, बरवा फार्म पर चल रहे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर पोटेटो के निर्माण समेत कृषि से जुड़े अनेक बिंदुओं की समीक्षा की और अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। बैठक में मंत्री को अवगत कराया गया कि जिले में 10,735 मीट्रिक टन यूरिया तथा कॉपरेटिव क्षेत्र में 857 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है, किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हे पर्याप्त मात्रा में उर्वरक मिल सके इस संबंध में सख्त निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि 65 क्रय केन्द्र के माध्यम से 6747 कृषकों से 26568 मीट्रिक टन धान की खरीद हो चुकी है । जनपद का लक्ष्य 1 लाख 10 हजार मीट्रिक टन धान की खरीद का है। मंत्री ने फ्लो बढ़ाने का निर्देश दिया। स्टॉक में मौजूदगी के बाद भी यूरिया व डीएपी खाद के अभाव की आ रही शिकायत पर मंत्री ने अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। मंत्री ने सीडीओ गुंजन द्विवेदी व एडीएम देवीदयाल वर्मा को निर्देश दिया कि सभी एसडीएम को धान क्रय केंद्र व यूरिया वितरण केंद्रों पर भेजकर निगरानी कराएं। प्रत्येक वितरण केंद्र पर हर समय बोर्ड पर स्टॉक, क्रय दर अंकित कराने का निर्देश दिया। कहा कि इसमें लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों का वेतन बाधित करें और प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित करें। मंत्री ने सीडीओ को बरवा फार्म पर चल रहे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर पोटेटो के निर्माण कार्य की निगरानी के निर्देश दिए।

कहा कि ध्यान रखें कार्यदाई संस्था केवल सिविल वर्क तक ही न सीमित रहे बल्कि तकनीकी वर्क भी करें जिससे सेंटर के निर्माण का असली फायदा किसानों को मिल सके। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेमचंद मिश्र, जिला कृषि उप निदेशक आशीष श्रीवास्तव, जिला कृषि अधिकारी बाबूराम मौर्य, डिप्टी आरएमओ विनय कुमार, जिला गन्ना अधिकारी दिलीप कुमार सैनी,सहकारिता, कृषि, विपणन व उद्यान विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# महिला से मारपीट मामले का वीडियो वायरल, जांच के बाद होगी कार्रवाई



**कानपुर, (हि.स.)।** महिला से अभद्रता करने का सोशल मीडिया में वायरल हो रहे वीडियो को लेकर सोमवार को पुलिस आयुक्त बीपी जोगदंड ने जांच का निर्देश दिया है। वायरल वीडियो में एक उपनिरीक्षक महिला के गले में हाथ डालकर मारपीट करता हुआ नजर आ रहा है। वायरल हुआ वीडियो ककवन थाना क्षेत्र के विषधन गांव का बताया जा रहा है। कानपुर के ककवन थाने में तैनात उपनिरीक्षक गर्वित त्यागी नोटिस तामिला के मामले में वसूली करने के लिए गया था। मामला बालिक युवक एवं युवती के प्रेम विवाह से जुड़ा हुआ था। उपनिरीक्षक युवती को जबरन पकड़कर थाने लेने गया था और बगैर महिला सिपाही के वहां पहुंचा, जहां महिला को जबरन लाने के दौरान उनसे अभद्रता की। मानवाधिकार एवं पुलिस नियमावली की बात की जाए तो किसी भी महिला को बगैर महिला पुलिसकर्मी के दबोचना गैरकानूनी करार दिया गया है। जबकि वायरल वीडियो में आरोपित उपनिरीक्षक सभी पुलिस नियमावली की धज्जियां उड़ाते हुए महिला से जबरन अभद्रता करते देखा जा रहा है। पुलिस कर्मी के अभद्रता का वीडियो बनाकर पीड़ित युवती के परिजनों ने सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।

**जांच के बाद की जाएगी कड़ी कार्रवाई : पुलिस आयुक्त** – पुलिस आयुक्त कानपुर बीपी जोगदंड का कहना है कि थाना ककवन क्षेत्रान्तर्गत कथित रूप से सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में एक उपनिरीक्षक द्वारा एक महिला के साथ दुर्व्यवहार दिखाया गया है। वीडियो को संज्ञान में लेते हुए मामले की जांच करने के लिए निर्देश दिया है।

# पिकनिक स्पॉट, पर्यटन स्थल और मंदिरों में नववर्ष को लेकर रहेंगे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



**रांची, (हि.स.)।** राजधानी रांची में नए वर्ष के मद्देनजर पिकनिक स्पॉट, पर्यटन स्थल और मंदिरों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा को लेकर दो हजार जवानों की तैनाती की गई है। रांची में जोन्हा फॉल, दशम फॉल, टैगोर हिल, रॉक गार्डन, हुंडरू वॉटरफॉल, जगन्नाथ मंदिर, बिरसा मुंडा जैविक उद्यान, पहाड़ी मंदिर, सूर्य मंदिर, फन कैसल, रामदयाल मुंडा पार्क, देवरी मंदिर, कांके डैम, डियर पार्क, नक्षत्र वन, बरियातू पहाड़ सहित अन्य स्थानों पर लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसे लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वाटर फॉल वाले स्थानों पर एनडीआरएफ टीम और स्थानीय गोताखोर की तैनाती की गई है। साथ ही डेंजर जोन को लाल पीते से घेरने का आदेश दिया गया है। शहर के सभी पार्क और मंदिरों में शक्ति कमांडो को पैनी नजर रखने को कहा गया है। इसके अलावा सभी थाना प्रभारियों को नववर्ष को लेकर विशेष सतर्कता बरतने का भी निर्देश दिया गया है। साथ ही सभी को अपने-अपने इलाके के पार्क, मंदिर और पिकनिक स्पॉट पर पैनी नजर रखने को कहा गया है। नशे में वाहन चलाने वाले, पी-खाकर हुड़दंग मचाने वाले, छेड़खानी करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। ट्रैफिक पुलिस लगातार ब्रेथ एनालाइजर से चिन्हित स्थानों पर जांच कर रही है। एसएसपी किशोर कौशल ने सोमवार को बताया कि नव वर्ष को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभी पिकनिक स्पॉट, पार्क और मंदिरों में नव वर्ष पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई है। शरारती तत्व पर विशेष नजर रखने को कहा गया है।


# श्री माता वैष्णो देवी दर्शन समिति के सदस्यों ने की अयोध्या धाम की यात्रा



**सीवान, ( हि.स.)।** श्री माता वैष्णो देवी दर्शन समिति, सीवान के सदस्यों का जत्था समिति के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह, संरक्षक अरविंद कुमार पांडेय तथा सचिव अनूप कुमार के नेतृत्व में अयोध्या धाम का दर्शन किया। जहां पर मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी की जन्म स्थली स्थित मंदिर तथा हनुमानगढ़ी में दर्शन की। वहां पर पूजा अर्चना करने के बाद घर परिवार, समाज और सर्व कल्याण अमन सुखचैन और शांति के लिए आराधना की। श्रद्धालुओं ने यात्रा के दौरान रविवार की शाम कनक मंदिर में दर्शन किया तथा वहां पर आरती में शामिल हुए। यात्रा के दौरान चक्रवर्ती सम्राट राजा दशरथ के महल का भी भ्रमण किया गया। अयोध्या धाम में हनुमान मंदिर पटना के सौजन्य से राम रसोई का भी संचालन होता है। राम रसोई में जाकर भी श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण किए। श्रद्धालु पवित्र सरयू नदी के तट पर भी गए और सरयू नदी में स्नान किया। श्री माता वैष्णो देवी दर्शन समिति, सीवान के अध्यक्ष श्री सिंह और संरक्षक श्री पांडेय ने बताया कि अयोध्या धाम का विकास तेजी से हो रहा है। वहां पर भव्य मंदिर का निर्माण कराए जाने के लिए तेजी से कार्य चल रहा है। मंदिर बन जाने और विकास कार्य होने के बाद यहां भव्य तीर्थ स्थल के रूप में दिखने लगेगा। इस मौके पर यात्रा में राजीव कुमार मिंटू , विवेक कुमार सिंह, ओमप्रकाश सिंह, नवीन कुमार, जयनाथ सिंह, पूनम कुमारी, विकास कुमार आदि मौजूद थे।

## सम्पादकीय

# कोरोना को राजनीतिक रूप से भुनाने की कोशिश, सार्वजनिक आयोजनों को स्थगित करने की आवश्यकता अभी नहीं



**भारत** जोड़ो यात्रा को स्थगित करने की सलाह देने वाली केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया की चिट्ठी को लेकर कांग्रेस जिस तरह आक्रामक रवैया अपनाए हुए है, उससे यह साफ है कि उसने इस चिट्ठी को राजनीतिक रूप से भुनाने का फैसला कर लिया है। कांग्रेस इस चिट्ठी को इस रूप में देख और दिखा रही है कि उसके जरिये भारत जोड़ो यात्रा को रोकने की कोशिश की जा रही है। राहुल गांधी ने बिना लाग लपेट यही रेखांकित किया। उनके अनुसार मोदी सरकार भारत जोड़ो यात्रा से भयभीत हो गई है। कांग्रेस इस चिट्ठी को कितना तूल दे रही है, यह पार्टी महासचिव जयराम रमेश की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से बुलाई गई उस बैठक पर तंज कसने से पता चलता है, जो हालात की समीक्षा के लिए बुलाई गई थी। उनकी समझ से इस बैठक का उद्देश्य भी भारत जोड़ो यात्रा को रोकने के लिए माहौल बनाना था।

निःसंदेह यह कुछ ज्यादा ही हो गया, लेकिन यह भी सही है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री की चिट्ठी ने ही कांग्रेस को यह सब कहने की सुविधा प्रदान की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री की ओर से दी गई इस सलाह में कोई हर्ज नहीं कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सतर्कता बरती जाए, लेकिन उन्हें यह लिखने से बचना चाहिए था कि कोविड प्रोटोकाल का पालन न कर पाने की स्थिति में यात्रा स्थगित कर दी जाए। इसलिए और भी, क्योंकि उन्होंने ऐसी कोई चिट्ठी देश के विभिन्न हिस्सों में हो रहे राजनीतिक कार्यक्रमों और अन्य आयोजनों को लेकर नहीं लिखी। इसके अलावा अभी कोरोना संक्रमण की स्थिति नियंत्रण में है। स्पष्ट है कि इस चिट्ठी ने कांग्रेस को बैठे-बिठाए एक मुद्दा दे दिया।

निःसंदेह चीन में कोरोना संक्रमण के चलते जैसे हालात बन गए हैं, वे चिंतित करने वाले हैं, लेकिन यह भी सही है कि भारत में अभी ऐसी स्थिति नहीं कि सार्वजनिक आयोजनों को स्थगित करने की आवश्यकता पड़े। आवश्यकता है तो केवल इसकी कि सतर्कता बढ़ाई जाए, लोगों को कोविड रोधी वैक्सीन की बूस्टर डोज लेने के लिए प्रेरित किया जाए और हर स्तर पर स्वास्थ्य ढांचे की समीक्षा की जाए। यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि चीन के साथ जापान, दक्षिण कोरिया और अमेरिका एवं फ्रांस में कोरोना के मामले तेजी के साथ बढ़ रहे हैं।

कोरोना संक्रमण के फिर से सिर उठाने की आशंका ऐसा मामला नहीं, जिसे लेकर राजनीतिक दल आरोप-प्रत्यारोप में उलझें। यदि ऐसा होगा तो इससे जनता तक सही संदेश पहुंचाने में कठिनाई होगी। कांग्रेस नेता केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री की चिट्ठी की मनचाही व्याख्या करने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन उन्हें ऐसा कुछ प्रकट करने से बचना होगा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कोरोना संक्रमण से बचे रहने को लेकर किसी तरह की सावधानी बरतने की आवश्यकता नहीं।

**सुविचार**

वैचारिक दरिद्रता ही देश के दुःख, अभाव पीड़ा व अवनति का कारण है। वैचारिक दृढ़ता ही देश की सुख-समृद्धि व विकास का मूल मंत्र है।

**मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यानी एनसीबी ने सतर्कता बढ़ाने के साथ अपनी कार्यप्रणाली बदली है। इसके अलावा इस एजेंसी ने अन्य एजेंसियों के साथ अपना तालमेल बढ़ाने के साथ आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करना शुरू किया है। चूंकि एनसीबी का सहयोग राष्ट्रीय जांच यानी एनआइए भी कर रही है, इसलिए नशे के कारोबार का जो अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क है, उस पर भी निगाह रखने में आसानी हो रही है।**

# नशे के कारोबार पर प्रहार, केंद्र जैसी प्रतिबद्धता दिखाएं राज्य सरकारें तभी मिलेगी कामयाबी



**संसद** के शीतकालीन सत्र में देश में मादक पदार्थों के चलन और इस संबंध में सरकार की ओर से उठाए गए कदमों पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने देश को आश्वस्त किया कि दो वर्षों में देश के बड़े ड्रग्स माफिया और नशे के तस्कर सलाखों के पीछे भेज दिए जाएंगे। इस अवसर पर उन्होंने नशे के कारोबार पर रोक लगाने के लिए पिछले कुछ वर्षों में मोदी सरकार की ओर से लिए गए नीतिगत निर्णयों से भी सदन को अवगत कराया। उनके कथन से यह झलका कि मादक पदार्थों की तस्करी ने जिस चुनौती का रूप धारण कर लिया है, मोदी सरकार उसका सामना करने के लिए तैयार है।

यह किसी से छिपा नहीं कि मादक पदार्थ विदेश से तस्करी करके देश में लाए जा रहे हैं। वे हर संभव रास्ते से लाए जा रहे हैं। सबसे अधिक नशा समुद्री रास्ते से आ रहा है। मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यानी एनसीबी ने सतर्कता बढ़ाने के साथ अपनी कार्यप्रणाली बदली है। इसके अलावा इस एजेंसी ने अन्य एजेंसियों के साथ अपना तालमेल बढ़ाने के साथ आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करना शुरू किया है। चूंकि एनसीबी का सहयोग राष्ट्रीय जांच यानी एनआइए भी कर रही है, इसलिए नशे के कारोबार का जो अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क है, उस पर भी निगाह रखने में आसानी हो रही है।

भारत सरकार नशे की तस्करी रोकने के लिए दूसरे देशों से सहयोग ले भी रही है और दे भी रही है। इसी का नतीजा है कि नशे की बरामदगी बढ़ने के साथ नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों की धरपकड़ तेज हुई है। जहां संप्रग सरकार के कार्यकाल में 2006 से लेकर 2013 तक साढ़े 22 लाख किलो ड्रग्स बरामद की गई थी, वहीं 2014 से लेकर अभी तक 62 लाख किलो से अधिक ड्रग्स पकड़ी गई। इसी अनुपात में नशा तस्करों की गिरफ्तारी भी बढ़ी है। स्पष्ट है कि केंद्र सरकार नशा तस्करी के खिलाफ कहीं अधिक सक्रिय दिख रही है। चूंकि सीमांत राज्यों से बड़ी मात्रा में नशे की तस्करी हो रही है, इसलिए सीमा की सुरक्षा करने वाले बलों को अधिक अधिकार दिए गए हैं। उन्हें नशा तस्करों की गिरफ्तारी के साथ मामला दर्ज करने का भी अधिकार दिया गया है। यह इसलिए उचित फैसला है, क्योंकि यदि यह काम एनसीबी या फिर किसी अन्य एजेंसी को सौंपा जाता तो यह एक खर्चीला उपाय होता।

जब सीमाओं की रक्षा करने वाले बलों को नशे की तस्करी रोकने के और अधिकार देने के गृह मंत्रालय के फैसले की प्रशंसा होनी चाहिए, तब कुछ राज्यों को इस पर आपत्ति है कि इन बलों को नशा तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज करने का अधिकार क्यों दिया गया? कुछ राज्यों ने ऐसी ही आपत्ति तब जताई थी, जब सीमा सुरक्षा बल के कार्यक्षेत्र का दायरा बढ़ाया गया था। आखिर केंद्रीय बलों को और सक्षम बनाने के कदम का विरोध करने का क्या औचित्य? राज्य सरकारों को यह समझना होगा कि नशे के कारोबार से निपटने में तभी सफलता मिलेगी, जब उनकी एजेंसियां केंद्रीय एजेंसियों को भरपूर सहयोग प्रदान करेंगी। राज्य सरकारों को नशे की तस्करी रोकने के लिए वैसी ही प्रतिबद्धता दिखानी होगी, जैसी केंद्र सरकार दिखा रही है। केंद्र सरकार राज्यों से लेकर जिला स्तर पर ड्रग्स के खिलाफ ढांचा तैयार करने के लिए नारकोटिक्स कोआर्डिनेशन कमेटी बना रही है। ये कमेटियां मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने में मददगार साबित होंगी। इसके अतिरिक्त इनसे लोगों और खासकर युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करने में भी मदद मिलेगी।

नशे के बढ़ते चलन के प्रति राज्य सरकारों को इसलिए चेतना चाहिए, क्योंकि यह एक गंभीर समस्या है। यह ऐसी समस्या नहीं जिससे मुंह मोड़ा जा सके। यह नई पीढ़ी के भविष्य को नष्ट करने का काम कर रही है। नशे का कारोबार ऐसी समस्या भी नहीं कि उस पर सस्ती राजनीति की जाए। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कई विपक्षी सदस्यों ने संसद में इस पर तंज कसा कि गुजरात में कहीं अधिक ड्रग्स क्यों पकड़ी जा रही है? गृहमंत्री ने इस सवाल का यह सटीक जवाब दिया कि जो राज्य ज्यादा सजग है, वही नशे की अधिक बरामदगी कर पाने में सक्षम है। यदि गुजरात में अधिक ड्रग्स पकड़ी जा रही है तो इसका मतलब है कि वहां की एजेंसियां ज्यादा सजग हैं। इस सिलसिले में उन्होंने पंजाब का भी जिक्र किया कि यदि वहां ड्रग्स की बड़े पैमाने पर बरामदगी नहीं हो रही है तो इसका यह मतलब नहीं हो सकता कि वहां यह समस्या ही नहीं।

यदि पंजाब में ड्रग्स की बरामदगी के साथ नशा तस्करों पर ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है तो राज्य सरकार की कमजोर इच्छाशक्ति के कारण। ध्यान रहे कि जब पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी थी तो मादक पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क को तोड़ने का वादा किया गया था। इस पर वादे के अनुरूप काम नहीं हुआ है। आज पंजाब में मादक पदार्थों के सेवन की समस्या इस कदर बढ़ गई है कि कर्मठ नवयुवक नहीं मिल रहे हैं। पंजाब के हर गांव में दूसरा-तीसरा परिवार अपने युवाओं की नशाखोरी से परेशान है। देश में पाकिस्तान के रास्ते मादक पदार्थों की आवक के पीछे एक बड़ा कारण है तालिबान का अफगानिस्तान पर काबिज हो जाना। तालिबान अपनी कमाई अफीम की खेती से ही करता है।

मादक पदार्थों की तस्करी से जो पैसा अर्जित किया जाता है, उसे अधिकांशतः गैर कानूनी और खासकर आतंकी गतिविधियों को संचालित करने में किया जाता है। आम तौर पर पाकिस्तान से बहुत कम दाम में या फिर लगभग मुफ्त ड्रग्स भेजी जा रही है ताकि अधिक से अधिक युवा नशे के आदी हों और उनका भविष्य बर्बाद हो। स्पष्ट है कि पाकिस्तान नशे के जरिये पंजाब को कमजोर करना चाहता है। बेहतर होगा कि पंजाब के साथ अन्य राज्य और खासकर सीमावर्ती राज्य नशे की तस्करी रोकने के लिए अपनी जिम्मेदारी सजगता के साथ निभाएं, क्योंकि जो लोग स्थानीय स्तर पर नशे की तस्करी करते हैं, उन पर लगाम लगाने का काम राज्यों की सरकारों का ही है।

## मार्ग-दर्शन

# ऐतरेय ने साबित किया जन्म पर कर्म का महत्व

**इतरा** का जन्म उच्च कुल में नहीं हुआ था लेकिन वह महर्षि शाल्विन की धर्मपत्नी बनी। विवाहोपरांत इतरा एक पुत्र की माता बनी, जो अत्यंत मेधावी था।

एक बार तत्कालीन राजा ने महायज्ञ का आयोजन किया, जिसमें सभी ब्राह्मणों और ब्रह्मकुमारों को आमंत्रित किया गया। महर्षि शाल्विन भी अपने पुत्र को लेकर इसमें शामिल हुए। आयोजन में सभी ब्राह्मणों और उनके सुपुत्रों का सत्कार किया गया, किंतु शाल्विन व इतरा के पुत्र को दक्षिणा व सम्मान आदि से वंचित कर दिया गया।

शाल्विन बहुत दुःखी हुए और इतरा व बालक को भी चोट लगी। मगर इस दुःख ने उन्हें नया प्रकाश दिया। तीनों ने मिलकर निश्चय किया कि वे जन्म पर कर्म के महत्व को सिद्ध करेंगे। शिक्षण का एक नया दौर आरंभ हुआ। इतरा व शाल्विन ने अपने पुत्र को धर्मशास्त्रों की गहन शिक्षा दी। एक बार वेद ऋचाओं के अर्थ की प्रतिस्पर्धा हुई। दूरस्थ देशों के विद्वान और राजा एकत्रित हुए। प्रतियोगिता में सभी पांडुलिपियां जांची गईं और इतरा-पुत्र इसमें सर्वश्रेष्ठ घोषित हुए। उन्होंने अपनी माता की कुल परंपरा के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए अपना नाम ऐतरेय घोषित किया।

उसके द्वारा रचित 'ऐतरेय ब्राह्मण' वेद ऋचाओं को प्रकट करने वाला अद्भुत ग्रंथ है। सार यह है कि मेधा के बल पर ज्ञान के ऐसे कीर्तिमान कायम किए जा सकते हैं जिनके समक्ष जन्म, जाति, कुल जैसे शब्द बौने हो जाते हैं। तभी तो कहा गया है कि 'खुदी को कर बुलंद इतना कि खुदा बंदे से खुद पूछे बता तेरी रजा क्या है।'

## नजरिया

# सहमति को मिले संरक्षण, पॉक्सो कानून में बदलाव का मसला

**केंद्रीय** महिला एवं बाल कल्याण मंत्री ने राज्यसभा में बताया है कि सरकार सहमति से शारीरिक संबंध बनाने की न्यूनतम उम्र कम करने के किसी प्रस्ताव पर विचार नहीं कर रही। सरकार के इस रुख की अहमियत इस संदर्भ में है कि पिछले कुछ समय से सहमति से सेक्स के लिए न्यूनतम उम्र में बदलाव की जरूरत कई कोनों से रेखांकित की जा रही थी। हाल ही में देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने भी कहा था कि विधायिका को इस पहलू की ओर ध्यान देना चाहिए। इससे पहले एकाधिक हाईकोर्ट ध्यान दिला चुके हैं कि मौजूदा कानूनी प्रावधानों के चलते पॉक्सो यानी प्रोटेक्शन ऑफचिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्शुअल ऑफेंसेज ऐक्ट को उसके शब्दों और भावनाओं के अनुरूप लागू करने में दिक्कत हो रही है।



हाल में हुए कई अध्ययनों से भी यह बात सामने आई है कि पॉक्सो के तहत जो मामले दर्ज कराए जा रहे हैं, उनमें से ज्यादातर रोमांटिक रिश्तों के होते हैं जिनके पीछे दोनों पक्षों की सहमति होती है।

ऐसी ही एक रिपोर्ट में कहा गया कि ऐसे 'रोमांटिक रिश्तों' के 80 फीसदी से अधिक मामलों में शिकायत लड़की के माता-पिता या रिश्तेदारों की ओर से की गई थी और इनमें से करीब 88 फीसदी मामलों में जांच के दौरान लड़की ने स्पष्ट तौर पर स्वीकार किया कि संबंध सहमति से बनाए गए थे। कानून के जानकारों के मुताबिक, ऐसे मामलों में जजों के सामने दुविधा पैदा हो जाती है। चूंकि पॉक्सो कानूनों के तहत अत्यधिक सख्त सजा का प्रावधान है और इसमें 18 साल से कम उम्र के बच्चों की सहमति को रजामंदी नहीं माना जाता, इसलिए एक नजरिया कहता है कि सहमति की ओर ध्यान दिए बगैर अपराधी को कानून के मुताबिक सजा सुनाई जाए।

दूसरी तरफ इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता कि पॉक्सो कानून का मकसद बच्चों को यौन उत्पीड़न से बचाना है, उनकी यौन इच्छाओं का अपराधीकरण करना नहीं। ऐसे में स्वाभाविक ही विधायिका से उम्मीद की जा रही है कि वह कानून के शाब्दिक प्रावधानों और उसके पीछे की भावनाओं में उभरते अंतर्विरोध पर विचार करके उसे मिटाने का कारगर उपाय करे। विभिन्न रिपोर्टों में यह बात कही जा चुकी है कि ऐसे ज्यादातर मामलों में लड़की की उम्र 16 से अधिक पाई गई है। यानी अगर न्यूनतम उम्र 18 साल से घटाकर 16 साल कर दी जाए तो सहमति के तहत बने ये रिश्ते अपराध नहीं रह जाएंगे।

## प्रसंगतः

# आत्मा के उपासक

एक बार महर्षि अनमीषि ने एक पंक्ति कहीं पढ़ी, 'कुबेर हो या रंक, जब तक परिश्रम से कमाए धन का एक अंश लोकहति में समर्पित नहीं करता, वह अधर्म खाता है।' महर्षि इस पंक्ति से बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने पत्नी सहित यह प्रतिज्ञा ली कि अपने भिक्षाटन से उन्हें जो कुछ प्राप्त होता है, उसमें से भी नित्य वे दीन- दुखियों को भोजन करा कर ही भोजन किया करेंगे। उन्हें संकल्प निभाते कई वर्ष बीत गए। कोई तप परीक्षा बिना सिद्ध हो गया हो, ऐसा कम ही होता है। एक दिन भोजन के समय तक उनके द्वार पर कोई नहीं आया। दोनों उदास हो गए। अनमीषि अपनी कुटिया से बाहर निकले। उन्हें थोड़ी दूर पर एक पेड़ के नीचे एक वृद्ध कुष्ठ रोगी पीड़ा से कराहता दिखाई दिया। अनमीषि ने उसके पास जाकर कहा, हे बंधु, मेरे यहां भोजन तैयार है। उसे खा कर निश्चय ही आपकी पीड़ा कुछ कम होगी। कृपया उसे ग्रहण कर हमें भी कृतार्थ करें। वृद्ध ने अत्यंत दीन भाव से कहा, आर्य श्रेष्ठ, मैं आपकी उदारता का अधिकारी नहीं हूँ, क्योंकि जाति का चांडाल हूँ। यदि संभव हो तो बची हुई कुछ रोटियां यहां फेंक दें, उन्हें उठाकर मैं अपना पेट भर लूंगा। वृद्ध की यह बात सुन कर अनमीषि की करुणा उमड़ पड़ी, आंखों से अश्रु की धारा बह चली। वे बोले, ऐसा न कहें तात! हम जाति के पुजारी नहीं, जीवमात्र में व्याप्त आत्मा के उपासक हैं। आपके अंदर जो चेतन है, वही तो परमात्मा है। उसे छोड़कर हम अन्न ग्रहण करने का पाप कैसे कर सकते हैं? वे उसे सादर अपनी कुटिया पर ले गए। स्नान आदि करा कर साफकपड़े पहनाए। फिर उसे भोजन कराने के बाद ही पति-पत्नी ने स्वयं भोजन किया। जब रात को अनमीषि सोए तो अग्नि देव प्रकट हुए और बोले, तू ही ईश्वर का सच्चा भक्त है, जो ब्राह्मण, चांडाल, हाथी व कुत्ते में कोई भेद नहीं करता।

## जीने की राह

# अहंकार का विसर्जन बने सृजन का आधार

**अहंकारी** अपने को मिटाना नहीं जानता, गलाना नहीं सीखता और इसी कारण वह सृजनशीलता से कोसों दूर रहता है। जिस क्षण किसी का अहंभाव विलीन-विसर्जित होता है, उसी क्षण उसमें सृजनशीलता के गुण फूट पड़ते हैं। अहं के विसर्जन से आध्यात्मिकता का अंकुरण होने लगता है। इससे अवरुद्ध सृजनशील ऊर्जा बहने लगती है और जीवन में अनेक रचनात्मक कार्य होने लगते हैं। निषेधात्मक विचारों के स्थान पर शुभ और विधेयात्मक विचारों की बाढ़ आने लगती है। ईर्ष्या, द्वेष, क्रोध और अन्य ऐसी ही विध्वंसात्मक वृ ायां मिटने लगती हैं और शुभकामना, शांति और क्षमा के स्पंदनों से मन का आंगन भर उठता है। अहंकार रहित ऐसी मनःस्थिति में सृजन संवेदनाएं अपने चरम पर होती हैं। ऐसा अंतःकरण अनंत सद्गुणों से भरा होता है। इसकी सुरभि से समूचा वातावरण सुरभित होता है। इससे स्वयं को तृप्ति मिलती ही है, आसपास रहने वालों का जीवन भी पूरी तरह तृप्त हो जाता है। अहंकार का नकारात्मक स्वरूप जितना भीषण होता है, उसका विधेयात्मक पक्ष उतना ही सृजनशील हो सकता है। अहंकार की प्रकृति प्राण, साहस, दृढ़ निश्चय और संकल्प से भरी-पूरी होती है। सृजन के अभाव में अपरिष्कृत अहंकार जब विनाश में प्रयुक्त होता है तो कहर ढाने लगता है, परंतु यदि इसको परिष्कृत-परिमार्जित कर सदुपयोग किया जा सके तो सृजन की असीम संभावनाएं बन सकती हैं। यह विष को अमृत बनाने की जटिल परंतु उपयोगी प्रक्रिया है।

## राजनीती

# आईएनएस मोरमुगाव से कितनी बढ़ेगी नौसेना की ताकत

**पिछले** सप्ताह 18 दिसंबर को भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल नवीनतम युद्धपोत गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर आईएनएस मोरमुगाव भारत की तेजी से बढ़ती नौसैनिक ताकत का प्रतीक है। हिंद महासागर से लेकर प्रशांत सागर तक यह युद्धपोत जब विचरण करेगा तो दुश्मन का कोई भी युद्धपोत इसके तीन सौ किलोमीटर के दायरे में फ्टकने की हिम्मत नहीं करेगा। अपने हित के समुद्री इलाके पर प्रभुत्व स्थापित कर यह युद्धपोत भारत की समुद्री संप्रभुता और हितों को सुरक्षित रखने में अहम भूमिका निभाएगा। पिछले दो सितंबर को नौसेना को मिलने वाले विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत के बाद एक और गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर के नौसेना में शामिल होने से भारत की नौसैनिक हमलावर क्षमता में इजाफा हुआ है।

-तीन सौ किलोमीटर दूरी तक मार करने वाली ब्रह्मोस क्रूज मिसाइलों से लैस यह युद्धपोत समुद्री और तटीय ठिकानों और बंदरगाहों की रक्षा में हर तरह से समर्थ साबित होगा।

-यह पोत सतह से आसमान में मार करने वाली इस्राइली बराक-8 मिसाइलों से भी लैस होगा, जो दुश्मन के किसी भी लड़ाकू और टोही विमान, हेलिकॉप्टर, ड्रोन, पोतनाशक मिसाइल जैसे खतरों से 70 किलोमीटर दूरी पर आसमान में ही निपट लेगा।

-पोत पर तैनात दो हेलिकॉप्टर दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाकर उन्हें डुबोने की क्षमता से लैस होंगे।

-इस पोत की एक विशेषता यह है कि दुश्मन के रडार इसे देख नहीं सकेंगे।

जाहिर है, हिंद महासागर से लेकर दक्षिण चीन सागर तक समुद्री हितों की रक्षा में देश में बने मोरमुगाव जैसे युद्धपोतों की अहम भूमिका होगी। चूंकि देशों के बीच सामरिक होड़ अब समुद्र की ओर मुड़ रही है, भारतीय नौसेना की ताकत में लगातार इजाफा करते रहने की जरूरत है। भारतीय नौसेना के प्रॉजेक्ट 15-बी के तहत बनाया गया यह दूसरा पोत है। यह महज संयोग नहीं कि गोवा के बंदरगाह मोरमुगाव के नाम से यह पोत ठीक 18 दिसंबर को नौसेना में कमिशन किया गया, जब 61 साल पहले गोवा को पुर्तगाल की दासता से मुक्त कराया गया था। मोरमुगाव पोत दुनिया के मौजूदा सभी विध्वंसक पोतों की तुलना में तकनीकी तौर पर अधिक उन्नत है और इसकी हमलावर क्षमता कहीं अधिक है।

-प्रॉजेक्ट-बी के तहत पहला युद्धपोत आईएनएस विशाखापट्टनम पिछले साल दिसंबर में नौसेना को सौंपा गया था।

-इस वर्ग (15-बी) के तहत दो और पोतों- इंफाल और सूरत- का निर्माण स्वदेशी प्रयासों से मुंबई स्थित मझगांव गोदी में तेजी से किया जा रहा है।

-इसके पहले प्रॉजेक्ट 15-ए के तहत तीन युद्धपोत - आईएनएस कोलकाता, कोच्चि और चेन्नै- नौसेना को सौंपे जा चुके हैं।

-प्रॉजेक्ट 15 के तहत आईएनएस दिल्ली, मैसूर और मुंबई का निर्माण किया गया था। प्रॉजेक्ट 15, 15-ए और 15-बी के तहत बने विध्वंसक पोतों (डिस्ट्रॉयर) की डिजाइन नौसेना के अपने ही वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो द्वारा बनाई गई है।

वर्तमान में नौसेना के ऑर्डर पर बनने वाले 44 युद्धपोतों और पनडुब्बियों में 42 का निर्माण भारतीय शिपयार्डों में किया जा रहा है। भविष्य में नौसेना के लिए 55 और युद्धपोतों के प्रस्ताव को हरी झंडी दिखाई गई है। इनका निर्माण भी भारतीय शिपयार्डों में ही किया जाएगा। इस तरह रक्षा प्रणालियों और मंचों के स्वदेशी उत्पादन में भारत ने महत्वपूर्ण प्रगति की है।

तीनों सेनाओं में नौसेना ने ही शुरू से स्वदेशी क्षमता से बने पोतों को हासिल करने की नीति अपनाई है। इसलिए नौसेना के अधिकांश पोत, मिसाइलों और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध के सिस्टम्स का निर्माण देश में ही होता रहा है। इस कड़ी में देश में ही गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर का निर्माण आधुनिकतम युद्धपोतों के वर्ग में एक बड़ी बात कही जा सकती है। नौसेना प्रमुख एडमिरल हरिकुमार ने कुछ दिनों पहले ही नौसेना दिवस के मौके पर कहा था: 2047 तक नौसेना पूरी तरह से देश में ही बने युद्धपोतों और युद्धप्रणालियों पर निर्भर करेगी।

प्रॉजेक्ट 15-बी के तहत चार युद्धपोतों के निर्माण के ऑर्डर जनवरी, 2011 में दिए गए थे। मोरमुगाव पोत का निर्माण कार्य जून, 2015 में शुरू हुआ था। रेकॉर्ड सात सालों में 7400 टन विस्थापन क्षमता वाले इस पोत का निर्माण कर मझगांव गोदी ने बेहतर कार्य दक्षता दिखाई है। पोत का 70 प्रतिशत हिस्सा देश में ही बना है, लेकिन इसका इंजन बनाने में भारत अब तक महारत हासिल नहीं कर सका है। ऐसे युद्धपोतों में लगने वाला गैस टरबाइन का भी भारत को आयात करना पड़ता है। लेकिन इन बड़े युद्धपोतों में लगने वाली विशेष किस्म की जंगरहित स्टील का उत्पादन भारत में ही होने लगा है। इस तथ्य ने इन युद्धपोतों के स्वदेशी निर्माण को प्रोत्साहित किया।



# चीन ने ताइवान को घेर किया युद्धाभ्यास, एयर डिफेंस जोन का उल्लंघन कर भेजे 71 एयरक्राफ्ट

**बीजिंग ।**

चीन ने रविवार को ताइवान के पूरे एयरस्पेस को घेर सैन्य युद्धाभ्यास को अंजाम दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, चीन ने यह शक्ति प्रदर्शन स्ट्राइक ड्रिल्स के तौर पर किया, जिसके तहत उसकी वायुसेना और सेना ने किसी भी लक्ष्य को भेदने की अपनी क्षमताओं को दर्शाया।

**ताइवान के करीब देखे गए चीन के 71 एयरक्राफ्ट्स** - रिपोर्ट के मुताबिक, चीन ने ताइवान को चेतावनी देने के लिए 47 एयरक्राफ्ट्स भेजे। बीते महीनों में यह चीन की तरफ से ताइवान के एयर डिफेंस जोन का सबसे बड़ा उल्लंघन रहा। बताया गया है कि चीन ने इस दौरान अपने जे-10, जे-11, जे-16 और सुखोई-30 फाइटर जेट्स समेत 42 लड़ाकू विमान भेजे, जबकि दो वाई-8 मैरिटाइम पैट्रोल एयरक्राफ्ट्स और एक केजे-500 अर्ली वॉर्निंग एयरक्राफ्ट भेजे। इसके अलावा चीन की तरफ से सीएच-4 और डब्ल्यूजेड-7 मिलिट्री ड्रोन्स भी भेजे गए। कुल मिलाकर ताइवान जलडमरूमध्य (चीन-ताइवान के बीच समुद्र) में चीन के 71 एयरक्राफ्ट देखे गए। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन की पूर्वी थिएटर कमान ने इस युद्धाभ्यास के जरिए अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों को ताइवान मुद्दे पर दखल न देने का संदेश दिया है। चीन की तरफ से इसे लेकर एक बयान भी जारी किया गया। इसमें कहा गया कि सेना ने ताइवान के आसपास अपनी जंग की तैयारियों को परखा और सेना के अंगों के साथ संयुक्त शक्ति प्रदर्शन किया। हालांकि, यह युद्धाभ्यास कहां किया गया, इस पर चीन ने स्थिति साफ नहीं की। चीन के इसी बयान में अमेरिका और उसके साथियों को भी घेरा गया। इसमें कहा गया, यह अमेरिका और ताइवान के साथ आने और मौजूदा समय में स्थितियों को भड़काने के खिलाफ हमारी सख्त प्रतिक्रिया है। अगर जरूरत पड़ी तो पूर्वी थिएटर कमान चीन की एकता और अखंडता की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगी। इस युद्धाभ्यास को लेकर ताइवान ने भी प्रतिक्रिया जारी की। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चीन के इस शक्ति प्रदर्शन से साफ है कि वह क्षेत्रीय शांति के खिलाफ है और ताइवान के लोगों को डराने की कोशिश कर रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### दहल के लिए सरकार बना लेने से ज्यादा कठिन साबित होगा सरकार चलाना



**काठमांडो ।** कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओइस्ट सेंटर) के नेता पुष्प कमल दहल ने पलटी खाने की अपनी बहुचर्चित कला का परिचय देते हुए फिर से प्रधानमंत्री बनने का समीकरण बना लिया है। 275 सदस्यों के सदन में 169 सदस्यों का समर्थन जुटा कर अपनी नई सरकार के लिए भारी बहुमत का इंतजाम भी उन्होंने कर लिया है। लेकिन इस समय देश जिस आर्थिक संकट में है, उसे संभावना उनकी सरकार के लिए आसान नहीं होगा। नई सरकार बनने के मौके पर उद्योगपतियों और व्यापारियों के संगठन फेडरेशन ऑफ नेपालीज चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफएनसीसीआई) ने 'सेव द इकोनॉमी' यानी अर्थव्यवस्था बचाओ अभियान की शुरुआत की है। उद्योगपतियों की शिकायत है कि देश में वस्तुओं और सेवाओं का उपभोग तेजी से घटा है, जिस कारण उन्हें अपने उत्पादन में कटौती करनी पड़ी है। इस वजह से कई फैक्टरियों को अपनी क्षमता के मुताबिक चलाना संभव नहीं हो रहा है। एफएनसीसीआई के मुताबिक फैक्टरियों में गतिविधियां धीमी होने के कारण बिजली की मांग घट गई है। इसका असर बिजली उत्पादन संयंत्रों पर पड़ रहा है। एफएनसीसीआई के अध्यक्ष शेखर गोलछा ने एक बयान में कहा- 'औद्योगिक गतिविधियां 60 से 70 फीसदी घट गई हैं। मांग में 70 से 80 फीसदी तक की गिरावट आई है। मुद्रास्फीति ऊंचे स्तर पर है, जबकि देश में नकदी का अभाव बना हुआ है। इन सब कारणों से देश मंदी की तरफ जा रहा है। जिस समय देश के सामने ऐसी गंभीर चुनौती है, देश में एक ऐसी सरकार बनने जा रही है, जो अनेक दलों के समर्थन पर निर्भर होगी। सरकार का नेतृत्व दहल करेंगे, जबकि उनकी पार्टी के पास संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा में सिर्फ 32 सीटें हैं।

### 2023 के आम चुनाव में इमरान के खिलाफ मोर्चा संभालेंगे नवाज शरीफ, गृह मंत्री सनाउल्लाह का दावा



**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान में अगले साल यानी 2023 में आम चुनाव होने हैं। इससे पहले ही शहबाज शरीफ सरकार में गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने नवाज शरीफ को लेकर एक बयान दिया है, जिस पर पाकिस्तान का सियासी माहौल गरमा गया है। दरअसल, सनाउल्लाह ने कहा है कि अगले आम चुनाव में पाकिस्तान मुस्लिम लीग (पीएमएल-एन) के अभियान का नेतृत्व पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ करेंगे। सनाउल्लाह ने यह बयान फैसलाबाद में पीएमएल-एन के कार्यकर्ताओं के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि इमरान खान के तोशाखाना केस की वजह से पाकिस्तान में सियासी हंगामा मचा हुआ है। सनाउल्लाह के मुताबिक, इमरान खान ने सिर्फ प्रधानमंत्री के तौर पर उन्हें मिली घड़ियां ही नहीं, बल्कि तोशाखाना के सारे गिफ्ट्स बेच दिए थे। पाकिस्तानी गृह मंत्री ने कहा कि पीएमएल-एन कार्यकर्ताओं के खिलाफ फर्जी मामलों को हटा लिया गया है और अब इमरान खान अपने खिलाफ असली केसों का सामना करेंगे। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका अब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रमुख (इमरान खान) को जवाबदेह बनाएगी। मंत्री ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी 2023 के आम चुनाव में इमरान खान के नेतृत्व वाली पीटीआई का सामना करने के लिए तैयार है।

### रूस में घुसकर यूक्रेन का हमला : सीमा से सैकड़ों किमी अंदर एंगेल्स एयरबेस पर बम धमाके, ड्रोन हमले की आशंका

**मॉस्को ।** रूस और यूक्रेन के बीच 10 महीने बाद भी युद्ध अब तक नहीं थमा। बल्कि शुरुआत में हमले झेलने वाले यूक्रेन ने भी अब जंग का रुख पलटते हुए रूस के क्षेत्र में हमले शुरू कर दिए हैं। ताजा मामला रूस के एंगेल्स एयरबेस का है, जहां सोमवार सुबह दो बड़े धमाके सुनाई दिए। अब तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है कि हमले यूक्रेन की तरफ से ही किए गए हैं। हालांकि, अगर ऐसा हुआ तो यह रूस के लिए काफी चौंकाने वाली बात होगी, क्योंकि एंगेल्स एयरबेस रूस-यूक्रेन सीमा से करीब 600 किलोमीटर अंदर मौजूद है। यूक्रेनी और रूसी मीडिया ने इन ब्लास्ट्स को लेकर रिपोर्ट जारी की हैं। बताया गया है कि एयरबेस पर दो तेज धमाके हुए। कुछ स्थानीय लोगों ने रूस के न्यूज आउटलेट बाजा को बताया कि धमाकों से कुछ देर पहले ही हवाई सायरन बज रहे थे। एंगेल्स एयरबेस कूटनीतिक तौर पर रूस के लिए काफी अहम है। यह बेस रूस के सारातोव शहर के पास है। रूसी राजधानी मॉस्को से इसकी दूरी 730 किलोमीटर है। इस एयरबेस पर पांच दिसंबर को भी यूक्रेनी ड्रोन्स के हमले की खबर आई थी। तब न तो रूस और न ही यूक्रेन ने इसकी पुष्टि की थी।

## अमेरिका में बर्फीले तूफान से तबाही

# 48 राज्य चपेट में कार, रेस्टोरेंट में लोग कई घंटों से फंसे, 38 की मौत ; 8 फीट बर्फ गिरी

**न्यूयॉर्क ।**

अमेरिका में बर्फीले तूफान का कहर जारी है। देश के 50 में से 48 राज्यों के 20 करोड़ से ज्यादा लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। अब तक तूफान से जुड़ी घटनाओं में 38 लोगों की मौत हो चुकी है। इसका सबसे ज्यादा असर न्यूयॉर्क, नॉर्थ कैरोलिना, वर्जीनिया और टेनेसी में है। चार दिन से जारी भारी बर्फबारी से कई शहरों के हालात बदतर हो गए हैं। लोग घरों, कारों और रेस्टोरेंट में कई घंटों से फंसे हुए हैं। सड़क, रेल और हवाई यातायात पूरी तरह से ठप हो गए हैं। चार दिन में अमेरिका में 12 हजार फ्लाइट कैंसिल की जा चुकी हैं। इस तूफान का असर अमेरिका के अलावा कनाडा में भी है। जहां भारी बर्फबारी के कारण बस फिसलकर पलट गई। इस हादसे में अब तक 4 लोगों की जान जा चुकी है।



### कई शहरों की बिजली गुल, कारोबार ठप

तूफान से बिजली की लाइनों को नुकसान हुआ है और कई शहरों में बिजली गुल है। पूरे अमेरिका में हजारों कारोबारियों का कामकाज ठप हो गया है। कई शहरों में तापमान शून्य से -42 डिग्री तक पहुंच गया है। इधर, कनाडा में तूफान से चार लोगों की मौत हो चुकी है। मेक्सिको में भी तूफान का असर देखा जा रहा है। तूफान के इन वीडियो से हालात का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### बर्फ में दबे रनवे, 4 दिन में 12 हजार फ्लाइट्स कैंसिल

खराब मौसम की वजह से अमेरिका में 4 दिन में 12 हजार से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हो गई हैं। कई एयरपोर्ट्स के रनवे तक बर्फ में दब चुके हैं। इस वजह से लोग अपने घर जाकर क्रिसमस नहीं मना सके। उन्हें एयरपोर्ट के फर्श पर सोकर रात बितानी पड़ी। कार से ट्रैवल कर रहे कई लोग बीच रास्ते में ही फंस गए।

### कहीं 8 फीट बर्फ की चादर, कहीं बाढ़ में डूबे शहर

साइक्लोन ने 3 हजार 200 किलोमीटर के इलाके को अपनी चपेट में लिया है। अमेरिका के मोंटाना शहर में शनिवार को पारा -42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। वहीं, न्यूयॉर्क स्टेट के शहर बफेलो में 8 फीट बर्फ की चादर बिछ गई। अमेरिका-मेक्सिको बॉर्डर पर लोग सर्दी से बेहाल हो गए हैं। कई जगहों पर बाढ़ जैसे हालात भी देखे गए।

### बर्फ से बिजली लाइनें टूटीं, अंधेरे में डूबे शहर

भारी बर्फबारी की वजह से कई जगह बिजली की हाईटेंशन लाइनों में स्पार्किंग हुई। इसके बाद बिजली की सप्लाई ठप हो गई और कई शहर अंधेरे में डूब गए। लोगों को क्रिसमस का त्योहार भी भारी सर्दी और अंधेरे के बीच ही मनाना पड़ा। सोमवार सुबह तक कई जगह बिजली सप्लाई बहाल नहीं हो पाई थी।

सर्दियों में आए इस तरह के भयंकर तूफान को बॉम्ब साइक्लोन कहा जाता है। इसे यह नाम इसलिए दिया गया है, क्योंकि तूफान आने के कुछ घंटों में ही पूरा इलाका लो प्रेशर एरिया में तब्दील हो जाता है। इससे इलाके में भारी बर्फबारी होती है और तेज बर्फीली हवाओं के साथ बारिश होती है। बॉम्ब साइक्लोन की गंभीरता कैटेगरी 1 चक्रवात जैसी ही होती है।

### अमेरिका की 60प्रतिशत आबादी सर्दी से प्रभावित

नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक, इस वक्त अमेरिका की 60प्रतिशत आबादी, यानी 20 करोड़ लोग किसी न किसी विंटर वॉर्निंग से प्रभावित हैं। इनमें से 17.7 करोड़ लोगों को सर्द हवाओं की चेतावनी मिली है, 1.1 करोड़ लोगों को बर्फीली आंधी की वॉर्निंग मिली है, 6.5 करोड़ लोगों को तूफान और 5 लाख लोगों को गंभीर बर्फीले तूफान की चेतावनी मिली है।

## ग्रीस और साइप्रस के खिलाफ हमलावर हुए एर्दोआन और उनके मंत्री, कहा- भारी कीमत चुकानी पड़ेगी



**अंकारा ।**

तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन और उनके मंत्रियों ने हाल के महीनों में अंकारा के कथित नाटो सहयोगी ग्रीस और साइप्रस गणराज्य के खिलाफ आक्रामक बयान दिए हैं। 11 दिसंबर को सैमसन के एक भाषण में राष्ट्रपति एर्दोआन ने तुर्किये में कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों के उत्पादन की चर्चा करते हुए कहा है कि यह मिसाइल नहीं आंधी है जो कि किसी दुश्मन के नापाक इरादे को तबाह करने की क्षमता रखती है। उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि अगर ग्रीस शांत नहीं रहता है तो इन मिसाइलों को लॉन्च कर उसे तबाह कर देंगे।

एर्दोआन ने कहा कि अब हमने अपनी खुद की मिसाइलें बनानी शुरू कर दी है। बेशक, यह उत्पादन यूनानियों को डराता है। जब आप टायफुन कहते हैं, तो यूनानी डर जाते हैं और कहते हैं यह एथेंस से टकराएगा। हां. निश्चित रूप से, यह होगा... यदि आप शांत नहीं रहते हैं। यदि आप यहां और वहां से हथियार खरीदने की कोशिश करते हैं या अमेरिका से और द्वीपों का सैन्यीकरण करते हैं, तो तुर्किये जैसा देश तमाशबीन नहीं बनेगा। उसे कुछ करना होगा।

दशकों से, तुर्किये और ग्रीस असंख्य मुद्दों पर विवाद में रहे हैं। 20वीं शताब्दी में, दोनों देशों ने दो युद्ध लड़े और कई मौकों पर युद्ध के कगार पर आ गए, जिसमें उनकी समुद्री सीमाएं, उनके महाद्वीपीय समतलों पर अतिव्यापी दावे और 1974 से साइप्रस के उत्तरी भाग पर कब्जा शामिल है। इसके अतिरिक्त, वे एक हथियारों की होड़ में लगे हैं जो स्पष्ट रूप से उनकी अर्थव्यवस्था को कमजोर करती है।

हाल के महीनों में, राष्ट्रपति एर्दोआन ने तुर्किये के समुद्र तट के करीब 23 ईजियन द्वीपों में से 13 के सैन्यीकरण और उनके विमुद्रीकरण की मांगों पर ध्यान केंद्रित किया है। अंकारा का दावा है कि ग्रीस अंतरराष्ट्रीय समझौतों का उल्लंघन करते हुए द्वीपों को हथियारबंद कर रहा है, जबकि एथेंस का कहना है कि वह अंकारा के बार-बार के खतरों से अपने क्षेत्र की रक्षा कर रहा है। ग्रीक और तुर्की लड़ाकू जेट नियमित रूप से ईजियन द्वीपों पर करीबी सीमा (डॉगफाइट्स) में हवाई लड़ाई में शामिल होते हैं, जिससे दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ जाता है और आशंका है कि कोई दुर्घटना हो सकती है जिससे युद्ध छिड़ सकता है।

## चीन में बच्चों के साथ अमानवीय व्यवहार, कोरोना प्रूफ छाते में दिखा कपल, चारों ओर लाचारी का आलम

**बीजिंग ।**



चीन में कोरोना के कहर के चलते हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। करोड़ों लोग डर से घरों में कैद हैं। इतना ही नहीं अस्पताल के बाहर मरीजों की लंबी कतारें लगी है। इतना ही नहीं मीडिया रिपोर्ट की माने तो दिसंबर के पहले 20 दिनों में 24.8 करोड़ से अधिक लोगों के संक्रमित होने की सूचना है। लेकिन इन सब के बीच अब सोशल मीडिया पर कुछ ऐसे वीडियो भी वायरल हो रहे हैं जो चीनी सरकार के अमानवीय चेहरे को दिखाता है। वीडियो में एक कपल सड़क पर कुछ सामान खरीदते नजर आ रहा है। इस दौरान उन्होंने एक ऐसा छाता लगाया हुआ था, जिसे देखकर आसपास के लोग हैरान रह गए। पहले तो लोगों को समझ में ही नहीं आया आखिर ये चल क्या रहा है फिर बाद में जब दोनों से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि कोरोना से बचाव के लिए उन्होंने ऐसा किया है। वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया है कि इस कपल ने सेल्फ प्रोटेक्शन को अलग लेवल पर पहुंचा दिया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि छाता चारों तरफ एक पॉलीथिन की दीवार बनाए हुए था, जिसके बीच में कपल चल रहा था। यह छाता पॉलीथिन की मदद से नीचे की तरफ जमीन तक चारों तरफ से कपल को कवर करे हुए है। इस बीच खरीददारी के समय कपल नीचे से पॉलीथिन को ऊपर कर के सामान ले रहा है। चीन में कोरोना संक्रमितों के साथ अमानवीय व्यवहार का भी वीडियो सामने आ रहा है। इस वीडियो में देखा जा रहा है कि कैसे एक मासूम को किट पहनाकर इलाज के लिए ले जाया जा रहा है। मासूम डरा सहमा नजर आ रहा है। वह चारों ओर पहले देखता है, ऐसा लग रहा है कि वह अपने माता पिता की तलाश में है।

## उत्तर कोरिया ने पड़ोसी देश पर किए ड्रोन से हमले, दक्षिण कोरिया ने भी फाइटर जेट से किया पलटवार

**सियोल ।** दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया पर एक बार फिर से ड्रोन से हमले के आरोप लगाए हैं। दक्षिण कोरिया ने कहा है कि उत्तर कोरिया के ड्रोन द्वारा दक्षिण के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने के बाद उसने फाइटर जेट से पलटवार किए हैं।सियोल के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने एक बयान में कहा कि कई उत्तर कोरियाई मानव रहित हवाई वाहनों ने हमारे ग्योंगगी प्रांत के आसपास के सीमावर्ती क्षेत्रों पर हमला किया। यह घटना तब हुई जब दक्षिण कोरिया ने दोनों देशों के बीच सैन्य सीमांकन रेखा के रूप में जानी जाने वाली उत्तर कोरिया से आने वाले ड्रोन को ट्रैक किया। यह घटना तब हुई जब दक्षिण कोरिया ने दोनों देशों के बीच सैन्य सीमांकन रेखा के रूप में जानी जाने वाली उत्तर कोरिया से आने वाले ड्रोन को ट्रैक किया।

## अमेरिका ने इस्लामाबाद के मैरियट होटल में अपने कर्मचारियों के जाने पर लगाई रोक, हमले की जताई आशंका

**इस्लामाबाद ।**



पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में शुक्रवार को हुए आत्मघाती बम विस्फोट के बाद अमेरिका ने अपने कर्मचारियों को सतर्क किया है। पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास ने रविवार को हमले की आशंका का हवाला देते हुए अपने सरकारी कर्मचारियों को इस्लामाबाद के मैरियट होटल में जाने पर रोक लगा दी है। आत्मघाती हमले के बाद पाकिस्तान की राजधानी को पहले ही हाई अलर्ट पर रखा गया है। इस हमले में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई थी और दस अन्य घायल हो गए थे। अमेरिकी सरकार ने एक सुरक्षा चेतावनी में कहा कि वह इस जानकारी से वाकिफ है कि अज्ञात व्यक्ति संभवतः छुट्टियों के दौरान इस्लामाबाद के मैरियट होटल में अमेरिकियों पर हमला करने की साजिश रच रहे हैं।

अमेरिकी दूतावास ने अपने कर्मियों से छुट्टियों के दौरान इस्लामाबाद में गैर-जरूरी और अनौपचारिक यात्रा से परहेज करने का भी आग्रह किया। इस हमले की जिम्मेदारी प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने ली है, जो अफगानिस्तान के तालिबानी शासकों से अलग लेकिन जुड़ा हुआ है। बता दें कि इस्लामाबाद का मैरियट होटल सितंबर 2008 में एक आत्मघाती बम विस्फोट से प्रभावित हुआ था। यह राजधानी की सबसे घातक घटनाओं में से एक था, जिसमें 63 लोग मारे गए थे और 250 से अधिक लोग घायल हो गए थे। हमले के बाद से इस्लामाबाद के प्रशासन ने सार्वजनिक समारोहों और जुलूसों पर प्रतिबंध लगाते हुए शहर को हाई अलर्ट पर रखा है। पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है और वाहनों की जांच के लिए चेक पोस्ट बनाए गए हैं। आत्मघाती हमले के कुछ घंटे बाद ही इस्लामाबाद प्रशासन ने सभी तरह के जमावड़े, खासकर आगामी स्थानीय निकाय चुनावों से संबंधित गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया और शहर में हाई अलर्ट घोषित कर दिया।

# आर्थिक संकट, सियासी तनाव और आतंकवादी हमलों से डगमगा रहा है पाक

**इस्लामाबाद ।**



आर्थिक संकट और राजनीतिक तनाव के बीच आम सुरक्षा व्यवस्था के भी डगमग हो जाने से पाकिस्तान पूरी तरह से अस्थिर होता नजर आ रहा है। बीते एक हफ्ते में आतंकवादी हमलों में हुई असाधारण बढ़ोतरी ने पाकिस्तान के भविष्य को लेकर चिंता बढ़ा दी है। इसका असर विदेशी एजेंसियों के नजरिए पर भी हो रहा है। इसकी ताजा मिसाल अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का फैसला है। आईएमएफ ने कर्ज की रकम जारी करने के बदले अपनी शर्तों को अब और ज्यादा सख्त बना दिया है। खबर के मुताबिक आईएमएफ ने कहा है कि कर्ज की रकम जारी करने के लिए उसने जो शर्तें लगाई थीं, उन्हें अब पाकिस्तान सरकार तीन हफ्तों के अंदर पूरा कर दे। आईएमएफ ने अपनी विस्तारित कोष सुविधा (ईएफएफ) के तहत पाकिस्तान के लिए जो कर्ज मंजूर किया है, उसकी पहली किस्त के तौर पर वह एक बिलियन डॉलर की रकम जारी करेगा। लेकिन आईएमएफ और पाकिस्तान सरकार तहत हुए स्टाफ-लेवल समझौते सहमति बनी थी कि आईएमएफ की शर्तें पूरी होने के बाद ये रकम जारी होगी। अब आईएमएफ ने कहा है कि वह शर्तें पूरी होने के लिए अनिश्चित काल तक इंतजार नहीं करेगा। खबरों के मुताबिक आईएमएफ का यह संदेश आने के बाद अब पाकिस्तान के वित्त मंत्री इशहाक डार ने शर्तें पूरी करने की रणनीति बनाने के लिए अपनी आर्थिक टीम की बैठक बुलाई है। विश्लेषकों का कहना है कि देश में जिस तरह के हालात हैं, उनके बीच आईएमएफ के सब्र का जवाब देना लाजिमी है। एक तरफ राजनीतिक स्थिरता बहाल करने के मुद्दे पर शहबाज शरीफ सरकार और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बीच को कोई सहमति नहीं बन पा रही है, वहीं अचानक देश पर आतंकवादी हमले तेज हो गए हैं। इमरान खान तुरंत आम चुनाव की अपनी मांग पर जोर डालने के लिए नेशनल और प्रांतीय असेंबलियों से अपनी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सदस्यों का इस्तीफा दिलवाने पर आमादा है। उन्होंने एलान किया है कि इस बुधवार को उनकी पार्टी के सांसद नेशनल असेंबली जाकर स्पीकर पर अपने इस्तीफे स्वीकार करने के लिए दबाव बनाएंगे। स्पीकर ने इन सदस्यों के इस्तीफे पर फैसला लटका रखा है। उधर पंजाब की प्रांतीय असेंबली को भंग कराने की पीटीआई की कोशिश को लेकर संवैधानिक गतिरोध बना हुआ है। इसी बीच रविवार को बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवादियों ने सात विस्फोट किए, जिनमें पाकिस्तान के पांच सैनिक मारे गए और 15 जख्मी हो गए। बीते हफ्ते इस्लामाबाद में भी फिदायीन हमला हुआ था। खैबर पख्तूनवा और अफगानिस्तान से लगे सीमाई इलाकों लगातार हिंसा और आतंकवादी हमलों की कई घटनाएं हुई हैं। इन वारदात से इतनी दहशत फैली हुई है कि रविवार को यहां अमेरिकी दूतावास ने यहां मौजूदा अमेरिकी नागरिकों को यहां के एक फाइव स्टार होटल में ना जाने का आदेश दिया। अमेरिकी दूतावास ने कहा कि उसे इस होटल पर हमला की साजिश की सूचना मिली है। अमेरिकी दूतावास ने अपने बयान में जिक्र किया कि सुरक्षा संबंधी चिंताओं को देखते हुए इस्लामाबाद में रेड अलर्ट जारी है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक हाल में हुए हमलों के लिए तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) जिम्मेदार है।

## स्पेन में बड़ा हादसा, पुल से नदी में गिरी बस, छह लोगों की मौत

**स्पेन ।** स्पेन के उत्तर-पश्चिमी गैलिसिया इलाके में एक बड़ा हादसा हो गया, यहां एक पुल पार करते समय एक बस नदी में गिर गई। इस हादसे में करीब छह लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। मौके पर काम कर रहे अधिकारियों ने कहा कि लोगों को रस्सी से बांधकर नदी से बाहर निकाला गया। इसके बाद सभी घायलों के तुरंत अस्पताल में इलाज के लिए भेज दिया। पुलिस ने इस मामले की भी जांच की कि क्या ड्राइवर ने शराब या कोई ड्रग्स ली थी। हांलांकि अब लेरेज नदी में खोज और बचान अभियान खत्म हो गया है, वहीं नदी में गिरी को बस को भी बाहर निकाल लिया गया है। बचान अभियान के दौरान तेज बारिश और नदी के बहाव से काफी परेशानी हुई। तेज धारा होने के कारण मृतकों के शवों को बाहर निकालने में बचाव दल के पसीने छूट गए।

# पटवारियों ने पे-ग्रेड को लेकर की हड़ताल



**नारनौल ( हिंस )।** नारनौल में दी रेवेन्यू पटवार कानूनगो एसोसिएशन की ओर से सोमवार को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया गया तथा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। पटवारियों ने वेतन वृद्धि संबंधी आश्वासन के बाद भी सरकार द्वारा वादा खिलाफी करने पर कार्य का भी बहिष्कार किया गया तथा पटवारियों ने कार्य नहीं किया। दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी ने बताया कि पटवारियों की वेतन वृद्धि संबंधी चिर परिचित मांग लंबे समय से लंबित है। इस विषय में फाइल नंबर 5599 वित्त विभाग द्वारा मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री की संस्तुति उपरांत भी बिना स्वीकृति के वित्त आयुक्त एवं आपदा प्रबंधन विभाग को वापस भेज दी गई। जिसके विरोध स्वरूप पूरे प्रदेश में पटवारी एवं कानूनगो ने कार्य का बहिष्कार करने का निर्णय लिया। संगठन के जिला प्रधान सुनील तंवर ने बताया कि 26 दिसंबर से 28 दिसंबर तक सभी पटवारी एवं कानूनगो द्वारा पूर्ण रूप से कार्य का बहिष्कार किया गया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि 3 दिन किए गए बहिष्कार के बाद भी सरकार ने वेतन वृद्धि के विषय में कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया तो प्रदेश कार्यकारिणी के निर्णय अनुसार आगे के विरोध के बारे में रूपरेखा तैयार की जाएगी।

## सीनियर टीचर पेपर लीक मामला

# आरएलपी का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, पुतला दहन

**जोधपुर ( हिंस )।** शहर के जिला कलेक्ट्रेट के बाहर आरएलपी कार्यकर्ताओं ने मिलकर पिछले दिनों हुए सीनियर टीचर एग्जाम के पेपर लीक प्रकरण को लेकर विरोध जताया। आरएलपी कार्यकर्ताओं ने इस पेपर लीक मामले को लेकर सीबीआई जांच की मांग राज्यपाल से की है। प्रदर्शन के दौरान राजनीतिक कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर सड़क पर ही लेट गए और पुतला जलाकर सरकार के खिलाफ रोष जताया। बताया कि राजस्थान सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है आए दिन हो रहे पेपर लीक प्रकरण के बाद भी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही है। ऐसे में राजस्थान सरकार की जगह सीबीआई इस मामले की जांच कर पेपर लीक गिरोह का पर्दाफाश करें। आरएलपी प्रदेश अध्यक्ष और भोपालगढ़ विधायक पुखराज गर्ग ने बताया कि पिछले 4 वर्षों में करीब 8 पेपर लीक हो चुके हैं। इसको लेकर सीबीआई जांच करते हुए सख्त सजा का प्रावधान करना चाहिए। वर्तमान सरकार ने नकल




रोकने के लिए 1 साल पहले कानून भी बनाया लेकिन उस कानून के तहत अभी तक सख्त कार्रवाई नहीं की गई है इसके चलते नकल गिरोह पनप रहा है। राजस्थान में रीट सहित कई भर्तियों के पेपर आउट हो चुके हैं। पेपर आउट होने की वजह से युवाओं की मेहनत पर पानी फिर रहा है। इन मामलों की निष्पक्ष जांच राजस्थान सरकार ने आज तक नहीं करवाई क्योंकि इसमें सरकार के कई मंत्री और अधिकारी भी भर्ती पेपर आउट करवाने में शामिल थे। इसलिए इस मामले की निष्पक्ष जांच सीबीआई ही कर सकती है। इसलिए जांच सीबीआई को सौंपी जाए।

# कोरोना के नए वेरिएंट को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने शुरू की तैयारी

**गुरुग्राम ( हिंस )।** कोरोना महामारी के फिर से फैलने की आशंका के बीच अब जिला का स्वास्थ्य विभाग भी सतर्क हो गया है। कोविड के नए वेरिएंट बीएफ 0.7 का पता लगाने के लिए जहां कोरोना पॉजिटिव आने वाले मरीजों के सेंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए दिल्ली एनआईआई प्रयोगशाला में भेजे जा रहे हैं। वहीं गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल में फ्लू ओपीडी में आने वाले मरीजों की अब कोरोना जांच भी जरूरी कर दी गई है, ताकि कोरोना के फैलने की आशंका कम रहे। पिछले करीब एक सप्ताह से जिले में नए कोरोना संक्रमितों की संख्या अभी इकाई के आंकड़े में ही आ रही है। यानी इनकी संख्या 10 से नीचे ही है। इस आंकड़े को बढ़ने नहीं देने के लिए स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता बढ़ गई है। जल्द ही विभाग मेट्रो स्टेशन, रेलवे स्टेशन, बस अड्डा और अन्य सार्वजनिक स्थलों, चौक-चौराहों पर पर लोगों के कोरोना जांच के लिए सेंपल लिए जाएंगे। यह एक तरह से रैंडम सेंपलिंग होगी। सभी अस्पतालों में इसकी तैयारी भी शुरू कर दी गई है। जल्द ही इसकी मॉकड्रिल भी की जा सकती है। जिले में बहुत से लोगों को कोविशील्ड वैक्सीन की बूस्टर डोज लगनी बाकी है। अभी यह डोज विभाग के पास खत्म हो चुकी है। इसके लिए सरकार को डिमांड पत्र भेजा गया है। उम्मीद है कि अगले सप्ताह स्वास्थ्य विभाग को यह वैक्सीन मिल जाएगी। इस समय बच्चों को कोर्बेवेक्स व युवाओं और बुजुर्गों को कोवैक्सीन लगाई जा रही है। कोविशील्ड वैक्सीन मिलने के बाद बूस्टर डोज लगाने के लिए भी व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। देशभर में कोरोना केस बढ़ते देख 22 मार्च 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता कर्फ्यू की घोषणा की। जनता कर्फ्यू वाले दिन ही शाम को हरियाणा सरकार ने प्रदेश के 7 जिलों गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत, पानीपत, झज्जर, रोहतक और पंचकूला में लॉकडाउन की घोषणा कर दी। 24 मार्च 2020 की आधी रात को 12 बजे से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर में लॉकडाउन की घोषणा कर दी। यानी 25 मार्च से देशभर में लॉकडाउन हो गया।

# हरियाणा विस में उठा पेगासस का मुद्दा

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा में चार साल बाद एक बार फिर से पेगासस का मुद्दा उठा। फरीदाबाद के विधायक नीरज शर्मा ने पेगासस की खरीद को लेकर सोमवार को सदन में मुद्दा उठाया, तो सरकार ने साफ किया कि इजराइल व यूके का दौरा जरूर किया गया था, लेकिन यह सॉफ्टवेयर नहीं खरीदा गया। पेगासस सॉफ्टवेयर को लेकर वर्ष 2018 में देशभर में हंगामा हुआ था। इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से निजी जानकारियां सार्वजनिक किए जाने के आरोप लगे थे। फरीदाबाद के विधायक नीरज शर्मा ने सोमवार को सदन में पूछा कि मई, 2018 में पुलिस अधिकारियों का एक दल इजराइल गया था। क्या यह दल खुफिया एजेंसी मोसाद से मिला था। नीरज ने पूछा कि क्या इस दौरे के बाद सरकार ने पेगासस सॉफ्टवेयर की खरीद की थी।

# हिमालय परिवार ने किया चीन के बहिष्कार का संकल्प

**जयपुर ( हिंस )।** भारत भूमि की जिस धरा को चीन ने अपने कब्जे में ले रखा हैं, उसे भारत से मिलाने को परम धर्म मानकर चल रहे हिमालय परिवार की बैठक बनी पार्क में हुई। बैठक में भारत को समृद्ध एवं विकासशील देश बनाने एवं चीन को बहिष्कृत करने का संकल्प किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व सांसद राम स्वरूप कोली ने की। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय महामंत्री दिलबाग जसरोटिया के उद्बोधन के साथ हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी रतन कानूनगो एवं महेश भारद्वाज रहे, जिन्होंने अपने उद्बोधन से हिमालय परिवार के कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में हिमालय परिवार के जयपुर प्रांत के अध्यक्ष मनीष शर्मा जी, जयपुर प्रांत के महामंत्री राज कुलदीप, प्रकाश शर्मा, हिमालय परिवार के कार्यकर्ता संजय राजपुरोहित, पार्षद रवि सैनी, बिसु जोसफ, डॉ. कौशल शर्मा, रोहित गुर्जर, सन्नी, विजय, हेमराज खंडेलवाल, कैलाश खंडेलवाल, ललित कुमार पंत, श्याम गुप्ता, अजीत गौड़, श्याम खंडेलवाल, श्याम सुंदर दूसाद, विजय शर्मा, विशाल गुर्जर, दीपक सोनी, नितिन शर्मा, मनीष शर्मा, महिला प्रकोष्ठ से सुषमा सिंह, सरिता



मित्तल, आंचल अवाना ने भी कार्यक्रम में अपनी सहभागिता की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्री दिलबाग जसरोटिया ने आंचल अवाना को जयपुर शहर इकाई युवा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष घोषित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता दिलबाग जसरोटिया ने बताया कि 27 दिसंबर को सिंधु दर्शन यात्रा के पंजीकरण की शुरुआत हो रही है। इसमें हमें ज़्यादा से ज़्यादा सहभागिता जोड़ते हुए अपनी एकता व अखंडता का परिचय देते हुए इस यात्रा को स्वयं करने और कराने का दृढ़ संकल्प लेना हैं। जिससे भाईचारे व समरसता को बढ़ावा मिले। सिंधु दर्शन यात्रा हमें लेह लद्दाख से जोड़ती हैं।

# कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा तीन दिन राजस्थान में सरकार और संगठन को देंगे ताकत

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा 28 दिसम्बर को तीन दिवसीय दौरे पर जयपुर आ रहे हैं। प्रदेश प्रभारी नियुक्त होने के बाद यह उनका पहला और अहम दौरा होगा। इस दौरान वे सरकार और संगठन के लोगों से बात करेंगे। जानकारों की मानें तो वे सरकार और संगठन के नेताओं से बैठकर कर राहुल गांधी के दिए सुझाव को अमल में लाने के साथ गहलोत सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर देंगे। उनका पूरा फोकस पार्टी को एकजुट कर अगले साल होने वाले चुनाव पर रहेगा। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से बने माहौल को आलाकमान आगे भी ऐसे ही बनाए रखना चाहता है। इसलिए रंधावा अपने तीन दिन के दौरे पर नेताओं को बयानबाजी को लेकर विशेष हिदायतें दे सकते हैं। पार्टी की एक ही कोशिश है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के अब तक के जनकल्याणकारी फैसलों और आने वाले बजट में जो भी बड़े फैसले किए जाए, उन्हें आमजन तक पहुंचाने में पूरी ताकत लगा दी जाए। जानकारों की मानें तो राजस्थान में पिछले दिनों घटित घटनाओं का अब कोई जिक्र नहीं होगा। मल्लिकार्जुन खड़गे के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद राजस्थान के सभी मामलों को समाप्त मान लिया गया है। इसलिए पार्टी का पूरा ध्यान अगले चुनाव पर केंद्रित रहेगा। राहुल गांधी ने भी भारत जोड़ो यात्रा की समाप्ति पर गहलोत सरकार के फैसलों की तारीफ कर साफ संदेश दे दिया था कि पुरानी बात अब कोई नहीं करेगा। बात होगी तो सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने की होगी। इस बीच गत 23 दिसंबर को हुई बैठक में पार्टी अध्यक्ष खड़गे ने हाथ से हाथ जोड़ो जैसे अभियान प्रदेशों में कैसे चलाए जाने हैं, उसे लेकर निर्देश दिए हैं। रंधावा अपने तीन दिन के दौरे में उन सब बिंदुओं पर फोकस करेंगे। इस दौरान एआईसीसी डेलीगेट चुनने पर भी चर्चा हो सकती है। आठ पीसीसी डेलीगेट पर एक एआईसीसी डेलीगेट चुना जाता है। राजस्थान से करीब 50 डेलीगेट चुने जाने हैं। फरवरी के दूसरे सप्ताह में पार्टी का महाधिवेशन होना है। उससे पहले डेलीगेट चुने जाने की प्रक्रिया पूरी करनी है। बाकी दो दिन रंधावा पार्टी पदाधिकारियों से अलग-अलग मुद्दों पर चर्चा करेंगे। कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में 28 दिसम्बर को प्रात: 11 से दोपहर 3 बजे तक अधिवेशन आयोजित करने जा रही है।

# जब स्कूटी नहीं देनी थी तो हमारे नाम की आरसी क्यों बांटी

**उदयपुर ( हिंस )।** होनहार छात्राओं को सरकार द्वारा स्कूटी वितरण योजना में उदयपुर में बड़ा गोलमाल सामने आया है। छात्राओं को स्कूटी की आरसी देने के बाद स्कूटी देने से इनकार कर दिया गया है। यह वे छात्राएं हैं जिन्हें दसवीं में भी स्कूटी मिली थी और अपनी प्रतिभा के बूते 12वीं में भी अच्छे नंबर लाने पर इस बार भी उन्हें स्कूटी देने के लिए बुला लिया गया था। इतना ही नहीं उन्हें स्कूटी की आरसी भी समारोह में बांट दी गई लेकिन उसके तुरंत बाद उन्हें कह दिया गया कि उन्हें स्कूटी



नहीं मिलेगी। इसके बाद हंगामा खड़ा हो गया। छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ तुरंत जिला कलेक्टर से मिली। जिला कलेक्टर ने उन्हें आश्वस्त कर पुनः स्कूटी वितरण स्थल मीरा कन्या महाविद्यालय के राजकीय छात्रावास में भेजा और कहा कि मैं अधिकारियों को निर्देश दे रहा हूं, लेकिन अधिकारियों ने फिर भी स्कूटी देने से मना कर दिया। इसके बाद आक्रोशित छात्राएं और अभिभावक वहीं पर धरना देकर बैठ गए। उनका कहना है कि जब स्कूटी नहीं देनी थी तो उन्हें बुलाया क्यों और बुलाने के बाद आरसी जब बच्चियों के नाम दे दी गई तो स्कूटी नहीं देने का क्या मतलब है। इसमें उन्होंने गोलमाल का अंदेशा भी जताया है। इधर, मामले में स्कूटी वितरण योजना के जिला नोडल अधिकारी डीएस मंडोवरा ने बताया कि किसी भी छात्रा को स्कूटी का लाभ दो बार नहीं दिया जा सकता, सूची जयपुर स्तर पर तैयार होती है और वहां किसी तरह की चूक के चलते या इन छात्राओं द्वारा पूर्व में स्कूटी प्राप्त कर लिए जाने की सूचना नहीं देने के चलते इनका नाम सूची में दर्ज हो गया। जिला स्तर पर ऐसे भी कई आवेदन इसी आधार पर रोक दिए गए थे क्योंकि उनको पहले स्कूटी मिल चुकी थी।

# राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस की बैठक आयोजित

**कटड़ा ( हिंस )।** कटड़ा में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस की सोमवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव जुगल किशोर शर्मा ने की। बैठक में प्रधान जम्मू-कश्मीर शशि सियाल, सीनियर उपप्रधान मोहम्मद अशरफ, शाहिद शाह महासचिव जम्मू कश्मीर, सुनील सहगल वरिष्ठ नेता राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस, रघु कुमार जिला प्रधान रियासी, निशा शर्मा जिला प्रधान महिला विंग, ज्योति देवी जिला यूथ प्रधान रियासी, विक्रम शर्मा प्रधान कटड़ा के अलावा काफी संख्या में इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश शर्मा सुंदरलाल के आदेश अनुसार भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने पर चर्चा की गई। इस दौरान भारत जोड़ो यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए सभी मजदूरों को कहा गया और साथ ही सभी लोग मिल-जुल कर कार्य करें ताकि अधिक से अधिक संख्या में लोग भारत जोड़ो यात्रा के साथ जुड़ें। बैठक में निर्णय लिया गया कि भारत जोड़ो यात्रा में सभी जिला प्रधान शामिल होंगे। इस पर सभी ने सहमति जताई और कहा कि अभी से ही भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने की तैयारी करें। वहीं सभी जिला अधिकारियों को कहा गया कि आप अपने-अपने ब्लॉक में कमेटियां बनाएं और मजदूरों की परेशानियों को सुनें और उनका निदान करें।

# स्वर्ण पदक विजेता सोनाली शर्मा का भव्य स्वागत



**गुरुग्राम ( हिंस )।** घुड़सवारी में स्वर्ण पदक विजेता सोनाली शर्मा का भगवान परशुराम परामर्श केंद्र पहुंचने पर अध्यक्ष अजय शर्मा सहित सभी साथियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रूपेश कौशिक पूर्व अधिकारी गुप्तचर विभाग भारत सरकार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रवीण चंद्रा वशिष्ट पूर्व सहायक आयुक्त भारत सरकार द्वारा की गई। सिलोखरा गांव निवासी सतवीर शर्मा पुत्र पंडित मांगेराम प्रधान की सुपुत्री सोनाली शर्मा ने भोपाल में आयोजित घुड़सवारी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। सोमवार को उनके सम्मान में भगवान परशुराम परामर्श केंद्र राजीव नगर में एक कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रूपेश कौशिक ने कहा कि यह हमारे लिए बड़े गौरव की बात है कि हमारे इलाके की बेटी ने गुड़गांव जिले का नाम रोशन किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रवीण चंद्रा वशिष्ट ने कहा कि हरियाणा के लिए बड़े ही गौरव की बात है की हरियाणा की बेटी ने यह गौरव हासिल किया है। गुड़गांव बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव कमलजीत कटारिया ने कहा कि हमारी बेटियां आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। गोल्ड मेडलिस्ट सोनाली शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि इस कामयाबी के पीछे मेरे माता-पिता का हाथ है। उन्होंने दिन रात एक करके मुझे इस मुकाम पर पहुंचाया है। उनकी बड़ी बहन नेशनल शूटर एडवोकेट तोशीबा चंद्रा वशिष्ठ कहा कि हमें सोनाली शर्मा पर नाज है। जननायक जनता पार्टी महिला विंग जिला अध्यक्ष रितु कटारिया ने कहा कि महिलाओं का सम्मान देवताओं के सम्मान के बराबर है। संस्था के संरक्षक बनवारी लाल शर्मा ने कहा कि सोनाली शर्मा से सभी बच्चे प्रेरणा लेकर आगे बढ़े।

# सोशल मीडिया स्कैम : लड़कियों से बातें करना पड़ सकता है महंगा

**जालंधर।** सोशल मीडिया पर आजकल एक स्कैम चल रहा है जिसके जरिए खासतौर पर यंग लड़कों को टारगेट किया जा रहा है। युवाओं के आपत्तिजनक वीडियो बनाकर उनसे पैसों की डिमांड की जाती है और पैसे न देने की सूरत में बदनाम करने का डर दिखाया जाता है। इस तरह की फोन कॉल से सावधान होने की जरूरत है। यह गिरोह अश्लीलता परोस कर इस स्कैम की शुरुआत करता है और इसके झांसे में आने वाला व्यक्ति धंसता ही जाता है और निकलने का कोई रास्ता नहीं मिलता। कई युवा इसका शिकार होने से बचे है और फेसबुक के जरिए उन्होंने पोस्ट डालकर दूसरों को इस बारे में अगाह करने का प्रयास किया है। सोशल मीडिया के जरिए युवती फोन कॉल करके युवा लड़कों से बातें करना शुरू करती है।

# निकायों के पास फंड नहीं होगा तभी करेगी सरकार मदद

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि आर्थिक रूप से कमजोर शहरी स्थानीय निकायों को पंद्रह-पंद्रह करोड़ रुपए की आर्थिक मदद करने की उनकी कोई नीति नहीं है। बेशक, सरकार ने कमजोर पालिकाओं को मदद करने का फैसला लिया है लेकिन इसके लिए मापदंड तय है। अगर निकाय अपना पूरा फंड खर्च करने के बाद भी कमजोर रहते हैं तो उनकी मदद होगी। रादौर से कांग्रेस विधायक बिशनलाल सैनी ने सीएम मनोहर लाल खट्टर द्वारा की गई एक घोषणा को मुद्दा बनाते हुए इस मामले में निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता को घेरा था। हालांकि निकाय मंत्री भी स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए। एक बार तो उन्होंने कह दिया कि ऐसी कोई घोषणा नहीं की और फिर कहा कि आर्थिक मदद की जाएगी। सैनी ने इस मामले में सदन में मौजूद मुख्यमंत्री से ही सीधा सवाल पूछ लिया। मुख्यमंत्री ने दो-टूक कहा कि सरकार की ओर से कभी भी प्रदेश में नगर निकायों व पंचायती राज संस्थाओं को 15 करोड़ रुपए जारी किए जाने की घोषणा नहीं की गई। यदि कोई इकाई वित्तीय रूप से कमजोर रहती है तो राज्य सरकार उसकी मदद अवश्य करती है। नगर समितियों को केंद्रीय वित आयोग, राज्य वित्त आयोग का पैसा समय-समय पर प्रदान किया जाता है। इन समितियों की अपनी आय भी होती है। यदि यह सभी निधि खर्च करने के बाद कोई संस्था वित्तीय रूप से कमजोर रहती है तो राज्य सरकार आवश्यकता अनुसार उसकी मदद करती है।

# न्यू ईयर मनाने जवाई लेपर्ड एरिया पहुंचे विक्की-कटरीना

**पाली ( हिंस )।** बॉलीवुड के सबसे फेवरेट जोड़ी में से एक कटरीना कैफ और विक्की कौशल सोमवार को पाली जिले के जवाई लेपर्ड एरिया पहुंचे। दोनों यहां न्यू ईयर की छुट्टियां बिताएंगे। वे सोमवार सुबह करीब 11 बजे विमान से जोधपुर पहुंचे और वहां से सड़क मार्ग होते हुए जवाई बांध (पाली) पहुंचे। इससे पहले दोनों ने 25 दिसंबर को मुंबई में क्रिसमस सेलिब्रेशन किया था। कटरीना ने इस सेलिब्रेशन की खास झलक फैंस को सोशल मीडिया के जरिए दिखाई। इन फोटोज में उनके पति विक्की कौशल भी नजर आए। इसके अलावा विक्की के भाई सनी कौशल, कटरीना की बहन इसाबेल कैफ, विक्की के पेरेंट्स भी मौजूद थे। कटरीना ने इस फोटोज को शेयर करते हुए लिखा है- *मेरी क्रिसमस*। यह एक परफेक्ट फैमिली फोटोग्राफ थी। इसके बाद दोनों सोमवार सुबह मुंबई से जोधपुर के



लिए रवाना हुए। मुंबई एयरपोर्ट पर कटरीना कैफ काफी जल्दबाजी में दिखीं। वो बिना चेकिंग कराए ही एयरपोर्ट के अंदर चली गईं। फिर वहां पर मौजूद पुलिस ऑफिसर ने उनसे कहा कि *मैडम चेकिंग के लिए रुकिए*। ये सुनते ही कटरीना वापस आईं और उन्होंने चेकिंग का प्रोसेस पूरा कराया। उल्लेखनीय है कि जवाई बांध लेपर्ड सफारी के लिए राजस्थान का सबसे बेहतर टूरिस्ट डेस्टिनेशन माना जाता है। इसके साथ ही बॉलीवुड स्टार की भी ये पसंदीदा जगहों में से एक है। इससे पहले रणवीर कपूर और आलिया भट्ट ने भी पिछले साल यहां लंबा वेकेशन प्लान किया था। सचिन तेंदुलकर भी अपना जन्मदिन यहां सेलिब्रेट कर चुके हैं। अब विक्की कौशल और कटरीना दोनों न्यू ईयर तक यहीं रहेंगे। जवाई बांध एरिया अरावली पहाड़ियों से घिरा है। यहां लेपर्ड की करीब 40 से ज्यादा फैमिली हैं। सफारी के दौरान यहां आसानी से लेपर्ड दिख भी जाते हैं। कटरीना और विक्की पिछले साल 9 दिसंबर को सवाई माधोपुर के चौथ का बरवाड़ा स्थित सिक्स सेंस फोर्ट में शादी की थी। दोनों 2019 से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। इधर, नवंबर में ही कटरीना जोधपुर आईं थी। नायका फैशन के परिवार में हुई शादी में उन्होंने शिरकत की थी। कटरीना आखिरी बार सिद्धांत चतुर्वेदी और ईशान खट्टर के साथ *फोन भूत* में नजर आईं थीं। वो जल्द ही सलमान खान के साथ फिल्म *टाइगर 3* में नजर आने वाली हैं। वहीं विक्की आखिरी बार *गोविंदा नाम मेरा* में नजर आए थे, जो ओटीटी पर रिलीज हुई थी। इसके अलावा विक्की *द ग्रेट इंडियन फैमिली* और डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर की अगली अनटाइटल्ड फिल्म में नजर आने वाले हैं।

**INVITATION FOR BID**
(IFB)
PRESS NOTICE

The Directorate of Dairy Development Department, Assam Khanapara, Guwahati-22, on behalf of the Governor of Assam, invites bids in electronic tendering system in 2 (two) Bid System from Registered contractors under A.H. & Veterinary and Dairy Development Department, Assam in e-Tendering Portal ***www.assamtenders.gov.in*** for "**C**onstruction of Multi Brand Milk Parlor building (Civil part) at TMSS Jorhat under RIDF XXVII during 2022-23.

The intending Bidders must have the valid Digital Signature Certificate (DSC) of Class-II (Minimum) for processing this e- Tender through e-procurement document and have to register in the portal **https://assamtenders.gov.in** by themselves. As per Office Memorandum of Finance Department, Govt of Assam vide No. FEB.269/2017/27 dated 21/08/2019 the intending bidders are required to deposit the tender processing fees online in the website ***https://assamtenders.gov.in*** to participate in the bidding. The bid security as per clause 16 of Section I (Instructions to bidder) must be deposited online in the website ***https://assamtenders.gov.in*** as per the procedure contained in the additional document (Section-XV) and non-deposit of bid security by the bidder shall be summarily rejected.
For further details please log on to **https://assamtenders.gov.in**

Director-In-Charge
Dairy Development Department,
Assam Khanapara, Guwahati-22.

*-- Janasanyog/C/16963/22*



# इलेक्ट्रिक और ग्रीन मोबिलिटी का साल रहा 2022, रिकॉर्ड बिक्री, पर ईवी में सुरक्षा की चिंता

**नई दिल्ली।**
आपूर्ति श्रृंखला और सेमीकंडक्टर की कमी से जूझने वाले वाहन उद्योग के लिए यह साल मिलाजुला रहा। अगस्त से पहले बिक्री में गिरावट दर्ज करने वाले उद्योग के लिए त्योहारी सीजन शानदार रहा। नवंबर, 2022 वाहन उद्योग के इतिहास में सर्वाधिक खुदरा बिक्री वाला महीना बन गया। वाहन बिक्री 26प्रतिशत बढ़कर 23,80,465 इकाई पहुंच गई। खुदरा बिक्री भी 24प्रतिशत बढ़कर 3,00,922 इकाई पहुंच गई। 2022 इलेक्ट्रिक एवं ग्रीन मोबिलिटी का साल रहा है। 9 दिसंबर, 2022 तक देश में 4.43 लाख इलेक्ट्रिक वाहन (ई-वाहन) बिके। यह 2021-22 में बिके 2.38 लाख ई-वाहनों से काफी ज्यादा है। अक्तूबर में ही सिर्फ एक लाख से ज्यादा ई-वाहन बिके। हालांकि, कई ई-स्कूटर में आग लगने की घटनाओं के बाद सुरक्षा को लेकर चिंता बरकरार है। परिवहन मंत्रालय के मुताबिक, 3,27,730 कारों में सिर्फ 17प्रतिशत यानी 55,264 कारों में ही 6 एयरबैग लगे हैं।

सरकार की ओर से दिए गए प्रोत्साहन एवं आधुनिक तकनीकों के चलते 2023 में ई-वाहनों के मॉडलों की संख्या, चार्जिंग स्टेशन और वेंडर सिस्टम में काफी सुधार होगा। डी-लाइसेंसिंग जैसे कदम से चार्जिंग के बुनियादी ढांचे मजबूत होंगे। इसके अलावा, ईवी उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने उपभोक्ताओं और निर्माताओं दोनों को कई प्रोत्साहन दिए हैं। ई-मोबिलिटी से कार्बन उत्सर्जन घटाने में मदद मिलेगी।

भारत सरकार और कई अन्य राज्यों ने ई-मोबिलिटी सार्वजनिक परिवहन प्रयोग के रूप में प्रमुख शहरों में इलेक्ट्रिक इंटरसिटी बसें शुरू की हैं। इससे ई-वाहन कंपनियों को बड़ा बाजार मिला है। ईवी बैटरी फायर: इस साल ई-वाहनों में आग लगने की कई घटनाएं सामने आई। इसे देखते हुए डीआरडीओ ने इस पर सरकार को रिपोर्ट सौंपी है। उम्मीद है कि सरकार 2023 से ई-वाहन निर्माताओं के लिए नए मानक और गाइडलाइंस जारी कर सकती है।

6 एयरबैग जरूरी: सड़क दुर्घटनाओं में यात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि से सरकार ने सभी कारों के लिए कम-से-कम 6 एयरबैग जरूरी कर दिया है। उम्मीद है कि सभी वाहनों में ये सुविधा मिलने लगेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### मदर डेयरी ने बढ़ाए दूध के दाम: 2 रुपए प्रति लीटर इजाफा करने का फैसला, फुल क्रीम दूध अब 66 रुपए में मिलेगा




**नई दिल्ली।** मदर डेयरी ने मंगलवार से दिल्ली-एनसीआर मार्केट में दूध की कीमतों में 2 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। लागत में बढ़ोतरी का हवाला देते हुए दाम बढ़ाए जा रहे हैं। मदर डेयरी ने इस साल 5वीं बार दूध के दामों में बढ़ोतरी की है। दिल्ली-एनसीआर में ये कंपनी दूध की एक बड़ी सप्लायर है। ये रोजाना करीब 30 लाख लीटर दूध की सप्लाई करती है। मदर डेयरी ने फुल क्रीम दूध की कीमत दो रुपए बढ़ाकर 66 रुपए प्रति लीटर कर दी है, जबकि टोंड दूध की कीमत 51 रुपए से बढ़ाकर 53 रुपए प्रति लीटर कर दी गई है। डबल टोंड दूध की कीमत 45 रुपए से बढ़ाकर 47 रुपए प्रति लीटर कर दी गई है। मदर डेयरी ने गाय के दूध और टोकन (बल्क वेंडेड) दूध के प्रकारों की कीमतें नहीं बढ़ाई हैं। मदर डेयरी ने डेयरी किसानों से कच्चे दूध की कंपनी की खरीद लागत में इजाफे को कीमतों में बढ़ोतरी का जिम्मेदार ठहराया। कच्चे दूध की खरीद कीमतों में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 24प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। दूध की कीमतों में बढ़ोतरी से घरेलू बजट प्रभावित होगा। मदर डेयरी ने कहा, कच्चे दूध की कीमतों में बढ़ोतरी का तनाव पूरे इंडस्ट्री में महसूस किया जा रहा है, जो उपभोक्ता कीमतों पर दबाव डाल रहा है। किसानों को सही कीमतों का भुगतान जारी रखने की हमारी प्रतिबद्धता में, हम दूध के चुनिंदा प्रकारों के प्राइस को संशोधित करने के लिए विवश हैं।

### 5जी से नए युग की शुरुआत, आसान होगा जीवन, 4जी के मुकाबले 10 गुना ज्यादा स्पीड




**नई दिल्ली।** देश में इस साल अक्तूबर में 5जी की शुरुआत हुई।5जी न सिर्फ एक नएयुग की शुरुआत है बल्कि इससे जीवन काफी आसान हो जाएगा। 4जी के मुकाबले इसकी स्पीड 10 गुना ज्यादा है।इसके जरिये सिर्फ 20 सेकंड में एक फिल्म डाउनलोड कर सकते हैं। 5जी की मदद से दूर बैठे कई उपकरणों को कंट्रोल किया जा सकता है। जिन ड्राइवरलेस कारों को भविष्य में बड़ी उम्मीद से देखा जा रहा है, उनका संचालन 5जी से ही संभव है। एरिक्सन कंज्यूमर लैब के मुताबिक, भारत में करीब 10 करोड़ मोबाइल उपभोक्ता ऐसे हैं, जो 5जी से जुड़ने के लिए तैयार हैं। इन उपभोक्ताओं के पास 5जी रेडी स्मार्टफोन हैं। लंबे समय से एनपीए (फंसे कर्ज) और घाटे के दबाव से जूझरहे बैंकिंग क्षेत्र के लिए यह साल बेहतर रहा।एनपीए में कमी से सरकारी बैंकों को इस साल रिकॉर्ड मुनाफा हुआ।चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सभी 12 सरकारी बैंकों का कुल लाभ 50 फीसदी बढ़कर 25,685 करोड़ रुपये पहुंच गया।चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में सरकारी बैंकों को 40,991 करोड़ का मुनाफा हुआ ।

### पेयू से 150 कर्मचारी निकाले गए, कंपनी ने छह प्रतिशत कर्मियों को बाहर का रास्ता दिखाया



**नई दिल्ली** ।वर्ष 2022 की समाप्ति से पहले छंटनी की एक और बड़ी खबर सामने आ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार भुगतान सेवा प्रदाता कंपनी पेयू ने अपने 150 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। खबरों के अनुसार, कंपनी से निकाले गए कुल कर्मचारी इसके कुल मैनपावर का छह प्रतिशत है। बता दें कि पेयू इंडिया के फिनेटक व्यवसायों में बिंबू, साइट्रस और लेजी पे जैसी कंपनियां शामिल हैं। कंपनी के अनुसार उसने छंटनी का फैसला नए लोगों की टीम तैयार करने के उद्देश्य से लिया है। बता दें कि इस वर्ष की शुरुआत में प्रोसस जिसके पास पेयू का स्वामित्व है उन्होंने कंपनी की ओर से ऑनलाइन पेमेंट गेटवे बिलडेस्क के 4.7 बिलियन डॉलर के अधिग्रहण प्रस्ताव को रद्द कर दिया है। भारत में कम्पिटीशन कमीशन ऑफ इंडिया की ओर से सौदे को मंजूरी मिलने के एक महीने के भीतर इसे रद् करने की घोषणा कर दी गई। इस सौदे की घोषणा पहली बार अगस्त 2021 में की गई थी।

# 2022 में 10प्रतिशत टूटा रुपया, नए साल में कैसी रहेगी करेंसी की चाल

**नई दिल्ली ।**
वर्ष 2022 को विदाई देने का वक्त आ गया है। नया साल प्रवेश करने को तैयार है। ऐसे में इस बात पर चर्चा भी जरूरी है कि बीते साल में लगातार नीचे की ओर फिसलने वाली भारतीय मुद्रा रुपये की चाल डॉलर के मुकाबले नए साल में कैसी रहेगी आइए जानकारों के नजरिए से समझते हैं कि नए साल में रुपये का गिरना जारी रहेगा या इसके दिन बहुरेंगे। मुद्रा बाजार के विशेषज्ञों का मानना है कि वर्ष 2023 के पहले छह महीनों के दौरान वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण रुपये के बाजार में भारतीय उठा-पटक देखने को मिल सकती है। जानकार मानते हैं कि रुपये को गिरावट की ओर धकेलने में ग्लोबल मंदी, जिसकी आशंका जताई जा रही है और कोविड का भी योगदान रह सकता है। हालांकि, मनी मार्केट के डीलर्स मानते हैं कि वर्ष 2023 के दूसरे हाफ में रुपया मजबूत हो सकता है, क्योंकि उम्मीद है कि तब तक केंद्रीय बैंक अपनी ब्याज दरों को उच्चतम स्तर पर ले जा चुके होंगे, और महंगाई से भी राहत मिल चुकी होगी।



**नए साल में भी जारी रह सकता है रुपये में उतार-चढ़ाव का दौर** - कोटक सिक्योरिटीज के वीपी अनिंद्य बनर्जी के अनुसार वर्ष 2023 के पहले छह महीनों के दौरान वैश्विक बाजार मंदी की अनिश्चिताओं के कारण प्रभावित रह सकता है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि यूरोपीय बाजार की आर्थिक हालत कुछ हद तक सुधर सकती है, क्योंकि ऊर्जा की कीमतों के मामले में जो सबसे बुरा हो सकता था वह फिलहाल नहीं होता दिख रहा है। इस बीच अगर रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष समाप्ति की खबर आती है तो यह भी बाजार के लिए संजीवनी बुटी का काम करेगा। बनर्जी के अनुसार वैश्विक आर्थिक चिंताओं के कारण घरेलू मुद्रा बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। 20 दिसंबर को जारी आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की ओर से जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यूएस फेडरल रिजर्व ने दिसंबर महीने में ब्याज वृद्धि की दर धीमी जरूर की, उस उसकी टिप्पणी अभी दरों में और वृद्धि की ओर इशारा कर रही है। रिपोर्ट के अनुसार फेड ना सिर्फ महंगाई से मुकाबला कर रहा है बल्कि उसे बाजार की उम्मीदों का भी ध्यान रखना पड़ा रहा है, विकास की अनिश्चितताओं के कारण चिंतित है।

**नए साल में किस रेंज में कारोबार कर सकता है रुपया** - बाजार के विशेषेज्ञों के अनुसार साल 2023 में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 79-85 रुपये के विस्तृत रेंज में कारोबार कर सकता है। नए साल के पहले छह महीनों के दौरान मुद्रा बाजार में 80 रुपये से 82 रुपये के बीच कारोबार देखने को मिल सकता है। वर्ष के दूसरे छह महीनों में रुपये के लिहाज से स्थिति बेहतर हो सकती है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज रिसर्च एनालिस्ट दिलीप परमार के मुताबिक नए साल 2023 में हम रुपये की चाल 79 रुपसे से 84 रुपये के बीच देख सकते हैं। साल के पहले छह महीने रुपये की मजबूती की लिहाज से चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं। कोटक सिक्योरिटीज के बनर्जी के मुताबिक साल के दूसरे हाफ में केंद्रीय बैंकों की ओर से ब्याज वृद्धि दर में कटौती करने और महंगाई में राहत से रुपये में मजबूती आ सकती है। वर्ष 2023 की दूसरी छमाही में यूएस फेड की ओर से ब्याज दरों में कटौती से डॉलर में कमजोरी दिख सकती है। वहीं परमार के मुताबिक वैश्विक केंद्रीय बैंको की ओर से मौद्रिक पॉलिसी में लचीलापन, भारतीय बॉन्ड के ग्लोबल बॉन्ड इंडेक्स में जुड़ना, विदेशी पूंजी का आना आदि कारण रुपये की मजबूती में अहम भूमिका अदा कर सकते हैं।

**रुपये में मजबूती लौटी तो विदेशी मुद्रा भंडार में हो सकता है इजाफा** - विदेशी मुद्रा डीलरों ने कहा कि रुपए की मजबूती से केंद्रीय बैंक को कोविड महामारी के दौरान दिखे स्तर पर विदेशी मुद्रा भंडार पहुंचाने में मदद मिल सकती है।

# चुनौतियों में भी सबसे तेज बढ़ी अर्थव्यवस्था, भारत की विकास दर रही सबसे तेज



**नई दिल्ली ।**
पहले कोरोना महामारी और फिर रूस-यूक्रेन युद्ध से पैदा हुईं चुनौतियों ने दुनियाभर के लिए महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक विकास के मोर्चे पर काफी मुश्किलें खड़ी कर दीं। आलम यह है कि अमेरिका और यूरोप जैसी विकसित अर्थव्यवस्थाएं मंदी में फंसने के कगार पर हैं। इन चुनौतियों के बीच मजबूत आर्थिक और बुनियादी ढांचा प्रबंधन के दम पर भारत ऐसे हालात में भी सबसे तेजी से आगे बढ़ रहा है। चालू वित्त वर्ष की पहली और दूसरी तिमाही में भारत की विकास दर क्रमश: 13.5 फीसदी एवं 6.3 फीसदी रही, जो दुनियाभर में सबसे तेज है।

### महंगाई : 10 महीने बाद आखिरकार मिली राहत

महंगाई के लिहाज से यह साल काफी चुनौतियों भरा रहा। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल और अन्य कमोडिटी की बढ़ी कीमतों ने इस साल जनवरी से अक्तूबर के दौरान आम लोगों से लेकर उद्योग तक को परेशान किया। हालांकि, खुदरा महंगाई के मोर्चे पर 10 महीने बाद थोड़ी राहत मिली, जब नवंबर में खुदरा महंगाई घटकर 11 महीने में पहली बार 6 फीसदी के नीचे आई। वहीं, अप्रैल, 2021 से सितंबर, 2022 तक लगातार दहाई अंकों में रहने वाली थोक महंगाई भी इस दौरान घटकर 21 महीने के निचले स्तर 5.85 फीसदी पर आ गई।

### स्टार्टअप : यूनिकॉर्न में हमने चीन को पीछे छोड़ा

मंदी की आशंका और अन्य चुनौतियों के बावजूद भारत जनवरी-जुलाई, 2022 के बीच स्टार्टअप यूनिकॉर्न (एक अरब डॉलर से ज्यादा मूल्यांकन) के मामले में चीन को पीछे छोड़ने में कामयाब रहा। इस अवधि में देश में 14 स्टार्टअप यूनिकॉर्न बने, जबकि चीन में यह आंकड़ा सिर्फ 11 रहा। फिलहाल देश में 108 यूनिकॉर्न हैं। इस में मामले अमेरिका और चीन के बाद भारत तीसरे स्थान पर है। आज वैश्विक स्तर पर हर 10 में एक यूनिकॉर्न का उदय भारत में हो रहा है। सरकार के प्रयासों और तकनीक-नवाचार की बदौलत मेट्रो शहरों के साथ छोटे इलाकों में भी स्टार्टअप का विस्तार हुआ। विस्तार की यह दर बाकी दुनिया के मुकाबले सबसे ज्यादा है। देश में मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या 2016 में 452 थी, जो 30 नवंबर, 2022 तक 186 गुना बढ़कर 84,012 पहुंच गई। हालांकि, यूनिकॉर्न बनने और फंडिग मिलने की रफ्तार पिछले साल के मुकाबले 2022 में कम रही।

# शिवा अय्यदुरई बनना चाहते हैं ट्विटर सीईओ : ईमेल के इन्वेंटर शिवा ने एलन मस्क से कहा- मुझे इस पद के लिए अप्लाई करने का प्रोसेस बताएं

**नई दिल्ली ।**
इन्वेंटर ऑफ ईमेल डॉ. शिवा अय्यदुरई ने ट्विटर का नया सीईओ बनने की इच्छा व्यक्त की है। भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक शिवा अय्यदुरई ने ट्विटर पर एक पोस्ट शेयर कर इस बात की जानकारी दी है। शिवा अय्यदुरई ने एलन मस्क को टैग कर लिखा कि मुझे ट्विटर के सीईओ पद में दिलचस्पी है। मेरे पास एमआईटी की 4 डिग्री हैं और मैंने अब तक 7 हाईटेक सॉफ्टवेयर कंपनियों को बनाया है। आप मुझे इस पद के लिए अप्लाई करने का प्रोसेस बताएं।

शिवा अय्यदुरई के इस पोस्ट पर कई लोगों ने कमेंट कर उनका सपोर्ट किया है। कुछ लोगों ने टेक इंडस्ट्री में उनकी उपलब्धियों और अनुभव की प्रशंसा भी की है। हालांकि, कुछ लोगों ने उनके वास्तव में ट्विटर के सीईओ बनने की संभावनाओं पर संदेह व्यक्त किया है।

### मस्क ने अब तक अय्यदुरई के इस पोस्ट पर कोई जवाब नहीं दिया

हालांकि, एलन मस्क ने अब तक शिवा अय्यदुरई के इस पोस्ट पर कोई जवाब नहीं दिया है। अब यह देखना होगा कि अय्यादुरई के इस ट्वीट पर आगे ट्विटर की ओर से कोई कार्रवाई होती है, या नहीं। हालांकि, उनके इस पोस्ट से ट्विटर के यूजर्स के बीच पॉपुलर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के एक लीडर के रूप में अय्यदुरई की क्षमता के बारे में बातचीत शुरू हो गई है।



### मस्क ने 21 दिसंबर को सीईओ पद से इस्तीफा देने का किया था ऐलान

एलन मस्क ने 21 दिसंबर को ट्विटर के सीईओ पद से इस्तीफा देने का ऐलान किया था। उन्होंने ट्वीट कर लिखा था कि जैसे ही इस पद को संभालने वाला कोई मूर्ख व्यक्ति मिल जाता है, तो मैं इस पद से इस्तीफा दे दूंगा। इसके बाद मैं सिर्फ सॉफ्टवेयर और सर्वर टीमें संभालूंगा।

# भारत व दक्षिण पूर्व एशिया में निवेश को दुनिया के अरबपति दे रहे तरजीह, नॉर्थ अमेरिका भी फेवरेट

**नई दिल्ली** ।रूस यूक्रेन युद्ध और वैश्विक बाजार में जारी अनिश्चितताओं के बीच दुनिया भर के अरबपति और समेत दक्षिण पूर्व एशिया के अन्य देशों में निवेश को प्राथमिकता दे रहे हैं। सेक्टरों में वे मुख्य रूप से ऊर्जा, संभवतः दुनिया में जारी सप्लाई की दिक्कतों को देखते हुए और नवीकरणनीय ऊर्जा स्त्रोतों को बढ़ावा देने के लिए समर्थन दे रहे हैं। इस महीने की शुरुआत में जारी की गई यूबीएस बिलिनायर एंबिशंस रिपोर्ट 2022 में ये बातें सामने आई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तरी अमेरिका भी अपने विशाल घरेलू बाजार और जीवंत उद्यमशीलता संस्कृति के साथ निवेशकों के लिए एक लोकप्रिय क्षेत्र बना हुआ है। जबकि बाकी दुनिया से इस मामले में अब भी आगे मुख्य भूमि चीन इन फिलहाल इस मामले में फिसलता दिख रहा है।

# लोन फ्रॉड केस में वीडियोकॉन के फाउंडर धूत गिरफ्तार: सीबीआई ने 2 दिन पहले चंदा कोचर और उनके पति को अरेस्ट किया था

**मुंबई।**
सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने सोमवार को वीडियोकॉन ग्रुप के फाउंडर वेणुगोपाल धूत को गिरफ्तार कर लिया। आईसीआईसीआई बैंक लोन धोखाधड़ी मामले में ये गिरफ्तारी हुई है। इससे पहले एजेंसी ने शुक्रवार को आईसीआईसीआई चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को अरेस्ट किया था। इसके बाद उन्हें मुंबई की स्पेशल कोर्ट ने 3 दिन (24 से 26 दिसंबर) की कस्टडी में भेज दिया था। आरोप है कि जब चंदा कोचर ने देश के बड़े प्राइवेट बैंकों में से एक आईसीआईसीआई बैंक की कमान संभाली तो वीडियोकॉन की विभिन्न कंपनियों के नियमों को ताक पर रखकर कुछ लोन मंजूर किए। 2012 में वीडियोकॉन ग्रुप की कंपनियों के 6 अकाउंट के मौजूदा बकाया को डोमेस्टिक डेब्ट रिफाइनेंसिंग के तहत स्वीकृत 1,730 करोड़ रुपए के लोन में एडजस्ट किया था।




वहीं सीबीआई ने ये भी बताया था कि 2012 में दिए गए 3250 करोड़ के लोन में से 2810 करोड़ रुपए (लगभग 86प्रतिशत) नहीं चुकाए। वीडियोकॉन और उसकी ग्रुप कंपनियों के अकाउंट को जून 2017 में एनपीए घोषित कर दिया गया था। एनपीए घोषित होने से बैंक को घाटा हुआ। चंदा कोचर के वकील ने शनिवार को कोर्ट में कहा था कि चंदा ऐसी किसी भी कंपनी में डायरेक्टर या स्टेकहोल्डर नहीं थीं, जिसे लोन दिए गए थे।

यह बयान ईडी को स्वीकार्य था और ईडी ने उन्हें गिरफ्तार नहीं किया, लेकिन सीबीआई इस बयान से संतुष्ट नहीं हुई और गिरफ्तारी की गई। वकील ने कहा था कि इन लोन्स के लाभार्थी वीएन धूत हैं। उन्होंने सवाल किया, अगर सीबीआई को लगता है कि फ्रॉड हुआ तो कोचर को ही क्यों गिरफ्तार किया गया, लाभार्थी को क्यों नहीं। इस मामले की जांच 2016 में शुरू हुई थी जब दोनों फर्मों, वीडियोकॉन ग्रुप और आईसीआईसीआई बैंक में एक निवेशक अरविंद गुप्ता ने लोन अनियमितताओं के बारे में चिंता जताई थी।

# अदाणी विल्मर लिस्टिंग के बाद साल का सबसे अच्छा काम करने वाला आईपीओ

**नई दिल्ली।**
अदाणी विल्मर लिस्टिंग के बाद 155 प्रतिशत से अधिक के रिटर्न के साथ वर्ष 2022 के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले आईपीओ के रूप में उभरा है। प्राइम डेटाबेस के आंकड़ों के अनुसार, इस साल जनवरी में सूचीबद्ध अदानी विल्मर ने लिस्टिंग के दिन 15.30 प्रतिशत का रिटर्न दिया और 21 दिसंबर के बाजार मूल्य पर 155.59 प्रतिशत का रिटर्न दिया। वीनस पाइप्स ने 128.53 फीसदी का रिटर्न दिया, जबकि हरिओम पाइप इंडस्ट्रीज ने लिस्टिंग के बाद 112.58 फीसदी का रिटर्न दिया, जबकि वेरांडा लर्निंग ने 93.80 फीसदी का रिटर्न दिया है। सूचीबद्धता के बाद के नकारात्मक रिटर्न में एलआईसी ने 26 फीसदी, डेल्हीवेरी ने 31 फीसदी, आईनॉक्स ग्रीन एनर्जी ने 26 फीसदी का नकारात्मक रिटर्न दिया। लिस्टिंग के दिन के प्रदर्शन के संबंध में, डीसीएक्स सिस्टम्स ने 49.18 प्रतिशत का उच्चतम रिटर्न दिया, इसके बाद हर्षा इंजीनियर्स ने 47.24 प्रतिशत, हरिओम पाइप इंडस्ट्रीज ने लिस्टिंग के दिन 46.86 प्रतिशत रिटर्न दिया।




प्राइम डेटाबेस के प्रबंध निदेशक प्रणव हल्दिया ने कहा कि सभी आईपीओ जो जरूरी सब्सक्रिप्शन हासिल करने में सफल रहे हैं। यहां तक कि अगर किसी आईपीओ को 1 बार सब्सक्राइब किया जाता है, तो यह दर्शाता है कि उस कीमत पर आईपीओ की पर्याप्त मांग थी। हल्दिया ने कहा कि आईपीओ के बाद, वह किसी सूचीबद्ध कंपनी की तरह हैं और उनका प्रदर्शन अर्थव्यवस्था, क्षेत्र और कंपनी के प्रदर्शन पर निर्भर करता है। बे कैपिटल के मैनेजिंग पार्टनर केयूर मजमूदार ने कहा कि पिछले साल की तुलना में, 2022 में आईपीओ के उत्साह को सही तरीके से संतुलित किया गया है।

वर्ष की शुरुआत में निर्धारित कई आईपीओ को बड़े परिदृश्य और भू-राजनीतिक कारकों के कारण वर्ष में और आगे धकेल दिया गया। चुनौतियों के बावजूद निवेशकों ने उचित मूल्य वाले आईपीओ को देखना जारी रखा और वर्ष के मध्य से कुछ आईपीओ को अच्छी प्रतिक्रिया मिली।

कुछ प्रकार के व्यवसायों के लिए निवेशकों की मांग, इंटरनेट-आधारित और डिजिटल-पहले व्यवसायों के लिए काफी हद तक संतुलित थी। मोतीलाल ओसवाल ब्रोकिंग एंड डिस्ट्रीब्यूशन के अनुसार, भारत ने वर्ष 2022 में वैश्विक बाजारों को पीछे छोड़ दिया, यह कई वैश्विक विपरीत परिस्थितियों के प्रति लचीला रहा : उच्च मुद्रास्फीति, बढ़ती ब्याज दरें, मुद्रा में उतार-चढ़ाव, भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं और एफआईआई की बिक्री का प्रभाव। इस लचीलेपन का नेतृत्व कई संरचनात्मक टेलविंड्स ने किया है, जिसने भारत को विश्व मानचित्र पर एक उज्जवल स्थान पर रखा है। रोलर-कोस्टर सवारी के बावजूद, निफ्टी ने वर्ष के लिए 7 प्रतिशत (12 दिसंबर तक) की वृद्धि की, जबकि अधिकांश वैश्विक सूचकांकों में 10-20 प्रतिशत की गिरावट आई थी। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स भी लचीला बना रहा और 7 फीसदी वाईटीडी बढ़ा।

### रूटीन चेकअप और पेट में इन्फेक्शन के लिए भर्ती

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को नई दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के एक प्राइवेट वार्ड में रूटीन चेकअप और पेट में हल्के इन्फेक्शन के लिए भर्ती कराया गया है। दोपहर करीब 12 बजे वो एम्स पहुंची। सीतारमण अस्पताल से डिस्चार्ज हो सकती हैं। शनिवार को, सीतारमण ने चेन्नई में डॉ. एमजीआर मेडिकल यूनिवर्सिटी के 35वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में भाग लिया था। सीतारमण ने अपने भाषण में कहा कि तमिलनाडु में चिकित्सा शिक्षा तमिल भाषा में पढ़ाई जानी चाहिए क्योंकि इसे मजबूत करने की निश्चित तौर पर जरूरत है। सीतारमण 1 फरवरी, 2023 को केंद्रीय बजट पेश करने वाली हैं। उन्होंने बजट के लिए 21-28 नवंबर तक वर्चुअल मोड में आयोजित प्री-बजट परामर्श बैठकों की अध्यक्षता की थी। मंत्री ने शुक्रवार को संकेत दिया कि आगामी बजट सार्वजनिक खर्च के दम पर ग्रोथ को आगे बढ़ाएगा।

# काजोल-तनीषा ने मिलकर मां को दिया घर का सरप्राइज

**मुंबई (ईएमएस)।** आम लोगों की तरह ही बॉलीवुड सेलिब्रेटी भी अक्सर अपने परिवार और दोस्तों को सरप्राइज और खुशी देने का कोई मौका नहीं छोड़ना चाहते हैं। ऐसा ही कुछ हाल ही में अभिनेत्री काजोल और उनकी बहन तनीषा ने उनकी मां तनुजा के लिए किया। काजोल-तनीषा ने मां तनुजा को नए रेनोवेट घर एक बेहतरीन सरप्राइज दिया जिसे देख तनुजा थोड़ी इमोशनल हो गईं। वहीं सोशल मीडिया पर घर का इनसाइड वीडियो भी तनीषा ने शेयर किया है।



**क्या है तनीषा मुखर्जी का पोस्ट -** सोशल मीडिया पर तनीषा ने वीडियो शेयर किया। इस वीडियो को देखकर पता लग रहा है कि काजोल और तनीषा ने मिलकर मां तनुजा को सरप्राइज दिया।

वीडियो में दिखाई दे रहा है कि तनीषा और काजोल अपनी मां को 8 महीनों बाद उनके लोनावाला वाले कर लेकर गई थीं जहां पर कई दिनों से काम चल रहा था। इतने दिनों अपना घर को देखकर तनुजा बेहद इमोशनल हो गई। वहीं तनीषा को काजोल गले भी लगाती हैं।

# स्टाइलिश स्लीवलैस डीप नेक गाउन में नजर आयी उर्वशी

बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है। इसमें उन्हें बोल्ड अंदाज में पोज करते हुए देखा जा सकता है। उनकी तस्वीरें वायरल हो गई है। वहीं उन्हें इसे लेकर ट्रोल भी किया जा रहा है। इसमें उन्होंने एक स्टाइलिश स्लीवलैस डीप नेक गाउन पहन रखा है। इसमें वह काफी खूबसूरत लग रही हैं। उनके बाल खुले हुए हैं। उन्होंने हैवी मेकअप भी कर रखा है। इसके अलावा उन्होंने ज्वेलरी भी पहन रखी है। उर्वशी को इन तस्वीरें पर 112000 से ज्यादा लाइक मिले हैं।



वहीं तस्वीरों पर 16 सौ से ज्यादा कमेंट किए गए हैं। कई लोगों ने तस्वीरों पर वाओ गॉर्जियस नाइस ब्यूटीफुल जैसे कमेंट किये है।

# 'जियरा गाजर कईलू' ने क्रॉस किये 3 मिलियन व्यूज

**मुंबई, (हि.स.)।** भोजपुरी इंडस्ट्री के सुपरस्टार रितेश पांडे और माही श्रीवास्तव के नए गाने 'जियरा गाजर कईलू' ने यूट्यूब पर फेमस हो गया है। गाने ने 3 दिन में 3 मिलियन से ज्यादा व्यूज हासिल कर लिया है। इस गाने को प्रतिदिन 1 मिलियन व्यूज मिल रहे हैं। इस गाने में माही और रितेश की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया है। गाना यूट्यूब पर छाया हुआ है। इस गाने को वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। गाने में रितेश पांडे की सिंगिग और माही श्रीवास्तव की कातिलाना अदाएं दोनों का कॉम्बिनेशन कमाल का है। जो दर्शकों को अपना दीवाना बनाने के लिए काफी है। गाने में दोनों की जोड़ी एक दम जानदार शानदार और धमाकेदार लगी है। यही कारण है कि दर्शकों ने इसे भरभर के प्यार और दुलार लुटाया है। गाने को लेकर निमार्ता रत्नाकर कुमार ने कहा कि गाने को रोजाना दर्शकों देख रहे हैं। इस बात से अंदाजा लगाया जा



सकता है कि दर्शकों को रितेश पांडे और माही श्रीवास्तव की जोड़ी कितनी पसंद आई है। गाने को दर्शकों द्वारा बहुत ही अच्छा रिस्पांस मिला है। इसके लिए सभी भोजपुरिया दर्शकों का तहेदिल से धन्यवाद देना चाहता हूँ। आगे भी हम अलनी दर्शकों को एक से बढ़कर एक गाने लाने की कोशिश करेंगे। रितेश पांडे ने कहा कि मैंने पहली बार जब गाना सुना तो सुनते ही गाना मेरे दिलों दिमाग पर छा गया और मैं तुरंत ही गाने के लिए हां कर दी। इस गाने में मेरी को स्टार माही श्रीवास्तव हैं। निनके साथ मैंने पहली बार काम किया है और उनके साथ काम करने का अनुभव बेहद ही सुखद रहा है। हमने इस सॉन्ग को हसी मजाक में कब शूट कर लिया पता ही नहीं। और हमारी जनता जनार्दन का बहुत बहुत शुक्रिया गाने को ईस्टन सफल बनाने के लिए। वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स भोजपुरी प्रस्तुत 'जियरा गाजर कईलू' गाने के निमार्ता रत्नाकर कुमार हैं। इसके लिरिक्स जेडी बहादुर ने लिखे हैं। वही इसका संगीत आशीष वर्मा ने दिया हिग। इसकी परिकल्पना छोटन पांडेय की है। इसका निर्देशन भोजपुरिया ने किया है। गाने की कोरियोग्राफर अनुज आर मौर्य, एडिट पंकज सॉ और डीआई रोहित ने किया है।

# क्रूज ड्रग्स केस में शाहरुख के बेटे आर्यन खान को कोर्ट से राहत

**मुंबईः** बॉलीवुड के बादशाह यानि शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को कॉर्डेलिया क्रूज ड्रग्स केस में बॉम्बे हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई है। देश के सबसे चर्चित मामलों में से एक रहे कॉर्डेलिया क्रूज ड्रग्स मामले से आर्यन खान का नाम हटाने के फैसले को चुनौती देने वाली जनहित याचिका वापस ले ली गई। बॉम्बे हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय गंगापुरवाला की अध्यक्षता वाली बेंच के आदेश के बाद याचिका वापस ली गई है। गौरतलब है कि, कॉर्डेलिया क्रूज पर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने 2 अक्टूबर 2021 को छापेमारी करते हुए शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान समेत 8 लोगों को हिरासत में लिया था। आर्यन पर इंटरनेशनल मार्केट में ड्रग्स ट्रेडिंग का आरोप लगा था। इसके बाद उन्हें



एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया गया था। इस केस में आर्यन 28 दिनों तक जेल की सलाखों के पीछे रहे थे। बाद में कार्डेलिया क्रूज ड्रग्स केस में आर्यन खान को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने बरी कर दिया था। एनसीबी की चार्जशीट में बताया गया था कि आर्यन के खिलाफ सबूत नहीं मिले है। एनसीबी की एसआईटी ने विशेष एनपीडीएस कोर्ट में 6000 पन्नों की चार्जशीट दायर की थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि, उनको ऐसे कोई सबूत नहीं मिले जिसके आधार पर आर्यन खान का नाम चार्जशीट में शामिल किया जाए।

# बॉक्स ऑफिस पर जारी हैं सिंघम का जलवा, दृश्यम 2 कर रही ताबड़तोड़ कमाई

**मुंबई (ईएमएस)।** 18 नवंबर 2022 को फिल्म दृश्यम 2 रिलीज हुई थी। अजय देवगन की फिल्म को दर्शकों के साथ ही साथ क्रिटिक्स ने भी पसंद किया। इस फिल्म के बाद कई छोटी बड़ी फिल्में रिलीज हुईं लेकिन इसके बाद भी दृश्यम 2 की कमाई जारी है। एक ओर जहां फिल्म ने 37वें दिन भी करोड़ों में कमाई की है तब दूसरी ओर फिल्म का कुल कलेक्शन 250 करोड़ के पास पहुंच गया है। अजय की दृश्यम 2 250 करोड़ के करीब आ रही है। फिल्म का कुल कलेक्शन करीब 236 करोड़ रुपये हो गया है। फिल्म दृश्यम 2 ने पहले दिन 15.38 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। वहीं फिल्म ने ओपनिंग वीकेंड में 64.14 करोड़ रुपये और पहले हफ्ते में 104.66 करोड़ रुपये कलेक्ट किया। वहीं दूसरे हफ्ते में फिल्म का कलेक्शन 163.48 रुपये रहा। इसके साथ ही तीसरे हफ्ते में फिल्म का कलेक्शन 196.30 करोड़ रुपये चौथे हफ्ते 215.70 करोड़ रुपये और पांचवे हफ्ते 224.68 करोड़ रुपये रहा। वहीं फिल्म की कमाई 6वें हफ्ते भी जारी है।




**कैथी की रीमेक है भोला -** गौरतलब है कि एक ओर जहां अजय की फिल्म दृश्यम 2 का धमाका अब भी जारी है तब दूसरी ओर उनकी फिल्म भोला ने भी फैंस को उत्साहित कर दिया है। फिल्म का टीजर हाल ही में रिलीज हुआ था जिसे दर्शकों ने काफी ज्यादा पसंद किया। बता दें कि भोला तमिल फिल्म कैथी की हिंदी रीमेक है। कैथी में अभिनेता कार्ती ने लीड रोल किया है। फिल्म को लोकेश कनगराज ने निर्देशित किया था।

# अगले साल बड़े मियां छोटे मियां 2 में नजर आयेंगी जाह्नवी



जाह्नवी कपूर अगले साल निर्देशक अली अब्बास जफर की बड़े मियां छोटे मियां 2 में टाइगर श्रॉफ और अक्षय कुमार के साथ नजर आयेंगी। इसके अलावा धर्मा प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनने वाली तख्त में भी उनका अहम रोल है हालांकि इन फिल्मों की रिलीज डेट आधिकारिक तौर पर सामने नहीं आई है लेकिन जाह्नवी के इन फिल्मों का पार्ट होने की जानकारी है। हाल में अभिनेता अनिल कपूर के जन्म दिन पर अभिनेत्री जाह्नवी कपूर बेहद ग्लैमरस अंदाज में नजर आयीं। जाह्नवी सिल्वर शिमरी परिधानों में बेहद खूबसूरत नजर आ रहीं थीं। लाइट मेकअप और सिल्वर शिमर में जाह्नवी ने गॉर्जियस और फैंटैस्टिक लुक लिए पहुंची थीं। मेकअप के नाम पर अपने फीचर्स के होठ और आंखों को हाइलाइट किया। बाकी पूरा मेकअप सिंपल रखा। वहीं एक्ससरीज के नाम पर सिर्फ बेली पहनी। इतने सिंपल लुक में जाह्नवी को देख फैंस उन्हें एक टक निहारने को मजबूर हैं। फैंस ने ब्यूटिफुल और गार्जियस कहकर उनकी तारीफ की है।

# बिग बास से अंकित को बाहर करने पर भड़के प्रशंसक



बिग बॉस 16 से अंकित गुप्ता के बाहर होने के बाद से ही सोशल मीडिया पर हड़कंप मच गया है। प्रशंसक नाराज हैं और किसी भी हाल में अंकित को वापस चाहते हैं। अंकित के जाने पर प्रियंका चाहर चौधरी को लोगों ने रोते हुए देखा। दूसरी तरफ अंकित के जाने पर अर्चना गौतम काफी खुश नजर आईं। अब सोशल मीडिया पर लोगों का गुस्सा बिग बॉस के घर में बनी मंडली और इसके मेकर्स के खिलाफ फूट पड़ा है। लोग किसी भी हाल में अंकित गुप्ता को शो में वापस देखना चाहते हैं। लोगों का कहना है कि शो में अंकित का कॉन्ट्रिब्यूशन सबसे कम बताकर उन्हें बाहर कर दिया पर अब तक निमृत टीना स्टैन और साजिद का क्या योगदान रहा है? तो किसी का कहना है कि प्रियंका चाहर चौधरी शो में सबसे मजबूत नजर आ रही हैं उन्हें गिराने के लिए ये बीबी मेकर्स ने ये खेल खेला है। एक यूजर्स ने ये भी आरोप लगाया कि घरवालों ने बिग बॉस के नियमों का उल्लंघन करके अंकित को नॉमिनेट करने का प्लान बनाया और बिग बॉस ने कुछ नहीं किया। तो कुछ को प्रियंका चाहर चौधरी की हालत देखकर रोना आ रहा है।

# गिटार बजाते नजर आये सैफ अली खान

अभिनेता सैफ अली खान का एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें वह गिटार बजाते नजर आ रहे है। इंस्टाग्राम पर करीना कपूर ने सैफ का ये वीडियो साझा किया है। करीना और सैफ इन दिनों लंदन में हैं। ऐसे में उन्होंने पति सैफ का एक वीडियो साझा किया है जिसमे वह गिटार बजाते नजर आ रहे हैं। पहली बार सैफ का ये रूप देखने को मिला है। इस वीडियो में सैफ खूबसूरत क्रिसमस ट्री के साथ बैठे हुए है और गिटार बजा रहे हैं। इस वीडियो के साथ करीना ने लिखा क्रिसमस का सबसे अच्छा तरीका। अपने प्यार के साथ गिटार बजाना है।



# उर्मिला मातोंडकर एक बार फिर नजर आएंगी परदे पर

बीआर चोपड़ा की एक फिल्म थी कर्म जो उन्होंने धुंध और पति, पत्नी और वह के बीच 1977 में बनाई थी। इसमें राजेश खन्ना के साथ विद्या सिन्हा और शबाना आजमी ने काम किया था। राजेश खन्ना का बाजार तब तक काफी कुछ बिगड़ चुका था, फिर भी यह फिल्म चल गई थी। इसमें एक तीन साल की बच्ची दिखाई गई थी जो उर्मिला मातोंडकर थीं। वह बच्ची श्याम बेनेगल की कलयुग और राहुल रवेल की डकैत में भी दिखी। फिर शेखर कपूर ने अपने निर्देशन की पहली फिल्म मौसम में उर्मिला को लिया जिसमें उन्हें लकड़ी की काठी वाले गाने के लिए याद किया जाता है। लड़की की किस्मत तेज थी, सो मुश्किल से सोलह साल की उम्र में उसे एक मलयालम फिल्म चाणक्यन में हीरोइन की भूमिका मिल गई जिसके हीरो थे कमल हासन। उसी साल वे ऋषि कपूर और मीनाक्षी शेषाद्रि वाली बड़े घर की बेटी में भी आईं और दो साल बाद एन चंद्रा की नरसिम्हा में भी जिसमें सनी देओल और डिंपल कपाड़िया थे। उन्हें दक्षिण से लगातार फिल्में मिलती रहीं जबकि बॉलीवुड में रंगीला से वे चमकीं और जुदाई, सत्या, खूबसूरत, प्यार तूने क्या किया, इक हसीना थी, तहजीब आदि के साथ उनका सफर तेजी से चला। रफ्तार कुछ कम हुई तो 2003 में उन्हें अमृता प्रीतम के उपन्यास पर बनी पिंजर में काम मिला। डॉ चंद्र प्रकाश द्विवेदी के निर्देशन की यह फिल्म अपने बॉलीवुड की बेहतरीन फिल्मों में गिनी जाती है। मगर उर्मिला को अपने करियर में इसका कोई लाभ नहीं मिल पाया और 2006 में बस एक पल पर जाकर उनकी पारी थम गई। उसके बाद उन्होंने एक मराठी फिल्म में काम किया और एक रियलिटी शो की जज बनीं, मगर हिंदी



के अभिनय वाले परदे से वे गायब हो गईं। कुछ कलाकार परदे के अपने करियर को अपनी निजी जिंदगी से उलझा बैठते हैं और फिर मात खाते हैं। निमार्ता व निर्देशक राम गोपाल वर्मा से अत्यधिक नजदीकी और उन पर निर्भरता उर्मिला मातोंडकर को भारी पड़ी। एक समय था जब वर्मा की हर फिल्म में उर्मिला ही हीरोइन होती थीं। यह सिलसिला इस हद तक चला कि दूसरे फिल्मकार उर्मिला से दूर हो गए। और जब उनका बाजार ढलने लगा तो खुद रामगोपाल वर्मा ने भी उन्हें काम देना बंद कर दिया। यह अलग बात है कि उसके बाद वर्मा की फिल्में भी फीकी पड़ गईं। ये वही रामगोपाल वर्मा हैं जो हाल में अपनी आने वाली फिल्म डेंजरस को प्रमोट करने के लिए उसकी हीरोइन के साथ अपनी ऊटपटांग तस्वीरें पोस्ट करके फिर चर्चा में आए हैं। हालात से हार कर, उर्मिला ने 2016 में एक मॉडल और बिजनेसमैन मोहसिन अख़्तर मीर से विवाह कर लिया। इसके तीन साल बाद वे राजनीति में आईं। पिछले लोकसभा चुनाव से ऐन पहले मार्च 2019 में उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता ली। मुंबई नॉर्थ से उन्हें टिकट मिला, जहां वे बहुत बड़े अंतर से हारीं और उसी साल सितंबर में उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी। इस शिकायत के साथ कि पार्टी की घटिया गुटबाजी के चक्कर में वे हारी हैं। जिस सीट से उन्हें टिकट दिया गया था वहां से पिछला चुनाव संजय निरुपम लड़े थे और उर्मिला का मानना था कि संजय के करीबी लोगों ने उन्हें हरवा दिया। इसके लगभग साल भर बाद वे शिवसेना में चली गईं जिसने तत्काल विधान परिषद में मनोनयन के लिए उनके नाम की सिफारिश कर दी। मगर महा विकास अघाड़ी सरकार के भेजे नामों को राज्यपाल ने तब तक लटकाए रखा जब तक कि वह सरकार गिर नहीं गई। कहने को उर्मिला मातोंडकर अभी राजनीति में हैं, लेकिन जब वहां भी कुछ हो नहीं सका, तब अड़तालीस साल की उम्र में वे एक बार फिर परदे पर लौटने वाली हैं। वे तिवारी नाम की एक वेब सीरीज की शूटिंग कर रही हैं। एक मां और उसकी बेटी के भावनात्मक द्वंद्व की इस कहानी को सौरभ वर्मा निर्देशित कर रहे हैं।

## सूडोकु नवताल- 6561

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | 3 | 1 | | | 8 | |
| 3 | 6 | | 2 | | 7 | | 9 | |
| | | 7 | | | 6 | | 2 | 1 |
| | 7 | | 1 | | | | | |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| | | | | | 5 | | 4 | |
| 6 | 2 | | 4 | | | 9 | | |
| | 5 | | 6 | | 9 | | 1 | 8 |
| | 1 | | | 5 | 3 | | 6 | 4 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6560 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 |

## शब्द पहेली - 7625




### बाएँ से दाएँ

1. रुद्र, शिव, भैरव-4
4. आयुर्वेद के जनक-3
6. भीगा हुआ-2
7. ताला(अंग्रेजी-2)
9. शेविंग करना -4
11. योग्य, अनुरूप-3
12. अल्सर-3
13. ज्वालामुखी से निकला गर्म द्रव-2
14. नमाज पढ़ने से पहले हाथ- पांव धोना-2
15. नाप जोख करना-3
17. अनुमान लगाना-3
19. उदारता, बड़प्पन-4
21. गाथा, कहानी -2
23. जनकपुत्री-2
24. जिज्ञासा, उत्साह-3
25. राजा, सम्राट- 4

### ऊपर से नीचे

1. इच्छुक, अलमस्त-4
2. मात, पराजय-2
3. बोलने का तरीका-3
4. अचंभित-3
5. आर्ट, हुनर-2
8. गुनाह, अपराध-3
9. अटक-अटक कर बोलना-4
10. सरुर, खुमार, नशा, घमंड-2
12. नजाकत-4
15. अभिनेता, कप्तान-3
16. आनंद बोधक शब्द-2
18. सम्राट, राजा-4
19. व्यंग, परिहास-3
20. मुलायम-3
22. परात, बड़ी थाली-2
23. हलवा, एक मिष्ठान्न-2

### शब्द पहेली -7624 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स | ला | म | त | | ल | ल | क |
| दा | दा | | न | म | न | | | ल |
| म | चा | न | | स | र | फ | रो | श |
| | र | का | बी | | क | | | या |
| आ | | रा | ज | | म | न | | त्रा |
| ल | | | डा | | य | म | ज | |
| म | नो | मि | ल | न | | न | ल | का |
| गी | | | ना | र | द | | च | र |
| र | वा | ना | | क | र | ता | र | |

Jagrutidaur.com, Bangalore





# बॉक्सिंग-डे टेस्ट...साउथ अफ्रीका पहली पारी में 189 पर सिमटी : कैमरून ग्रीन ने झटके 5 विकेट, 6 खिलाड़ी दहाई तक नहीं पहुंचे

**मेलबर्न।**

मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में चल रहे बॉक्सिंग-डे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ साउथ अफ्रीका की पहली पारी 189 रन पर ऑलआउट हो गई। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अपनी पहली पारी में एक विकेट गंवाकर 45 रन बना लिए हैं। स्टंप्स पर 100वां टेस्ट खेल रहे डेविड वार्नर 32 और मार्नस लाबुशेन 5 रन बनाकर नाबाद लौटे। मेहमान टीम को पहली सफलता कगिसो रबाडा ने दिलाई। इससे पहले साउथ अफ्रीका की ओर से पहली पारी में मार्को जानसन ने सबसे ज्यादा 59 रन बनाए। जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज काइल वेरेन्ने ने 52 रन का योगदान दिया। शेष बल्लेबाज फीके रहे। कप्तान डीन एगर 26 रन ही बना सके। टेंबा बमूवा 1 रन बनाकर आउट हुए। टीम के 6 खिलाड़ी दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सके। टीम ने 67 के स्कोर 5 विकेट गंवा दिए थे। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज कैमरून ग्रीन ने सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए हैं। मिचेल स्टार्क ने 2 विकेट चटकाए। स्कॉट बोलैंड और नॉर्थन लियोन को एक-एक विकेट मिले।

दिन की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। तीन मैचों की सीरीज में कंगारू टीम 1-0 की बढ़त पर है। उसने पहला मुकाबला 6 विकेट से जीता था। सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला 4 जनवरी से सिडनी मैदान पर खेला जाएगा।

### काइल वेरेन्ने-मार्को जानसन ने जोड़े 112 रन

67 पर 5 विकेट गंवाने के बाद काइल वेरेन्ने-मार्को जानसन ने टीम का स्कोर 150 पार पहुंचाया। दोनों ने छठे विकेट के लिए 112 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी में काइल ने 85 गेंद पर 48 और जानसन ने 134 गेंद पर 58 रन का योगदान दिया। इन दोनों के बाद कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। केशव महाराज 2 रन, कगिसो रबाडा 4 रन, लुंगी एनगिडी 2 बनाकर आउट हो गए। जबकि एनरिक नोर्त्या 1 रन बनाकर नाबाद रहे।

### लाबुशेन ने पकड़ा शानदार कैच

मार्नस लाबुशेन ने शानदार कैच पकड़ा। इस कैच पर खाया जोंडो 5 रन बनाकर आउट हुए। स्टार्क की गेंद पर जोंडो ने जोर से शॉट मारा। शॉट इतना तेज था कि बॉल 3 सेकंड के अंदर लाबुशेन तक पहुंच गई। लाबुशेन ने अपने बायीं ओर हवा में डाइव लगाई और कैच लपक लिया। इस कैच की तारीफ हो रही है। जोंडो ने 5वें विकेट के रूप में आउट हुए। इस विकेट के साथ साउथ अफ्रीका का स्कोर 67/5 हो गया।

## न्यूज ब्रीफ

### ब्राजील में हेड कोच का पद संभालने की दौड़ में सबसे आगे जिदान



**रिड डी जनेरियो।** दक्षिण अमेरिकी देश में मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जिनेदिन जिदाने ब्राजील में हेड कोच के खाली पद को संभालने की दौड़ में सबसे आगे हैं। बताया कि जिदान को फ्रांस प्रबंधकीय भूमिका से जोड़ा गया है, लेकिन अगर डिडिएर डेसचैम्प्स फ्रांस के कोच बने रहते हैं तो ब्राजील को प्राथमिकता दी जा सकती है। `सचैम्प्स ने पिछले रविवार (18 दिसंबर) को विश्व कप फाइनल में अर्जेंटीना से फ्रांस की हार के बाद संवाददाताओं से कहा था कि वह आने वाले दिनों में फ्रांसीसी फुटबॉल महासंघ के प्रमुखों के साथ अपने भविष्य पर चर्चा करेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, 50 वर्षीय जिदान रियल मैड्रिड से अलग होने के बाद से काम से बाहर हैं, जिसके नेतृत्व में उन्होंने पिछले साल मई में लगातार तीन यूईएफए चैंपियंस लीग खिताब जीते थे। ब्राजील का प्रमुख कोचिंग पद इस महीने की शुरूआत में खाली हो गया था, जब टीम की विश्व कप क्वार्टरफाइनल में क्रोएशिया से हार के बाद टिटे ने पद छोड़ दिया था। कोच के पद से जुड़े अन्य लोगों में रियल मैड्रिड के वर्तमान प्रबंधक कार्लो एंसेलोटी, पुर्तगाली जोस मोरिन्हो, थॉमस ट्यूशेल और एबेल फरेरा शामिल हैं। ब्राजील की फुटबॉल टीम के कोच के रूप में कभी भी कोई विदेशी नहीं रहा, लेकिन लगातार पांचवें विश्व कप में उनकी विफलता के बाद, दिग्गज रोनाल्डो सहित कई विशेषज्ञों ने सुझाव दिया है कि उन्हें टीम को पुनर्जीवित करने के लिए किसी विदेशी को कोच बनाना चाहिए।

### बाबर आजम का शतक, रिकी पोंटिंग का रिकॉर्ड तोड़ाः कराची टेस्ट में पाक का स्कोर 224/4, ब्रेसवेल को 2 सफलताएं

**कराची।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में अपना 9वां शतक जमाया।



उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज कप्तान रिकी पोंटिंग का रिकॉर्ड तोड़ा। वे एक कैलेंडर ईयर में बतौर कप्तान सबसे 25 बार 50+ स्कोर करने वाले कप्तान बने। बाबर ने इस साल 17 फिफ्टी और 8 सेंचुरी जड़ीं। पोटिंग ने 17 साल पहले यानी 2005 में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करते हुए 24 बार 50+ के स्कोर बनाए थे। कराची में चल रहे इस मुकाबले के पहले दिन सोमवार को चाय तक पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 224 रन बना लिए हैं। बाबर 119 रन बनाकर नाबाद हैं। जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज सरफराज अहमद (43) उनका साथ दे रहे हैं। बाबर 2022 के टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने हैं। इस साल बाबर ने टेस्ट में चार शतक और 7 अर्धशतक जमाए हैं। इस साल उन्होंने टेस्ट में कुल 16 पारियां खेली हैं। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप पॉइंट टेबल में 7वें नंबर पर है पाकिस्तान पाकिस्तान की टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के पॉइंट्स टेबल में 7वें नंबर पर है। अभी उसके 38.89प्रतिशत अंक हैं। जबकि न्यूजीलैंड 25.93प्रतिशत अंक लेकर 8वें नंबर पर हैं। ये दोनों टीमें फाइनल की रेस से लगभग बाहर हो चुकी हैं। 6 दिन पहले इंग्लैंड ने टेस्ट इतिहास में पहली बार पाकिस्तान पर उसके घर में क्लीन स्वीप किया था। उसने 3 मुकाबलों की सीरीज के आखिरी मुकाबले को 8 विकेट से जीता है।

### बार्सिलोना नहीं जाएंगे लियोनल मेसी, पीएसजी के लिए 2024 तक खेलेंगे, चैंपियंस लीग बनी वजह

**पेरिस ।** अर्जेंटीना को तीसरी बार विश्व चैंपियन बनाने वाले दिग्गज लियोनल मेसी फ्रेंच क्लब पेरिस सेंट



जर्मेन के साथ 2024 तक का करार करने जा रहे हैं। इसके साथ ही उनके बार्सिलोना जाने की संभावनाएं फिलहाल टल गई हैं। मेसी का अगली गर्मियों में पीएसजी के साथ करार खत्म होने जा रहा है। वह पिछले 18 माह से पीएसजी के साथ जुड़े हुए हैं। अर्जेंटीना को विश्व चैंपियन बनाने के बाद बार्सिलोना क्लब के अध्यक्ष जोआन लापोर्ता ने सार्वजनिक रूप से यह बयान दिया था कि वह क्लब के पुराने साथी मेसी को वापस बार्सिलोना लाना चाहते हैं। इसके बाद से यह संभावनाएं जग पड़ीं की मेसी एक बार फिर बार्सिलोना के साथ जुड़ सकते हैं, लेकिन अब यह बात सामने आ गई है कि मेसी पीएसजी के साथ करार करने जा रहे हैं। इसका बड़ा कारण पीएसजी का चैंपियंस लीग की रेस में बने रहना है।

नेशनल प्लेयर बोलीं- मैं सुसाइड को मजबूर हूं

# कोच ने आधी प्राइजमनी मांगी मना करने पर हरवा दिया मैच

**झांसी।**

मलखंभ की नेशनल प्लेयर दीपशिखा ने अपने 2 कोच पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा, खेला इंडिया की प्राइजमनी का कोच ने आधा हिस्सा मांग लिया। मना करने पर मुझे हरवा दिया। क्योंकि मैच में कोच ही रेफरी थे।

दीपशिखा ने कहा, वहां से वापस आने के बाद मैं इतनी परेशान हो गई कि खेलना छोड़ दिया। 5 महीने से प्रैक्टिस नहीं की है। हाल में मुझे कॉलेज की टीम में भी सिलेक्ट नहीं किया गया। उन्होंने इन आरोपों का वीडियो भी जारी किया है। हालांकि कोच ने आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

**मां के पास फोन आया कि बेटी जीतती है, तो आधा हिस्सा चाहिए** - दीपशिखा महानगर के टोरिया के नरसिंहराव में रहती हैं। वह 10 साल से मलखंब खेल रही हैं। पिछले 6 साल से उन्हें कोच रवि परिहार और अनिल पटेल प्रैक्टिस करा रहे थे। दीपशिखा पोस्ट किए वीडियो में आरोप लगाया, हरियाणा के पंचकुला में आयोजित खेलो इंडिया के लिए 4 जून को टीम जानी थी।

मुझे भी चुना गया था। इसके बाद कोच ने मां को फोन किया। कहा कि 5 लाख रुपए प्राइज मनी है। अगर बेटी जीतती है, तो उसमें से आधा हिस्सा चाहिए। मां ने कह दिया कि बेटी की मेहनत है। तुम्हें पैसे क्यों दें इसके बाद मुझे खेलने के लिए साथ ले गए। मगर मेरा प्रदर्शन सही से नहीं आंका गया। मुझे हरवा दिया, क्योंकि मैच में मेरे




कोच ही रेफरी थे।

**नेशनल के लिए सिलेक्ट नहीं किया** - दीपशिखा कहती हैं, पंचकुला से लौटने के बाद मैं 10 से 15 दिन प्रैक्टिस के लिए गई। फिर अभ्यास बंद कर दिया। 22 अगस्त 2022 को नेशनल के लिए ट्रायल हुए। मेरी प्रैक्टिस बंद थी, लेकिन मैंने ट्रायल दिया। वहां भी निर्णायक की भूमिका में कोच रवि और अनिल थे। लेकिन, वहां भी मुझे सिलेक्ट नहीं किया गया। मेरे बारे में बहुत ही गलत बोला। मैं कुछ नहीं बोली और घर आ गई।

**कॉलेज के लिए ट्रायल दिया, तो भी सिलेक्शन नहीं** - दीपशिखा आगे कहते हैं, मैंने मलखंब का अभ्यास पूरी तरह से छोड़ दिया। मैंने विपिन बिहारी महाविद्यालय में बीएससी फर्स्ट ईयर में एडमिशन ले लिया। सहेलियों के कहने पर मैं अपने कॉलेज की ओर से बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी में अंतर महाविद्यालयी मलखंब प्रतियोगिता के लिए ट्राइल देने गई। ये 22 दिसंबर 2022 को था। वहां गई तो निर्णायक रवि परिहार और अनिल पटेल थे। मैंने अच्छा प्रदर्शन किया। इसकी वीडियो ग्राफी हुई। लेकिन दोनों कोच ने मेरा चयन नहीं किया।

**घर न जाकर मरने जा रही थी** - दीपशिखा कहती हैं, 22 दिसंबर की घटना के बाद मैं पूरी तरह टूट गई। कोच इतना मेंटल शोषण करते हैं कि अगर कोई बच्चा झेल न पाए तो फांसी लगा ले। मेरे साथ भी ऐसा ही हुआ। मैं मरने जा रही थी, पर पता नहीं क्या हुआ मैं रात को 3 घंटे की देरी से घर पहुंची। मैंने अपने सारे मेडल और मोमेंटो तोड़ दिए। मैं रातभर रोती रही। अगले दिन सुबह वीडियो बनाए।

**मुख्यमंत्री योगी तक पहुंचे वीडियो** - दीपशिखा आगे कहती हैं, कोच को जो पैसा दे, वो बेस्ट है और जो पैसा नहीं दे वो बेस्ट नहीं हैं। आप सोचिए कि कोई प्लेयर 10 सालों तक मेहनत करें और उसके साथ ऐसा हो। ये पीड़ा शब्दों में बयां नहीं की जा सकती। मैं चाहती हूं कि मेरा वीडियो खेलमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंचे। ताकि ऐसे लोगों को सबक मिले और उनको निर्णायक की भूमिका से हटाया जाए। वहीं, पिता संतोष ने डीएम को लेटर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

**कोच बोले- आरोप निराधार है** - मामले में कोच रवि परिहार का कहना है, खिलाड़ी दीपशिखा ने जो आरोप लगाए है, वो बेबुनियाद हैं। मेरे लिए सभी खिलाड़ी एक जैसे हैं। मैंने कभी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया है।

मामले में उत्तर प्रदेश मलखंब एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष संजीव सरावगी का कहना है कि ये मामला अभी संज्ञान में आया है। इसकी जांच करा रहे हैं। साथ ही इस पूरे मामले से मलखंब फेडरेशन ऑफ इंडिया को भी अवगत करवाया जाएगा।

# आकाश चोपड़ा ने आईपीएल नीलामी में पंजाब किंग्स की रणनीति पर सवाल उठाए



**नई दिल्ली।**

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और मशहूर कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने अनिल कुंबले को मुख्य कोच के पद से हटाने के लिए पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) पर सवाल उठाया है। उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2023) मिनी-नीलामी में अपनी टीम में ज्यादा बदलाव नहीं किए थे। 23 दिसंबर को कोच्चि में हुई नीलामी में, पंजाब किंग्स ने सैम करन (18.50 करोड़ रुपये), सिकंदर रजा (50 लाख रुपये), हरप्रीत भाटिया (40 लाख रुपये), विद्वत कावेरप्पा (20 लाख रुपये), मोहित राठी (20 लाख रुपये) और शिवम सिंह (20 लाख) को चुना। करन और रजा को छोड़कर उनमें से कोई भी टीम में अधिक प्रसिद्ध खिलाड़ी नहीं है।

अपने यूट्यूब चैनल पर शेयर किए गए एक वीडियो में चोपड़ा ने उनकी रणनीति पर सवाल उठाए। यदि आपने (पीबीकेएस) बदलाव नहीं किया है, तो इसका मतलब है कि अनिल कुंबले ने सही टीम बनाई थी। आपने एक टीम अच्छी चुनी है। टीम में बस थोड़ा सा बदलाव करना था। कुंबले को क्यों हटाया गया मैं बस सोच रहा हूं।

चोपड़ा ने पीबीकेएस पर विदेशी खिलाड़ियों के अपने पूर्ण कोटा का चयन नहीं करने पर भी सवाल उठाया।

हैदराबाद के बाद अगर किसी के पास खर्च करने के लिए पैसे थे तो वह पंजाब किंग्स थी। उन्होंने 22 सदस्यीय टीम रखी है आप 25 सदस्य रख सकते हैं, जिसमें सात विदेशी को शामिल कर सकते थे। उन्हें एक और विदेशी खिलाड़ी रखना चाहिए था। मैं समझता हूं कि कोविड फिर बढ़ रहा है, लेकिन आपके पास वैकल्पिक योजना होनी चाहिए।

चोपड़ा ने नोट किया कि कुरेन और रजा को छोड़कर, पीबीकेएस ने किसी अन्य प्रमुख खिलाड़ी का अधिग्रहण नहीं किया और कहा, उन्होंने सैम करन को खरीदा। उन्हें आधार मूल्य पर सिकंदर रजा बहुत सस्ते में मिल गए।

# आर्मर्ड कॉर्प्स टीम ने फोर्ट विलियम पोलो चैलेंज कप पर जमाया कब्जा

**कोलकाता ।**

सेना की पूर्वी कमान के तत्वावधान में आयोजित कोलकाता पोलो सीजन-2022 के अंतर्गत फोर्ट विलियम चैलेंज कप का फाइनल मुकाबला महानगर के रायल कलकत्ता टर्फ क्लब (आरसीटीसी) के पैट विलियमसन पोलो ग्राउंड में खेला गया।

कॉर्प्स ऑफ आर्टिलरी और कॉर्प्स आफ आर्मर्ड टीम के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले में आर्मर्ड कॉर्प्स की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते देते हुए शानदार जीत हासिल की और ट्राफी पर कब्जा जमाया। दोनों ही टीमों ने शानदार खेल का परिचय दिया।

सेना के वरिष्ठ अधिकारियों और जवानों समेत बड़ी संख्या में लोगों ने इस मैच का लुफ्त उठाया। कर्नल नवनीत सिंह ने मैच रैफरी की भूमिका निभाई।



अधिकारियों ने बताया कि इस पोलो टूर्नामेंट के तहत राइजिंग सन पोलो कप का फाइनल व अंतिम मुकाबला 30 दिसंबर को इसी मैदान पर खेला जाएगा।


उसी दौरान विजेता टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा। बता दें कि इससे पहले 21 दिसंबर को यहां खेले गए आर्मी कमांडर्स पोलो कप का फाइनल मुकाबला बेहद ही रोमांचक रहा था और दो फाइनलिस्ट आर्मी सप्लाई कोर (एएससी) एवं आर्मर्ड कॉर्प्स- आर्टिलरी टीम के बीच खेला गया मैच दो-दो गोल से ड्रा रहा था। इसके बाद दोनों टीमों को इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का संयुक्त विजेता घोषित किया गया था। गौरतलब है कि पूर्वी सेना कमान की ओर से हर साल कोलकाता में पोलो टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है।

# क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शेन वॉर्न के सम्मान में वार्षिक पुरस्कार का नाम बदला

**मेलबर्न।**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने दिवंगत स्पिन दिग्गज शेन वार्न के सम्मान में टेस्ट क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए अपने शीर्ष वार्षिक पुरस्कार का नाम बदल दिया है। शेन वॉर्न मेन्स टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर अवार्ड हर साल ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट अवार्डस में प्रदान किया जाता है। एलन बॉर्डर मेडल, पुरुषों के लिए दूसरे सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है, जो सभी प्रारूपों में वर्ष के शीर्ष प्रदर्शनकर्ता को दिया जाता है।

पुरस्कार का नाम बदलने की घोषणा सोमवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में पारंपरिक बॉक्सिंग डे



टेस्ट के पहले दिन की गई। जब प्रतिष्ठित लेग स्पिनर को श्रद्धांजलि दी गई, जिनकी 4 मार्च, 2022 को संदिग्ध दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी।

सीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निक हॉकली ने इस अवसर पर कहा, ऑस्ट्रेलिया के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक के रूप में, यह उचित है कि हम टेस्ट क्रिकेट में वॉर्न के असाधारण योगदान को हमेशा के लिए उनके सम्मान में इस पुरस्कार का नाम देकर स्वीकार करें। उन्होंने कहा, वॉर्न टेस्ट क्रिकेट के एक शानदार गेंदबाज थे और आपको केवल उन सभी प्रशंसकों को देखना होगा जो बॉक्सिंग डे पर एमसीजी में अपनी फ्लॉपी हैट और जिंक में आए थे, यह महसूस करने के लिए कि खेल पर उनका कितना गहरा प्रभाव था।

उन्होंने आगे कहा, पूरा क्रिकेट समुदाय उनके जाने पर शोक मना रहा है और हमेशा की तरह हमारी संवेदनाएं वॉर्न के परिवार और दोस्तों, खासकर उनके बच्चों ब्रूक, जैक्सन और समर के साथ हैं।

यह घोषणा क्रिकेट ऑस्ट्रिया के पुरस्कारों से ठीक पहले आई है, जिसमें एलन बॉर्डर मेडल फॉर एन और बेलिंडा क्लार्क महिला पुरस्कार शामिल हैं, जो 30 जनवरी को प्रदान किए जाएंगे।

आईएलटी20 के शुरुआती सीजन से पहले

# भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा, पूरन एक खतरनाक खिलाड़ी

**नई दिल्ली।**

संयुक्त अरब अमीरात में आईएलटी20 के शुरुआती सीजन से पहले, भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का मानना है कि वेस्टइंडीज के विकेटकीपर-बल्लेबाज निकोलस पूरन एक खतरनाक खिलाड़ी हैं और अगर वह फॉर्म में आते हैं, तो उनकी टीम एमआई अमीरात को बहुत फायदा होगा। टी20 में अपनी पिछली 10 पारियों में सिर्फ 94 रन बनाकर पूरन की फॉर्म चिंता का एक बड़ा विषय रही है। ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप से वेस्ट इंडीज के पहले दौर से बाहर होने के झटके में, पूरन ने 5, 7 और 13 के स्कोर बनाए और टीम के व्हाइट-बॉल कप्तान के रूप में कदम रखा। सहवाग ने कहा, निकोलस पूरन एक खतरनाक खिलाड़ी हैं। जबकि टी20 विश्व कप में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं था, वह एक शानदार खिलाड़ी हैं। हाल ही में अबु धाबी टी10 पारी में, उन्होंने मात्र 20-25 गेंदों में



70-80 रन बनाए। अगर वह फॉर्म में आते हैं, तो इससे निश्चित रूप से एमआई अमीरात को फायदा होगा। सहवाग ने आगे कहा, और यह निश्चित रूप से अच्छी खबर है कि कीरोन पोलार्ड और ड्वेन ब्रेव जैसे दोनों ऑलराउंडर, जो मध्य क्रम में बल्लेबाजी करते हैं, अब एक टीम में खेल रहे हैं। यह निश्चित रूप से एमआई के लिए एक बढ़ावा होगा क्योंकि दोनों मैच विजेता हैं। छह टीमों के टूर्नामेंट में, इंग्लैंड के प्रमुख सफेद गेंद के हरफनमौला और हाल ही में टी20 विश्व कप विजेता मोईन अली शारजाह वारियर्स का नेतृत्व करेंगे। सहवाग को उम्मीद है कि वह टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करेंगे, जिसमें मोहम्मद नबी, नूर अहमद, रहमानुल्लाह गुरबाज, और नवीन-उल-हक जैसे अफगानिस्तान के क्रिकेटर भी हैं। उन्होंने कहा, मोईन अली का एक फायदा यह है कि वह एक ऑलराउंडर है। एक बाएं हाथ का खिलाड़ी जो ओपनिंग से लेकर 6 नंबर तक कहीं भी बल्लेबाजी कर सकते हैं और अच्छी गेंदबाजी कर सकते हैं। उन्होंने इंग्लैंड की राष्ट्रीय टीम की कप्तानी भी की है, वह विश्व कप विजेता है। इसलिए उनके पास खेलों को पढ़ने की मानसिकता है। वह शारजाह वारियर्स के लिए एक शानदार खिलाड़ी साबित होंगे। उन्होंने आगे कहा, जब वे आईएलटी20 खेलते हैं तो अफगानिस्तान के खिलाड़ियों को यह फायदा होगा कि जब वे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेलेंगे, तो वे खेल का आनंद लेते हुए सीखेंगे और सुधार करेंगे। अनुभव अफगानिस्तान क्रिकेट को भी बनाने में मदद करेंगे। टूर्नामेंट में वेस्टइंडीज के हरफनमौला खिलाड़ी आंद्रे रसेल भी थे, जो अबु धाबी नाइट राइडर्स के लिए खेलेंगे। उन्होंने कहा, आंद्रे रसेल की अच्छी बल्लेबाजी करने की क्षमता अभूतपूर्व है और यह अबु धाबी नाइट राइडर्स के लिए बहुत अच्छा होगा यदि वह बेहतर करते हैं। यदि उसके पास बल्लेबाजी करने के लिए पर्याप्त शॉट हैं, तो आपको बल्लेबाजी करने के लिए किसी और की आवश्यकता नहीं है। सहवाग ने आगे कहा, वह मैच को अकेले ही जिता सकते हैं। हमने अतीत में यह देखा है कि उन्होंने कठिन परिस्थितियों में मैच जीते हैं। उनकी गेंदबाजी को हमेशा कम करके आंका जाता है ।

### शुरू हुआ प्रीमियर लीग का त्योहारः लिवरपूल को 1000+ किमी दूरी तय करनी होगी

**लंदन।** न्यूकैसल यूनाइटेड को लीस्टर और लीड्स का सामना करना है। इन दो मैचों के लिए टीम को 1500+ किलोमीटर का सफर तय करना होगा। बोर्नमाउथ को चेल्सी और मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ खेलना है, जिसके लिए उन्हें कुल 1136.2 किमी का सफर तय करना होगा। ब्राइटन को भी आने वाले दिनों में अपने मैच खेलने के लिए लंबे समय प्लेन में रहना है। उनका होम मैच आर्सनल से है, जबकि अवे मैच में उनका सामना साउथम्पटन और एवर्टन से होगा, जो उनके सफर को 1084 किमी का बना देगा। इस सूची में अगला नाम मशहूर टीम लिवरपूल का है। लिवरपूल को एस्टन विला, लीस्टर और ब्रेंटफोर्ड से खेलना है। उनके दो मैच अवे है, जिस वजह से उन्हें 1007 किमी का सफर तय करना होगा।

शेविंग टिप्स

# सेन्सिटिव स्किन के लिए बड़े काम के हैं ये शेविंग टिप्स

**इंटरनेशनल जर्नल ऑफ डर्मेटोलॉजी के अनुसार, शेविंग करने वाले 30 प्रतिशत से ज्यादा पुरुषों को दा?ी बनाने के बाद त्वचा में जलन की शिकायत रहती है। यह समस्या खास तौर से उन लोगों में होती है, जिनकी त्वचा संवेदनशील है। यदि आप भी इस श्रेणी में आते हैं, तो त्वचा की हिफाजत करते हुए अच्छी तरह शेविंग कर सकते हैं, बशर्ते आप**



**कुछ मूलभूत बातों का ध्यान रखें।.........**

## याद करें पहला सबक

याद करें, जब आपने दाढ़ी बनाना शुरू ही किया था, तब आपने इसकी ए-बी-सी के रूप में क्या सीखा था। पहले चेहरा गीला कर लें, अपनी सुविधानुसार शेविंग क्रीम या ऑइल लगाएं और हमेशा उस दिशा में शेव करें, जिस दिशा में बाल उगते हैं। दरअसल बात यह है कि स्किन इरिटेशन का मुख्य कारण त्वचा पर ब्लेड का घर्षण ही होता है। इसलिए गौर करें कि कहीं आप गलत तरीके से तो शेव नहीं कर रहे। सभी पुरुषों के दाढ़ी-मूंछ के बाल एक जैसे नहीं होते। किसी के बाल मोटे तो किसी के पतले होते हैं, किसी के बाल रूखे तो किसी के घुमावदार। आपको अपनी त्वचा और अपने बाल के अनुसार रेजर चुनना चाहिए। मगर ध्यान रखें कि यह पुरानी सलाह भी हमेशा कारगर नहीं होती कि बाल उगने की दिशा में ही रेजर फिराना चाहिए। वैसे भी प्रत्येक हेयर फॉलिकल की कोई एक दिशा ही नहीं होती। हो सकता है कि आपको सही दिशा में शेव करते वक्त कुछ ज्यादा ही जोर लगाना पड़ रहा हो और इसी वजह से त्वचा को नुकसान हो रहा हो। इसलिए यदि आप पाते हैं कि बालों की दिशा से विपरीत दिशा में रेजर चलाने पर बेहतर शेव होती है और त्वचा में जलन नहीं होती, तो वैसे ही करें।

## गर्मी का लाभ लें

गर्म पानी इस्तेमाल करने से बाल मुलायम हो जाते हैं और उन्हें शेव करना आसान हो जाता है। साथ ही, इससे रोमछिद्र खुल जाते हैं। याद रखें, शेव कर लेने के बाद ठंडे पानी से चेहरा धोना भी उतना ही जरूरी है ताकि रोमछिद्र वापस बंद हो जाएं और उनमें धूल आदि का प्रवेश न होने पाए। यह त्वचा को साफ व स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है।

## त्वचा का रखें ध्यान

सिर्फ शेविंग के दौरान ही नहीं, अपनी त्वचा का ध्यान हमेशा ही रखना चाहिए। अच्छा स्किन हाइजीन बनाए रखें। कोई अच्छा मॉइश्चराइजर इस्तेमाल करें। सेंसिटिव स्किन के लिए अलग तरह के मॉइश्चराइजर आते हैं। दिन में दो बार किसी अच्छे फेसवॉश से चेहरा धोएं।



# सुबह-सुबह की ये आदतें बढ़ा देंगी आपका वजन

मोटापा कई बीमारियों की जड़ है। लेकिन आपको पता ही नहीं चलता कि इस मोटापा बढ़ने का कारण आपकी आदतें ही हैं। आज की लाइफस्टाइल ही कुछ ऐसी हो गई है कि इससे दूर रहना तब तक मुश्किल है जब तक कि आप खुद इस पर ध्यान नहीं देते। आप दिन की शुरूआत ही बुरी आदतों के साथ करते हैं।

सुबह के समय ऐसी गलतियां कर देते हैं जो कि वजन बढ़ने के लिए जिम्मेदार हो सकती है। यहां देखिए कहीं आप भी रोजाना सुबह ये 10 गलतियों को नहीं कर रहें।

## 1. देर तक सोना

पर्याप्त नींद जरूरी है लेकिन ज्यादा सोना भी उतना ही बुरा है जितना कि पर्याप्त नींद न लेना। यह साबित हो चुका है कि ज्यादा सोना डायबिटीज और दिल की बीमारियों का कारण बन सकता है। साथ ही यह वजन तो बढ़ाने में मदद करेगा ही।

## 2. पानी का पहला ग्लास

सुबह उठते ही आपका सबसे पहला काम होना चाहिए एक ग्लास पानी पीना। यह न्यूट्रीयेंट्स, टेम्परेचर या फूड डायजेशन को लेकर आपके शरीर को संतुलित बनाने में मदद करता है। साथ ही पेट में पानी हो तो आप ज्यादा खाने से बचोगे।

## 3. स्ट्रेचिंग

आपकी लूज मसल्स को स्ट्रेंथ देने का काम स्ट्रेचिंग करता है। सुबह स्ट्रेचिंग करने पर आपका शरीर आगे के दिन के लिए तैयार होता है। आपको इस एक्टिविटी में 20 मिनट देने की जरूरत नहीं है। आप इसके लिए तीन से चार मिनट दे तो भी एनर्जी पैदा कर सकते हैं।

## 4. मेडिटेशन से दूरी

अलसुबह मेडिटेशन सैशन करने से आपके वजन कम करने में मदद मिलेगी। डीप ब्रीदिंग और रिलेक्सिंग म्यूजिक आपके ब्लड प्रेशर और कोर्टिसोल लेवल को कम करने में मदद कर सकता है। कोर्टिसोल एक स्ट्रेस हॉर्मोन है जो कि वेट गेन और भूख के बढ़ने से संबंधित है।

## 5. ब्रिस्क वॉक भूल गए

ब्रिस्क वॉकिंग फिजिकल फिटनेस को सुधारने और वजन कम करने का शानदार तरीका हो सकता है। साथ ही इसका एक फायदा ये भी है कि इसमें कोई खास इक्विप्मेंट नहीं लगते और आप अपनी सुविधानुसार कभी भी कर सकते हैं।

## 6. ब्रेकफास्ट स्किप करना

अगर आप ब्रेकफास्ट नहीं करते हैं तो समझ जाइए कि आप मेटाबॉलिज्म के साथ पंगा ले रहे हैं। जब आप ब्रेकफास्ट करते हैं तो यह आपकी एनर्जी बढ़ाता है और ग्लूकोज लेवल स्थिर रखता है। ब्रेकफास्ट ब्लड में कोर्टसोल लेवल्स को कम करने में मदद करता है।

## 7. पहले फोन

जैसे ही आप सुबह आंखें खोलते ही फोन या लेपटॉप यूज करते हैं तो संभल जाइए। अगर आप भी ऐसा करते हैं तो आर आसानी से अपने पुशअप्स या ब्रेकफास्ट का समय खो देंगे।

## 8. आरामदायक हो कपड़े

काम पर जाने के लिए आपको अच्छा ड्रेसअप करना जरूरी है लेकिन अगर आपने टाइट ड्रेस, हाई हील्स पहनी है तो आप सीढ़ियों से जाना या फिर लंच ब्रेक पर क्विक वॉक नहीं कर पाएंगे।
अगर वजन कम करना आपका लक्ष्य है तो आरामदायक कपड़े और फ्लैट फुटवियर पहनें।

## 9. सूर्य की किरणें

नींद से जागने के बाद भी आप घर के परदे नहीं हटा रहे हैं तो आप सूर्य की रोशनी के वेट लॉस बेनेफिट मिस कर देंगे।

सूर्य की किरणें आपकी दोस्त हैं, यह प्राकृतिक रोशनी आपके दिमाग और शरीर कोएक्टिव रखने के लिए तैयार करती है। ज्यादाएनर्जी का मतलब आपके एक्सरसाइज करने की ज्यादा संभावना।

## 10. हाई कैलोरी स्नैक्स खाना

सुबह के समय पेट पूरा खाली रहता है। अगरऐसे में आप हाई कैलोरी स्नैक्स जैसे चिप्स, सैंडविच या बर्गर खाते हैं तो ये फैट में बदल जाते हैं और इससे मोटापा बढ़ सकता है।



घरेलू उपाय

# चेहरे पर ओपन पोर्स से छुटकारा पाने के लिए आजमाएं ये घरेलू उपाय



हम सभी अपने चेहरे पर मौजूद खुले रोमछिद्रों से काफी परेशान रहते हैं लेकिन हम इसका कोई उपाय नहीं ढूंढ़ पाते हैं। लेकिन अब परेशान होने की जरुरत नहीं है हम आपको बता रहे हैं आपको इनसे छुटकारा पाने के ये सरल उपाय।

हम आपके लिए लेकर आए हैं घर पर तैयार किये जाने वाले ये बेहद आसान टिप्स जिसे अपने चेहरे पर अप्लाय करके आप इन रोमछिद्रों से छुटकारा पा सकती हैं। बस आपको थोड़ा धैर्य रखने की जरुरत है।

## अंडे की सफेदी

चेहरे पर मौजूद बड़े आकर के रोम छिद्रों को हटाने का टेम्प्रेरी उपाय है अंडे की सफेदी का इस्तेमाल करना। अंडे के पीले भाग को अलग करके इसकी सफेदी को अपने चेहरे पर लगायें। 20 मिनट तक सूखने के बाद इसे साफ और ठंडे पानी से धो दें। आपके खुले रोमछिद्र बंद हो जायेंगे।

## स्टीम फेशियल

स्टीम फेशियल भी खुले रोमछिद्रों से गंदगी हटाने का एक सबसे सस्ता और आसान उपाय है। पानी को उबाल लें। इसे थोड़ा ठंडा होने के लिए रखें इसके बाद आप पैन के उपर अपने चेहरे को लगाकर स्टीम लेना शुरु करें। ध्यान रहे कि चेहरे की त्वचा जलने ना पाये। स्टीम लेने के बाद आप चेहरे को ठंडे पानी से धो दें।

## टमाटर का पल्प

टमाटर का पल्प निकाल कर इसे अपने चेहरे पर लगायें और दस मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद आप ठंडे पानी से चेहरा धो लें। आप इसे नियमित रुप से अपने चेहरे पर लगा सकती हैं क्योंकि ये एक प्राकृतिक टोनर है।

## मुल्तानी मिट्टी

मुल्तानी मिट्टी भी एक नेचुरल टोनर की तरह काम करता है। इसी कारण से इसे रोमछिद्रों को बंद करने के लिए उपयोग में लाया जाता है। मुल्तानी मिट्टी में थोड़ा पानी मिलाकर इसे थोड़ा चिपचिपा पेस्ट बना लें इसके बाद इसे अपने चेहरे पर लगायें। सूख जाने के बाद इसे ठंडे पानी से धो दें। आप पायेंगे कि आपके पोर्स धीरे-धीरे सिकुड़ रहे हैं और अंत में यह गायब भी हो जाता है।

## केमिकल पील्स

केमिकल पील्स को चेहरे पर पड़े मृत त्वचा को हटाने के लिए किया जाता है। ये ना ही सिर्फ डेड स्किन को हटाता है बल्कि स्किन टेक्सचर को भी सही करता है। हालांकि ये पूरी तरह से रोमछिद्रों को गायब नहीं करता है लेकिन इसका आकार जरुर छोटा कर देता है।

## फोटोफेशियल

फोटोफेशियल का इस्तेमाल स्किन से संबंधित काफी सारे प्रॉब्लम को खत्म करने के लिए किया जाता है इसी में से एक है बड़े रोमछिद्र। लाइट वेवलेंथ के कारण इस ट्रीटमेंट की मदद से बड़े रोमछिद्रों को कम किया जाता है। इससे रिजल्ट बहुत जल्द ही देखने को मिलता है।

# ठंड में ऐसे दें अपने घर को गर्माहट



ठंड की दस्तक के साथ ही मौका आ गया है, गर्मागर्म सूप, चाय, कॉफी आदि के मजे लेने का। लेकिन सर्द मौसम में गर्मागर्म चीजों का मजा लेने के बाद जब आप घर में इधर-उधर घर में नजर घुमाती हैं तो क्या आपको भी मौसम के अनुसार घर की सजावट में कुछ कमी नजर आती है? क्या आपका भी मन चाहता है कि घर का इंटीरियर भी गर्माहट देने वाला होना चाहिए? इंटीरियर डेकोरेटर, रीना उप्पल बताती हैं कि सर्दी के मौसम के अनुसार घर की सजावट करने के लिए आपको बहुत ज्यादा खर्च करने की जरूरत भी नहीं है, कुछ आसान-सी बातों को अपनाकर आप अपने घर को नया व ट्रेंडी लुक दे सकती हैं।

## पुराने स्वेटर से सजाएं घर

घर में उपलब्ध पुराने स्वेटर का इस्तेमाल करके आप कई प्रकार के क्राफ्ट बना सकती हैं। पुराने स्वेटर से आप सोफे व डाइनिंग चेयर के लिए कुशन, तकिया, फुट मैट, डेकोरेशन पीस आदि बना सकती हैं। इस मौसम में क्रोशिया से बुने ऊनी टेबल कवर भी काफी खूबसूरत लगते हैं। क्रोशिया से बुने सोफा कवर, मेजपोश आदि भी काफी आकर्षक दिखते हैं।

## रंग हों गर्माहट भरे

हर मौसम में अपने घर में नये प्रकार का रंग-रोगन करना तो संभव नहीं है। पर, आप किसी और तरीके से गर्माहट भरे रंगों जैसे नारंगी, लाल व नीला आदि को अपने घर की सजावट का हिस्सा बना सकती हैं। इसके अतिरिक्त आप कुछ गहरे रंगों जैसे पीला, चॉकलेटी, गाढ़ा भूरा आदि का इस्तेमाल भी घर की सजावट में कर सकती हैं। इन रंगों गर्माहट मिलती है। सॉलिड रंग के कुशन कवर का इस्तेमाल भी कॉन्ट्रास्ट में करें। वेलवेट और मखमल जैसे फैब्रिक पर सुनहरे काम वाले कुशन ठंड में घर की खूबसूरती निखारते हैं। साथ ही आप घर में गहरे नारंगी, लाल व बरगंडी रंग की एक्सेसरीज का प्रयोग भी कर सकती हैं। ये घर को गर्माहट के एहसास से भर देंगे।

## मौसम के अनुरूप हो फैब्रिक का चुनाव

ठंड के मौसम में घर में परदे, बेडशीड, कुशन कवर आदि में वेलवेट, फॉक्स फर जैसे फैब्रिक का इस्तेमाल करें। इस तरह के फैब्रिक से न सिर्फ घर को शाही अंदाज मिलेगा बल्कि आपको ठंड भी कम लगेगी। इसके अतिरिक्त कश्मीरी कढ़ाई या फिर वेलवेट पर जरदोजी के काम वाले पर्दे शालीन व राजसी शान देते हैं और सर्दियों के मौसम के लिए बेहद उपयुक्त होते हैं।

## कालीन जरूर बिछाएं

सर्दी के मौसम में फर्श बहुत ठंडी हो जाती है। इस ठंड से बचने और घर में गर्माहट भरने के लिए ठंड के मौसम में कालीन को अपने घर के इंटीरियर का हिस्सा जरूर बनाएं। बाजार में हर आकार और हर बजट में कालीन उपलब्ध हैं। पूरे घर में संभव नहीं है तो घर के जिस हिस्से में आप लोग सबसे ज्यादा वक्त बिताती हैं, वहां कालीन जरूर बिछाएं। आप चाहें तो छोटे-छोटे डोरमैट्स को एक साथ जोड़कर भी कालीन जैसा रूप दे सकती हैं।

## मोमबत्तियों से दोस्ती

खाने की मेज हो या फिर बैठक की सेंटर टेबल, इनको आप विभिन्न आकार-प्रकार व खुशबू वाली मोमबत्तियों से ठंड के मौस में जरूर सजाएं। सर्दियों की लंबी शामें इन मोमबत्तियों की सुनहरी मद्धिम रोशनी से गर्म व खूबसूरत हो उठेंगी।

## बोनफायर बनाएं

घर में बोनफायर के लिए जगह जरूर बनाएं। बोनफायर से घर में बेहद ही आरामदायक एहसास मिलता है क्योंकि इससे कमरे का तापमान संतुलित रहता है। अपने फर्नीचर को बोनफायर के आसपास ही रखें। इससे फर्नीचर पर बैठने वालों को बोनफायर से गर्मी मिलती रहती है।

## परत दर परत

जिस प्रकार आप सर्दी से बचने के लिए कपड़ों की लेयरिंग करके पहनती हैं, वैसे ही आप अपने बेडरूम में भी पलंग पर लेयरिंग इफेक्ट दे सकती हैं। चाहें तो एक सॉलिड रंग या फिर किसी मनमोहक डिजाइन पैटर्न के गर्म कंबल को चादर की तरह बिछाकर उस पर मखमल की रजाई बिछा सकती हैं। साथ ही अपने तकियों के साथ कुछ अतिरिक्तकुशन भी पलंग पर सजा सकती हैं। पलंग के दोनों ओर फर्श पर कार्पेट रनर बिछाना न भूलें।

## सर्दियों में खास पौधों से करें सजावट

आप चाहें तो एक-दो बड़े साइज के इंडोर पौधे जैसे एरिका पम या फिर क्रिसमस ट्री बड़े-बड़े खूबसूरत गमलों में कमरे के कोने में रखकर उनको कुछ रंग-बिरंगी फेयरी लाइट्स से सजा सकती हैं। ये जलती-बुझती रोशनी ठंडी रातों में गर्माहट का एहसास कराएगी। सर्दियों में गेंदा, गुलदाउदी, पैंजी, पिटुनिया के रंग-बिरंगे फूलों के गमले भी बेहद खूबसूरत दिखते हैं।



रेसिपी

## चिली पोपर्स



### सामग्री

हरी मिर्च: 200 ग्राम, मौजरैला
चीज़ :स्वादानुसार मैदा: 150 ग्राम
नमक- 1/2 छोटा चम्मच
एग वॉश
ब्रेड क्रस :
तेल : फ्राई करने के लिए

### विधि

सबसे पहले हरी मिर्च लें और इन्हें बीच में से काटकर अंदर से सारे बीज निकाल लें। उन्हें 10 से 12 मिनट तक पानी में भिगोकर रख दें। अब हरी मिर्च को पानी से निकाल कर उसमें चम्मच की सहायता से मोज़रैला चीज़ भरें। एक कटोरी लें, उसमें 150 ग्राम मैदा, 1/2 छोटा चम्मच नमक डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। इसके बाद हरी मिर्च को एग वॉश में डिप करें। फिर इसे मैदे और ब्रेड क्रस में रोल करें। इस प्रक्रिया को दोबारा दोहराएं ताकि यह कोट अच्छी तरह से हो। मध्यम आंच पर एक कढ़ाई में पर्याप्त तेल गर्म करें और हरी मिर्च को इसमें डालकर सुनहरा भूरा और खस्ता होने तक फ्राई करें। आपके चिली पोपर्स तैयार है। इन्हें गर्मा-गर्म परोसें।

## गुड़ वाले शक्कर पारे



### सामग्री

मैदा: 300 ग्राम
तेल: जरूरत अनुसार
पानी: 100 मिलीलीटर
सौंफ़: बड़ा डेढ़ चम्मच
गुड़: 250 ग्राम

### विधि

एक बाउल में 300 ग्राम मैदा और 80 मिलीलीटर तेल डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। फिर इसमें 100 मिलीलीटर पानी डालकर नर्म आटे की तरह गूंथ लें और 10 मिनट के लिए रख दें। आटा को 4 भागों में विभाजित करें और आटा के प्रत्येक हिस्से को बेलन की सहायता से आधा इंच मोटा बेल लें। अब चाकू की सहायता से इसे किनारों से काट लें। इसके बाद आटे को 2-3 इंच लंबी स्ट्रिप्स में काटें। मध्यम आंच पर एक कड़ाही में पर्याप्त तेल गर्म करें। इसमें आटे के काटे हुए पीस को डालकर भूरा और खस्ता होने तक फाई करें। फिर इसे असॉबेंट पेपर पर निकाल लें। एक अन्य कड़ाही में 80 मिलीलीटर तेल डालकर गर्म करें। इसमें बड़ा डेढ़ चम्मच सौंफ डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। इसके बाद इसमें 250 ग्राम गुड़ डालकर धीरे-धीरे हिलाएं, जब तक कि यह अच्छे से पिघल न जाएं। अब फाइड स्ट्रिप्स को गुड़ में डालकर जल्दी से मिस करें, ताकि सारी स्ट्रिप्स पर समान रूप से गुड़ चिपक जाए। इसे आंच से उतार कर ठंडा होने के लिए रख दें। आपके गुड़ वाले शकर पारे तैयार है।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय ) e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, ( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )